पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, रविवार, 26 अक्टूबर 2025 । वर्ष – 67 । अंक –188 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59

### कांग्रेस का एलआईसी पर बड़ा आरोप

# 33 हजार करोड़ अडानी ग्रुप को दिए

## अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से एलआईसी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार को एलआईसी (एलआईसी) पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि इसने 30 करोड़ पॉलिसी धारकों के पैसों का इस्तेमाल अडानी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के लिए किया। भारतीय जीवन बीमा निगम पर अडानी ग्रुप में 3.9 अरब डॉलर यानी करीब 33 हजार करोड़ रुपए निवेश करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा कि बीमा कंपनी ने अडाणी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के लिए मई 2025 में यह निवेश किया। पार्टी का कहना है कि ग्राहकों की मेहनत की कमाई का गलत इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस ने संसद की पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) से इसकी जांच की मांग की है।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा है, 'मीडिया में हाल में कुछ परेशान करने वाले खुलासे हुए हैं कि 'मोदानी जॉइंट वेंचर' ने कैसे व्यवस्थित तरीके से भारतीय जीवन बीमा निगम और इसके 30 करोड़ पॉलिसी धारकों की बचत का दुरुपयोग किया।' उन्होंने आगे लिखा, 'आंतरिक दस्तावेजों से खुलासा होता है कि मई 2025 में कैसे भारतीय अधिकारियों ने एलआईसी फंड से 33,000 करोड़ रुपए अडानी ग्रुप की विभिन्न कंपनियों में निवेश करवाया।'




- ग्राहकों की कमाई का गलत इस्तेमाल किया
- कांग्रेस ने की जेपीसी-पीएसी जांच की मांग

### जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया

कांग्रेस ने इसे 'मेगा घोटाला' बताते हुए कहा है कि इसकी जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ही कर सकती है। जयराम रमेश ने कहा, मोडानी मेगा घोटाला बेहद व्यापक है और इसमें ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग करके अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डालना, ताकि वे अपनी संपत्तियां अडानी समूह को बेच दें। हवाई अड्डों और बंदरगाहों जैसे महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर संसाधनों का पक्षपाती निजीकरण, ताकि उसका लाभ केवल अडानी समूह को ही मिले। राजनयिक संसाधनों का दुरुपयोग करके विभिन्न देशों में, खासकर भारत के पड़ोसी देशों में, अडानी समूह को ठेके दिलवाना। मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में असामान्य रूप से ऊंची कीमतों पर चुनाव–पूर्व बिजली आपूर्ति समझौते और चुनावी राज्य बिहार में एक बिजली संयंत्र के लिए हाल ही में 1 रुपये प्रति एकड़ की दर से भूमि का आवंटन आदि शामिल है।

### जब अडानी कर्ज में डूबे थे, तब किया निवेश : महुआ

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट पोस्ट की है, जिसके अनुसार गौतम अडानी जब इस साल की शुरुआत में भारी कर्ज में डूबे थे, अमेरिका में घूसखोरी के आरोपों का सामना कर रहे थे तब केंद्र सरकार और एलआईसी ने अडानी ग्रुप में निवेश किया।

**मोडानी मेगा घोटाला बेहद व्यापक है और इसमें जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके अन्य निजी कंपनियों पर दबाव डालना, ताकि वे अपनी संपत्तियां अडानी समूह को बेच दें:**
जयराम रमेश, कांग्रेस प्रवक्ता

# ड्राइवरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल पहले दिन रही बेअसर

## हड़तालियों ने जबरिया वाहनों को रोका, पुलिस की सख्ती से पीछे हटे




**रायपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार से च्स्टेयरिंग छोड़ो, चक्का जाम आंदोलनज्ज के तहत सड़को पर उतर आए। हड़ताल को समर्थन नहीं मिलने के चलते कुछ घंटों के बाद परिवहन पूरी तरह से सामान्य हो गया। राजधानी के बस स्टैंड सहित आसपास के इलाकों में बसों और मालवाहक वाहनों को हड़ताली ड्राइवरों जबरन रोका था। लेकिन बस मालिक संघ और ट्रक यूनियनों ने इसका विरोध किया।पुलिस की सख्ती के चलते सुबह 10 बजे तक हड़ताल का असर खत्म हो गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह 5 बजे से हड़ताली ड्राइवरों ने बस स्टैंड से यात्री बसों को रवाना नहीं होने दिया।इसी तरह शहर के चारों ओर, मंदिर हसौद, खरोरा, धमधा, कुरूद के समीप वाहनों को जबरिया रोकने की कारवाई की गई। बस्तर कोरापुट परिवहन संघ के अध्यक्ष सोनू सिद्दू के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डीजीपी से मुलाकात कर कारवाई की मांग।इसके बाद सभी जिलों की पुलिस सक्रिय हो गई। इधर महासंघ ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी और प्रदेशभर में कोई भी यात्री या मालवाहक वाहन सड़कों पर नहीं उतरेंगे। संगठन के सदस्यों ने पहले चक्काजाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की समझाइश के बाद वे सड़क किनारे धरना देने लगे।

ड्राइवरों की मुख्य मांगों में प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी लागू करने, ड्राइवर आयोग और ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड के गठन, कमर्शियल लाइसेंस पर बीमा की व्यवस्था, दुर्घटना में मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये और अपंगता की स्थिति में 5 लाख रुपये की सहायता राशि देने की मांग शामिल है इसके अलावा चालक हेल्थ कार्ड, 55 वर्ष की आयु पूरी होने पर पेंशन, ड्राइवरों के बच्चों को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण, राज्य के सभी जिलों में ड्राइवर स्मारक निर्माण और ड्राइवरों के साथ मारपीट या लूट की घटना पर पांच वर्ष तक के कठोर दंड का प्रावधान करने जैसी मांगें भी रखी गई हैं ड्राइवरों का कहना है कि लंबे समय से मांग पत्र सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई इस कारण मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा है। अब उनकी मांगे पूरी नहीं होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ड्राइवर महासंघ ने दावा किया है कि प्रदेशभर में करीब 50 से 60 हजार ड्राइवर संगठन से जुड़े हुए हैं और सभी ने एकजुट होकर इस हड़ताल का समर्थन किया है।

### सार संक्षेप

#### भारत ने पीओके में मानवाधिकार उल्लंघनों की निंदा की

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दे को एक बार फिर उठाने पर कड़ा जवाब देते हुए कहा है कि उसके लिए लोकतंत्र एक अजूबी अवधारणा है। भारत ने पाकिस्तान से अपने 'अवैध कब्जे' वाले क्षेत्रों में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों को तुरंत समाप्त करने की मांग की, जहां स्थानीय लोग सैन्य दमन और शोषण के खिलाफ खुला विद्रोह कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 80वें संयुक्त राष्ट्र दिवस के अवसर पर आयोजित खुले विचार-विमर्श में कहा कि, पाकिस्तान पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में व्यवस्थित दुरुपयोग को बढ़ावा दे रहा है।

#### बिहार कभी जंगलराज का शिकार नहीं होगा : शाह

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खगड़िया में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को छठ पर्व के अवसर पर संबोधित करते हुए बिहार के विकास और सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार कभी जंगलराज का शिकार नहीं होगा और बहू-बेटियां सुरक्षित रहेंगी। अमित शाह ने कहा, मैं छठ मैया से यही प्रार्थना करता हूं। मुझे लगा था कि छठ पर्व के बीच कौन आएगा, लेकिन पूरा पंडाल भर गया है।

#### लोन की राशि बढ़ाने का ड्राफ्ट सर्कुलर जारी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक नया ड्राफ्ट सर्कुलर जारी किया है, जिसमें भारतीय कंपनियों को घरेलू या विदेशी फर्मों में पूरा या कंट्रोलिंग स्टेक खरीदने के लिए बैंकों द्वारा लोन की राशि बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है। केंद्रीय बैंक की ओर से इन मानदंडों को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने का प्रस्ताव दिया गया है। बैंक द्वारा दिया जाने वाला यह लोन शॉर्ट-टर्म फाइनेंशियल रीस्ट्रक्चरिंग के बजाय लॉन्ग-टर्म वैल्यू बनाने वाले स्ट्रेटेजिक इन्वेस्टमेंट का हिस्सा होगा।

#### दिल्ली में एक्यूआई 400 पार, अस्थमा के मरीज बढ़े

**नई दिल्ली।** दीवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई लेवल 412 दर्ज किया गया। जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है। कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है।

# मुखबिरी के शक में दो युवकों की बेरहमी से हत्या

## नक्सलियों का फिर कायराना चेहरा उजागर

**बीजापुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने अपनी कायराना हरकत को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक, उसूर ब्लॉक के ग्राम नेल्लाकांकेर में नक्सलियों ने दो युवकों की निर्मम हत्या कर दी। मारे गए युवकों की पहचान रवि कट्टम और रवि सोढ़ी के रूप में हुई है, जो दोनों ग्राम नेल्लाकांकेर के ही निवासी बताए जा रहे हैं।





सूत्रों के अनुसार, नक्सलियों ने दोनों युवकों पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए उन्हें गांव के पास पकड़ लिया और निर्मम तरीके से मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मामले की जानकारी मिलने पर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि च्घटना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर रवाना की गई है। प्रारंभिक जांच में यह नक्सल घटना प्रतीत हो रही है।ज्पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नक्सली आए दिन क्षेत्र में आम लोगों पर मुखबिरी के शक में अत्याचार कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटना में शामिल नक्सलियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से एक बार फिर साबित होता है कि नक्सली विचारधारा अब केवल हिंसा और आतंक का पर्याय बन चुकी है, जहां निर्दोष ग्रामीणों की जान लेना इनकी 'क्रांति' का हिस्सा बन चुका है।

# अभिनेता सतीश शाह का निधन



**मुंबई,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां) प्रसिद्ध हास्य कलाकार सतीश शाह का शनिवार को 74 साल की उम्र में निधन हो गया। 'ये जो है जिंदगी' और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे धारावाहिकों में दमदार अभिनय से मशहूर हुए श्री सतीश शाह किडनी संबंधी समस्याओं से ग्रसित थे और हाल ही में उनका किडनी ट्रांसप्लांट भी हुआ था। उनके मैनेजर रमेश ने उनके निधन की जानकारी देते हुए बताया कि श्री शाह का पार्थिव शरीर अस्पताल में ही है और उनका अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा। श्री शाह ने मैं हूं ना, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, और 'ओम शांति ओम' जैसी कई अन्य फिल्म में दमदार भूमिका निभाकर दर्शकों के बीच अपनी अलग छाप छोड़ी है। गुजरात के मांडवी में 25 जून 1951 में जन्मे सतीश रविलाल शाह ने जेवियर्स कॉलेज से स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान में शिक्षा ली। श्री शाह ने 250 से अधिक फिल्मों और कई टेलीविजन सीरियल में काम किया है। चार दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर में शाह फिल्मों और टेलीविजन दोनों में अपनी यादगार भूमिकाओं के जरिए घर–घर में मशहूर हुए।

- किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे शाह
- साराभाई वर्सेज साराभाई से प्रसिद्ध हुए थे

### महिला विश्व कप

# इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से हुई छेड़छाड़



**बीजापुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने अपनी कायराना हरकत को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक, उसूर ब्लॉक के ग्राम नेल्लाकांकेर में नक्सलियों ने दो युवकों की निर्मम हत्या कर दी। मारे गए युवकों की पहचान रवि कट्टम और रवि सोढ़ी के रूप में हुई है, जो दोनों ग्राम नेल्लाकांकेर के ही निवासी बताए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, नक्सलियों ने दोनों युवकों पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए उन्हें गांव के पास पकड़ लिया और निर्मम तरीके से मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मामले की जानकारी मिलने पर एडिशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि च्घटना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर रवाना की गई है। प्रारंभिक जांच में यह नक्सल घटना प्रतीत हो रही है।ज्पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नक्सली आए दिन क्षेत्र में आम लोगों पर मुखबिरी के शक में अत्याचार कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि घटना में शामिल नक्सलियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से एक बार फिर साबित होता है कि नक्सली विचारधारा अब केवल हिंसा और आतंक का पर्याय बन चुकी है, जहां निर्दोष ग्रामीणों की जान लेना इनकी 'क्रांति' का हिस्सा बन चुका है।

- पुलिस ने एक संदिग्ध को किया गिरफ्तार
- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान जारी किया

# प्रदेश में पांच हजार शिक्षकों की होगी भर्ती

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य शासन के वित्त विभाग ने 5000 शिक्षकों के पदों पर भर्ती की सहमति प्रदान कर दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री साय की उस घोषणा के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने प्रदेश के शैक्षणिक ढांचे को मज़बूत बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

श्री साय ने कहा कि शिक्षा किसी भी राज्य की प्रगति की नींव होती है, और छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चे तक ज्ञान और अवसर दोनों पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह भर्ती न केवल शिक्षण व्यवस्था को गति देगी बल्कि युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी सृजित करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने वित्त विभाग द्वारा दी गई सहमति को 'नए छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम' बताया। 5000 पदों हेतु शिक्षा विभाग शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करेगा। इन पदों की पूर्ति से ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होगी, जिससे शिक्षण की निरंतरता और गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रदेश में शिक्षकों की कमी लंबे समय से एक प्रमुख चुनौती रही है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता सीमित थी। नई भर्ती से इन क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे बच्चों को अब अपने ही गाँव और क्षेत्र में बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, यह पहल प्रदेश में शिक्षण के स्तर को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने में सहायक सिद्ध होगी।

- मुख्यमंत्री साय की घोषणा पर अमल

## भारत का पहला अत्यधिक गरीबी मुक्त राज्य बनेगा केरल

**तिरुवनंतपुरम,** 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्वतंत्र भारत के 77 वर्षों के इतिहास में पहली बार कोई राज्य अत्यधिक गरीबी को पूरी तरह समाप्त करने की दहलीज पर है। केरल सरकार ने घोषणा की है कि 1 नवंबर को राज्य के गठन दिवस पर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन आधिकारिक रूप से केरल को 'अत्यधिक गरीबी मुक्त' घोषित करेंगे। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने घोषणा की है कि 1 नवंबर 2025 को केरल पिरवी (केरल स्थापना दिवस) के अवसर पर केरल को भारत का पहला 'अत्यधिक गरीबी मुक्त' राज्य घोषित किया जाएगा। यह उपलब्धि 2021 में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार द्वारा शुरू किए गए 'एक्सट्रीम पॉवर्टी एराडिकेशन प्रोजेक्ट' (ईपीईपी) का परिणाम है, जो नवकेरल मिशन का हिस्सा है।

### उमर अब्दुल्ला ने भाजपा के गुप्त समर्थकों पर साधा निशाना

# राज्यसभा चुनाव में कुछ विधायकों ने हमें धोखा दिया

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में राज्यसभा चुनाव के नतीजों के बाद, जहां भाजपा के सत शर्मा ने चार में से एक सीट जीत ली, और क्रास–वोटिंग के आरोपों से प्रभावित नतीजों के बाद, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'गुप्त समर्थकों' पर निशाना साधा। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए, उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस – नेकां, ने पूरी प्रतिबद्धता और अपने सहयोगियों के समर्थन से चुनाव लड़ा था, लेकिन कुछ विधायकों ने पार्टी के विश्वास को तोड़ दिया। उमर ने कहा कि हमने चारों सीटों के लिए अपनी पूरी कोशिश की। जैसा कि मैंने कहा, अंत में, कुछ विधायकों ने हमें धोखा दिया, और मैं उनका नाम नहीं लेना चाहता क्योंकि लोग पहले से ही जानते हैं कि वे कौन हैं।



- अंदरूनी विश्वासघात से चौथी सीट हारे

नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवारों का समर्थन करने के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस का आभार व्यक्त करते हुए, उमर ने कहा कि पार्टी के अंदरूनी विश्वासघात के कारण उसे चौथी सीट गंवानी पड़ी। उन्होंने कहा कि मैं पीडीपी और कांग्रेस को नेशनल कांफ्रेंस के पक्ष में वोट देने के लिए धन्यवाद देता हूं। इस बात की कोई चिंता नहीं है कि इन लोगों ने हमें धोखा दिया। ऐसे लोग हमारी संगति का आनंद लेते थे और आखिरकार जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब उन्होंने हमें धोखा दिया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि नेकां के तीनों विजयी राज्यसभा सदस्य जम्मू कश्मीर के लोगों का ईमानदारी से प्रतिनिधित्व करेंगे और राज्य के दर्जे की बहाली, क्षेत्रीय पहचान की रक्षा और आम लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों सहित महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाएंगे।

उमर ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस हर मंच पर जम्मू कश्मीर की आकांक्षाओं को आवाज देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे प्रतिनिधि न केवल राज्य के दर्जे की मांग उठाएंगे, बल्कि इस केंद्र शासित प्रदेश के हर नागरिक से जुड़े मुद्दों को भी उजागर करेंगे। जानकारी के लिए प्रदेश में नेकां ने तीन सीटें जीतीं, जबकि भाजपा एक सीट हासिल करने में कामयाब रही।

### नसीहत — एफएटीएफ की पाक को दो टूक

# 'ग्रे लिस्ट' से निकलने का मतलब टेरर फंडिंग से 'छूट' नहीं

पेरिस, 25 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक आतंक वित्तपोषण पर नजर रखने वाली संस्था 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (एफएटीएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को यह समझना चाहिए कि अक्टूबर 2022 में उसे 'ग्रे लिस्ट' से बाहर किए जाने का मतलब ये नहीं है कि अब उस पर आतंकवाद की फंडिंग या मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर निगरानी नहीं होगी।

*फ्रांस में आयोजित एफएटीएफ की बैठक के बाद संस्था की अध्यक्ष एलिसा दे आंडा माद्राजो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान समेत सभी देशों को अवैध आर्थिक गतिविधियों से निपटने के लिए सतर्क और प्रतिबद्ध रहना चाहिए, भले ही उन्हें ग्रे लिस्ट से हटा दिया गया हो। मद्राजो ने कहा, 'कोई भी देश जो ग्रे लिस्ट में रहा है, वह अपराधियों की गतिविधियों के प्रति पूरी तरह सुरक्षित नहीं है – चाहे वे धन शोधन करने वाले हों या आतंकवादी। इसलिए हम सभी देशों से अपील करते हैं कि वे ऐसे अपराधों को रोकने के लिए अपने प्रयास जारी रखें।' पाकिस्तान को अक्टूबर 2022 में ग्रे लिस्ट से हटाया गया था, लेकिन उस पर यह देखने के लिए निगरानी जारी है कि वह आतंक वित्तपोषण के खिलाफ उठाए गए कदमों को ठीक से लागू कर रहा है या नहीं। चूंकि पाकिस्तान एफएटीएफ का सदस्य नहीं है, इसलिए इस पर निगरानी का काम एशिया पैसिफिक ग्रुप (एपीजी) कर रहा है। एफएटीएफ प्रमुख ने बताया कि ग्रे लिस्ट में वे देश शामिल होते हैं जिनकी आतंक वित्तपोषण और मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने की व्यवस्था में गंभीर खामियां पाई जाती हैं। उन्होंने कहा, 'ग्रे लिस्ट से बाहर होना प्रक्रिया का अंत नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि देश अपनी प्रणालियों को मजबूत करेंगे और उन खामियों को दूर करेंगे जिनका अपराधी फायदा उठाते हैं।'*

- अपराधों को रोकने के लिए अपने प्रयास जारी रखें

***ट्रेनिंग कैंप चला रहे आतंकी संगठन***– *यह बयान ऐसे समय आया है जब रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैसे जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) डिजिटल वॉलेट और छिपे हुए वित्तीय नेटवर्क का इस्तेमाल करके अपने ट्रेनिंग कैंप चला रहे हैं। भारत की 'नेशनल रिस्क असेसमेंट रिपोर्ट 2022' ने भी पाकिस्तान को आतंक वित्तपोषण के बड़े स्रोत के रूप में चिन्हित किया है, खासकर उन संगठनों के जरिए जो वहां की सरकारी संस्था 'नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स' (एनडीसी) से जुड़े हैं।*

# रजत जयंती पर कृषक गोष्ठी-पशु मेला का आयोजन

**फरसगांव**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, केशकाल ब्लाक के ग्राम चारभाटा, में 24 अक्टूबर 2025 को आत्मा योजना के अंतर्गत एक भव्य कृषक गोष्ठी एवं पशु मेला का सफल आयोजन किया गया। इस च्रजत जयंती कार्यक्रमज्ञ का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और पशुपालन के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें प्रोत्साहित करना था।

**आकर्षण का केंद्र बनी उन्नत पशु प्रदर्शनी—**

मेला स्थल पर विभिन्न ग्रामों के किसानों ने उन्नत नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन किया। गायों में साहिवाल और गिर जैसी उन्नत नस्लें, उच्च गुणवत्ता के बकरे, स्थानीय लड़ाकू मुर्गे असील ने सबका ध्यान खींचा। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण स्थानीय स्तर पर देवपूजा के लिए पाले जाने वाले घोड़े थे, जिसके पालक ने सदियों पुरानी परंपरा को साझा किया। तकनीकी कमेटी ने उन्नत पशुओं का आकलन किया और सर्वश्रेष्ठ को आकर्षक इनाम व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

**वैज्ञानिकों ने दिया उन्नत कृषि का मंत्र**

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र कुमार ठाकुर ने कृषि की उन्नत तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन के महत्व पर जोर दिया और कोंडागांव जिले में सूक्ष्म सिंचाई विधि द्वारा सब्जी की खेती की अपार संभावनाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। इसके अतिरिक्त, जिले की प्रमुख फसल मक्का में लगने वाले हानिकारक कीट च्फाल आर्मी वर्मज्ञ के नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. ठाकुर ने छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को हार्दिक बधाई दी।

**सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील-**

जनपद सदस्य श्रीमती सुमित्रा नेताम ने किसानों को कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य पालन सहित सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उन्नत खेती की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ विकास कृषि अधिकारी हेमलाल पद्माकर ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और शासन की समस्त योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



**उन्नत खेती और पशुपालन पर जोर**

उद्यान विभाग के अधिकारी राजेंद्र मंडावी ने विभाग की योजनाओं के बारे में बताते हुए किसानों को उन्नत किस्म के सब्जी बीज भी वितरित किए। टाटीरास के सरपंच राकेश नेताम और अन्य प्रगतिशील कृषकों ने अपने सफल अनुभव साझा किए कि कैसे सूक्ष्म सिंचाई विधि का उपयोग करके कम समय में ककड़ी की खेती से अधिक लाभ कमाया जा सकता है।

**पशुधन और स्वास्थ्य पर जागरूकता**

उपसंचालक पशुधन विभाग डॉ. एमबी सिंह और उनकी टीम ने पशुधन विभाग की योजनाओं, पशुओं में होने वाले रोगों और उनके टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से बताया, किसानों और पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषकों एवं पशु पालकों को सम्मानित भी किया गया।

ग्राम चारभाटा के सरपंच देवीलाल मंडावी ने सभी आगंतुक अधिकारियों और किसानों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न गाँवों के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आत्मा परियोजना से श्रीमती साधना नेताम (एटीएम) और श्रीमती नेहा ठाकुर (बीटीएम) समेत कृषि, पशुधन और उद्यान विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी कर आयोजन को सफल बनाया।

# बड़े-डोंगर मंडल में विकास की सौगात!

## विधायक नीलकंठ टेकाम ने किया 15 लाख के पुल-सड़क का भूमिपूजन

**फरसगांव**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। केशकाल विधानसभा क्षेत्र के बड़े डोंगर मंडल में विकास कार्यों को गति मिली है। विधायक नीलकंठ टेकाम ने हाल ही में क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और विकास की सौगात दी। ग्राम फुटान चांदागांव में लगभग15 लाख की लागत से बनने वाले आरसीसी पुल एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र में सुगम आवागमन और समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



विधायक श्री टेकाम ने इस अवसर पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि, च्जनता की सुविधा और गांवों का विकास ही हमारी प्राथमिकता है, हर गांव तक विकास की सौगात पहुंचाना हमारा संकल्प है ज्ञ

**धार्मिक और सांस्कृतिक सद्भाव-**

विकास कार्यों के भूमिपूजन के साथ ही, विधायक ने चिंगनार के बूढ़ादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और ग्राम पंचायत मैंनपुर के आश्रित ग्राम फुटान चांदागांव में आयोजित त्रि-दिवसीय श्रीरामकथा का भी शुभारंभ किया। उन्होंने ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि ये ग्रामीण जीवन में आस्था, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे और रामकथा श्रवण का पुण्य लाभ लिया।

गांववासियों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक श्री टेकाम का हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस दौरा कार्यक्रम में विधायक के साथ रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, झारी सलाम, हेमचंद देवागन, महेंद्र कुमार सलाम, जुगधर मरापी, सुकदेव सोरी, फुलसिहं नाग सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आवागमन होगा आसान, विकास को मिलेगी रफ्तार!**

फुटान चांदागांव में पुल और सड़क का निर्माण ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा। इस परियोजना से स्थानीय लोगों के लिए खेतों तक पहुंचना और मुख्य सड़कों से जुड़ना काफी आसान हो जाएगा, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी। विधायक नीलकंठ टेकाम का यह दौरा उनकी जनता के प्रति समर्पण और गांवों को प्राथमिकता देने की नीति को दर्शाता है।

# छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन विषय पर कार्यशाला आयोजित

**कोण्डागांव,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। 24 अक्टूबर को शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव सुबह 11 बजे एवं शासकीय महेश बघेल दंडकारण्य महाविद्यालय केशकाल में दोपहर 2 बजे शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में स्टार्टअप छत्तीसगढ़ आइडियाथान 2025 कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कार्यशाला में उपस्थित युवाओं से संवाद करते हुए उनके आइडिया और अभिनव विचारों को जाना और कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसके समाधान के आइडिया के साथ स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। उन्होंने 'छत्तीसगढ़ आइडियाथॉन' को शासन की महत्वपूर्ण पहल बताते हुए अधिक से अधिक युवाओं को पंजीयन हेतु प्रोत्साहित किया, जिससे उनके नवाचार को नया मंच मिल सके।



इसके बाद मुख्य प्रवक्ता डॉ.देवेन्द्र मरावी शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर द्वारा विद्यार्थियों को स्टार्टअप एवं जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों के बीच नवाचार उद्यमिता और समावेशी भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं छत्तीसगढ़ आइडियाथान में छात्र छात्राओं को पंजीयन की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। साथ ही अधिक से अधिक छात्रों को पंजीयन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर डॉ.नीरज कुमार वर्मा, प्रभारी महा प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव श्रीमती कुसुमलता नेताम, शासकीय गुण्डापुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागांव सहायक प्राध्यापक डॉ.किरण नुरेटी एवं प्राचार्य सहित अन्य शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुनर्वास केन्द्र में सुविधाओं की ली समीक्षा बैठक

**रायपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज अपने बीजापुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास केंद्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।



शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनर्वास केंद्र में रह रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों की बुनियादी आवश्यकताओं का संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि उनके दैनिक जरूरतों जैसे नाश्ता, भोजन, वस्त्र, खेलकूद की सामग्री, योगाभ्यास और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए साथ ही उनके लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन-प्रशासन के वरिष्ठ जनों से नियमित संवाद की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**आत्मसमर्पित नक्सलियों के कल्याण व पुनर्वास हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्वास केंद्र में रह रहे लोगों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उनकी रुचि एवं योग्यता के अनुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे वे मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए परिजनों से मिलने की तिथि तय करने एवं यदि उनके परिवारजन किसी जेल में बंद हैं, तो उनसे मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। शर्मा ने कहा कि सभी पुनर्वासित व्यक्तियों को कम से कम एक बार रायपुर भ्रमण (एक्सपोज़र विज़िट) पर ले जाया जाए, ताकि वे समाज और विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके साथ ही उन्होंने पुनर्वास केंद्र के प्रत्येक सदस्य को नि:शुल्क मोबाइल फोन उपलब्ध कराकर परिवार नियमित संपर्क बनाए रखने में सहयोग करने को कहा। बैठक में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा, बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन वाय सहित अन्य जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# बकावंड विखं के दो रेत खदान के आबंटन के लिए इलेक्ट्रॉनिक नीलामी

**जगदलपुर,** 24 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत ;उत्खनन एवं व्यवसायद्ध नियमए 2025 के नियम.7 अंतर्गत बकावंड विकासखंड के ग्राम कोरपाल. कानापाल और बालपुटी में रेत खदान के आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक निलामी ;रिवर्स ऑक्शनद्ध के माध्यम से रेत उत्खनन पट्टा आवंटन किया जाना हैए जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों की निविदा आमंत्रित किया गया है। जिसकी विस्तृत जानकारी तथा जिला कार्यालय ;खनिज शाखाद्ध जगदलपुर ग्राम पंचायतध्जनपद पंचायतध्जिला पंचायत के सूचना पटल पर प्रदर्शित किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक निलामी ;रिवर्स ऑक्शनद्ध हेतु तकनिकी एवं वित्तीय बोली प्रारंभिक तिथि 14 नवम्बर 2025 तथा अंतिम तिथि 20 नवंबर 2025 तक जमा की जाएगी। बोलीयां केवल ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी।

# जिले में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के संबंध में दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोण्डागांव,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत् जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु रणनीति व कार्ययोजना अनुसार 31 मार्च 2029 तक जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है। जिसके तहत् वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के 40 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त जिला घोषित किया जाना है। जिस हेतु जिले के ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में विगत 2 वर्षों से बाल विवाह के प्रकरण की संख्या शुन्य है। अत: समस्त जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं समस्त नागरिकों से आग्रह है कि उक्त ग्राम पंचायतों में बाल विवाह के संबंध में विगत 2 वर्षो से दर्ज प्रकरण के संबंध में कोई भी जानकारी हो तो साक्ष्य एवं दस्तावेज सहित दावा आपत्ति कर सकते हैं। उक्त संबंध में किसी प्रकार का आपत्ति होने पर एक सप्ताह के भीतर कार्यालय कलेक्टर, जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कोण्डागांव में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकते है। बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों की प्रस्तावित सूची जिले की वेबसाईट में अवलोकन कर सकते हैं।

# मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गांडा समाज ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**कोण्डागांव,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। सुश्री लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा एवं विधायक कोंडागांव के माध्यम से मुख्य मंत्री से चर्चा करके उनसे मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गांडा समाज का प्रदेश स्तरीय बूढ़ादेव महोत्सव 2025 कार्यक्रम हेतु समय मांगने के लिए समाज के प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने मुख्य मंत्री से मुलाकात किए गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रदेश स्तरीय बूढ़ादेव महोत्सव 2025 का कार्यक्रम 16 अक्टूबर को होना था, परंतु मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के बिहार चुनाव प्रचार में जाने के कारण यह कार्यक्रम नहीं हो पाया था।



**प्रदेश स्तरीय बूढ़ादेव महोत्सव के लिए**

जिसपर 24 अक्टूबर को मुख्य मंत्री से चर्चा करके उनसे पुन: समय मांगकर प्रदेश स्तरीय बूढ़ादेव महोत्सव 2025 कार्यक्रम को आगामी 17 नवंबर 2025 को सम्पन्न करना तय किया गया है। बताया गया कि बूढ़ादेव महोत्सव-2025 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय मुख्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रूढ़िप्रथा, रीति रिवाज, संस्कृति, संस्कार के निर्वाहक गांडा समाज प्रकृति पूजक प्रकृति के देवता बूढ़ादेव का पूजक सकल सृष्टि की अमन चैन सुख शांति के लिए किया जाना है।

बैठक एवं मुख्य मंत्री से मुलाकात के दौरान प्रदीप कुलदीप अध्यक्ष छत्तीसगढ़िया सर्व गांडा समाज छत्तीसगढ, सुशील दर्रा अध्यक्ष अंदकुरी गांडा समाज समन्वय समिति छत्तीसगढ़ सहित ओम प्रकाश मंडावी, वीरेंद्र बघेल जिला अध्यक्ष युवा सह प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.किरण बघेल, रोशन बघेल, मोहनसिंह गंधर्व, डी.एस.नाग, संतोष चौहान, विक्रम सरित, दिलीप कोर्राम, डीलेंद्र पोयाम, आसमति पोयाम, पिंकी कोर्राम, रितु बघेल आदि सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रदेश स्तरीय बूढ़ादेव महोत्सव 2025 पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर समाजिकजनों में भारी उत्साह नजर आ रहा है।

# बोरगांव बाजार पारा में अगले बरस तू जल्दी आना की कामना के साथ मां काली की प्रतिमा का विसर्जन

**फरसगांव,** 25 अक्टूबर। दीपावली के पावन अवसर पर बोरगांव बाजार पारा स्थित काली मंदिर में इस वर्ष माँ काली की पूजा-अर्चना के बाद उनकी प्रतिमा का विसर्जन अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। विसर्जन के दौरान पूरा गांव भक्तिमय और उल्लास से सराबोर रहा।



काली पूजा के उपरांत, माता रानी की मनोहारी प्रतिमा को पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा के रूप में भ्रमण कराया गया। यह शोभायात्रा इतनी आकर्षक थी कि इसे देखने के लिए सड़कों पर भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्रद्धालु डीजे की भक्तिमय धुनों पर नाचते-गाते चल रहे थे, जिससे माहौल पूरी तरह से उत्साह और भक्ति से भर गया था।

शोभायात्रा गांव का भ्रमण करते हुए तालाब के पास पहुंची, जहाँ माता रानी को जल में प्रवाहित करने से पहले अंतिम पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया। तालाब किनारे बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने आरती में भाग लिया और माता रानी के जयकारे लगाए।

आरती-पूजा के पश्चात, नम आंखों और श्रद्धा से भरे हृदय के साथ माँ काली की प्रतिमा को जल में प्रवाहित कर दिया गया। विसर्जन के समय उपस्थित सभी भक्तों ने एक स्वर में च्अगले बरस तू जल्दी आनाज्ञ की कामना करते हुए माता रानी को भावभीनी विदाई दी। यह विसर्जन पर्व दीपावली के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और अधिक गहरा कर गया।

# कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा की

**कोण्डागांव,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीम तहसीलदार, खाद्य विभाग, सहकारी बैंक और जिला विपणन अधिकारी, जिले के समिति प्रबंधक, खरीदी प्रभारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर, उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में धान खरीदी के संबंध में जारी शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने इस दौरान धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और किसान पंजीयन की समितिवार जानकारी लेते हुए इसे शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए और कहा कि धान उपार्जन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश देते हुए सभी समितियों में नमी मापक यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बांट का उपयोग करने और धान भंडारण के लिए पर्याप्त स्थान न होने पर नए स्थानों का प्रस्ताव देने को कहा। साथ ही शासन के निर्देशों के अनुसार धान भंडारण की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपार्जन केंद्रों पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, बैनर और कम्प्यूटर जैसी सुविधाओं को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए। धान खरीदी के लिए बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध कार्ययोजना तैयार करने को कहा। टोकन जारी करने से पहले ओटीपी आधारित आधार सत्यापन अनिवार्य होगा।

**15 नवंबर से होगी धान खरीदी, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण**

**'धान के अवैध आवक पर रहेगी कड़ी निगरानी'**

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी, जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगा। खरीदी अवधि में अन्य राज्यों से धान के आवक पर प्रतिबंध रहेगी और कड़ी निगरानी के साथ ही व्यापारी कोच्चियों पर नजर रहेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में धान खरीदी के संबंध में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी खाद्य अधिकारी एवं जिला विपणन अधिकारी द्वारा दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सुपोषित जीवन अभियान पर कार्यशाला आयोजित

**कोण्डागांव,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में 24 अक्टूबर को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत च्सुपोषित जीवन अभियानज्ञ पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जहां सभी सेक्टर सुपरवाइज़र, महिला आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, सीडीपीओ एवं फ़ील्ड डिपार्टमेंट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों के सेहत की निगरानी के साथ ही निर्धारित आहार सुनिश्चित करके बच्चों को सुपोषण स्तर पर लाने के लिए प्रत्येक बच्चे के लिए पोषण साथी नियुक्त करने और इस कार्य के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर देते हुए सभी सुपरवाईजर को अपने-अपने क्षेत्रों के आंगन बाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने कुपोषण दूर करने हेतु सामुदायिक सहभागिता पर दिया जोर**

जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने बच्चों के अभिभावकों को उनके बेहतर देखभाल हेतु प्रोत्साहित करने और पंचायतों की सक्रिय भागीदारी और विभागीय समन्वय पर जोर दिया।

वहीं पिरामल फाउंडेशन के जिला लीड प्रदीप राव भारत कॉलेबोरेटिव टीम ने अभियान की रूपरेखा, उद्देश्यों तथा समुदाय स्तर पर चल रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सुपोषित जीवन अभियान के माध्यम से जिले में कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों का निर्माण और पोषण व्यवहार में सुधार प्रमुख लक्ष्य हैं।


जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे ग्राम स्तर पर सक्रियता से काम करें और प्रत्येक आंगन बाड़ी केंद्र में बच्चों एवं माताओं के पोषण स्थिति पर विशेष ध्यान दें।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान के अंतर्गत आने वाले सप्ताह में मशाल रैली का आयोजन, गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों की पीएम मैपिंग, तथा गोद लेने की प्रक्रिया सभी ब्लॉकों में एक साथ प्रारंभ की जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि सुपोषित जीवन अभियान को जन आंदोलन के रूप में सफल बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल, बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र सोनी सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### भूधर प्रसाद वर्मा



**रायपुर,** 25 अक्टूबर। ग्राम निलजा (सारागांव) निवासी भूधर प्रसाद वर्मा कोषाध्यक्ष डंगनिया इकाई रायपुर का स्वर्गवास 25 अक्टूबर को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम निलजा (सारागांव) में किया गया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस अपार दु:ख को सहने की शक्ति दें। समस्त डंगनिया इकाई छग मनवा कुर्मी क्ष.स.।

# कैपिटल ज़ोन

# खड़ी बस से टकराया बाइक सवार की मौत



रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के व्हीआईपी चौक में कांकेर रोडवेज प्राइवेट लिमिटेड की बस से टकराकर युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान महासमुंद के रहने वाले ईश्वर साहू के रूप में हुई है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस ड्राइवर को हिरासत में लिया है।मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है।पुलिस ने बस ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया जा रहा है, ड्राइवर ने गलत तरीके से बस खड़ी की थी, जिससे युवक टकरा गया। सिर फटने से उसकी जान चली गई।

■ वाहन चालक गिरफ्तार

आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस तेलीबांधा थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि, महासमुंद निवासी ईश्वर साहू अपनी बाइक (सीजी07बीटी 4836) से महासमुंद की तरफ जा रहा था। वीआईपी चौक के पास सुबह 5.30 बजे पहुंचा, तो कांकेर रोडवेज बस (क्रमांक सीजी04पीबी8100) से टकरा गया।बस चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी खड़ी थी।

उल्टा पुल्टा

चिंटू से एक आदमी ने पूछा- बेटा, आपके पापा का क्या नाम है?
चिंटू- अंकल, अभी उनका नाम नहीं रखा मैंने, बस प्यार से पापा ही कहता हूं.

# ईओडब्लू के अफसरों पर फर्जी दस्तावेज और बयान में छेड़छाड़ का आरोप

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। आर्थिक अपराध शाखा के तीन अफसरों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार करने और धारा 164 के बयान में छेड़छाड़ करने के आरोप पर शनिवार को सुनवाई हुई। कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की गई। रायपुर की सीनियर डिवीजन सिविल जज आकांक्षा बेक की अदालत में हुई सुनवाई में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें पेश की। कोर्ट ने कहा कि अब इस मामले में अधिकारियों की आपत्ति पर सुनवाई चार नवंबर को की जाएगी।

## कोर्ट ने जारी किया था नोटिस

गिरीश देवांगन ने याचिका में आरोप लगाया था कि ईओडब्ल्यू के अफसरों ने जांच के दौरान निखिल चंद्राकर के धारा 164 के बयान में हेराफेरी और फर्जीवाड़ा किया है। इस शिकायत के बाद अदालत ने तीनों अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। शनिवार को उसी नोटिस पर सुनवाई हुई, जहां दोनों पक्षों की बहस के बाद कोर्ट ने अगली तारीख तय की।

## बिना सैंक्शन शिकायत अवैध- वकील ईओडब्ल्यू

ईओडब्ल्यू की ओर से पैरवी कर रहे वकील रवि शर्मा ने कोर्ट में कहा कि गिरीश देवांगन ने बिना किसी अनुमति या सैंक्शन के यह परिवाद दाखिल किया है। उन्होंने आगे कहा कि गिरीश देवांगन ने शिकायत में कहा है कि निखिल चंद्राकर का बयान (164) सही ढंग से रिकॉर्ड नहीं हुआ, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई साक्ष्य पेश नहीं किया। साथ ही





यह भी नहीं बताया कि किस कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि यह पूरी शिकायत राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित है। इसमें राज्य के कुछ बड़े नेताओं का नाम आने की संभावना थी, इसलिए जांच को प्रभावित करने और प्रेस कांफ्रेंस के जरिए राजनीतिक माहौल बनाने के लिए यह परिवाद दाखिल किया गया है। अगर 164 के बयान में कोई त्रुटि होती भी है, तो उसे वही कोर्ट देखता है जहां वह बयान पेश किया गया था। किसी अन्य अदालत को यह अधिकार नहीं है कि वह जांच करे कि बयान सही था या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि निखिल चंद्राकर ने खुद मजिस्ट्रेट के सामने आवेदन दिया था, ऐसे में पुलिस की भूमिका पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।

## फर्जी बयान बनाना अपराध है, चाहे ऑन ड्यूटी हों या ऑफ ड्यूटी- वकील रिजवी

गिरीश देवांगन की ओर से वकील फैजल रिजवी ने अदालत में कहा कि यह मामला केवल तकनीकी त्रुटि का नहीं बल्कि गंभीर आपराधिक कृत्य का है। उन्होंने कहा कि ईओडब्ल्यू के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने मिथ्या साक्ष्य तैयार किया, बोगस बयान टाइप कर कार्यालय में तैयार किया और उसी को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत किया। यह कार्य किसी भी एजेंसी के लिए अपराध की श्रेणी में आता है।वहीं रिजवी ने कहा कि हमने न्यायालय के समक्ष सुप्रीम कोर्ट के विनोद पांडे प्रकरण का हवाला दिया है, जिसमें कहा गया था कि यदि कोई एजेंसी झूठे साक्ष्य तैयार करती है, तो उस पर एफआइआर दर्ज की जानी चाहिए। अब अदालत को यह तय करना है कि ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने यह कार्य अपनी ऑफिशियल ड्यूटी में किया या ऑफ ड्यूटी। यदि यह जानबूझकर फर्जी साक्ष्य तैयार करने का मामला है, तो सैंक्शन का सवाल ही नहीं उठता।

# कांग्रेस जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर अटकलों का दौर

ायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस में जिलाध्यक्षों के चयन के लिए रायशुमारी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बताया जाता है कि हफ्तेभर में सभी 41 संगठन जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी जाएगी। इसी बीच दावेदारों के पोस्ट से पार्टी के अंदर हलचल मची है।

संगठन सृजन अभियान के तहत जिलाध्यक्षों के चयन के लिए पर्यवेक्षक भेजे गए थे, और जिला-ब्लॉकों में जाकर पर्यवेक्षकों ने अपना पैनल हाईकमान को सौंप दिया है। गुरुवार को पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर प्रभारी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने चार प्रमुख नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से चर्चा की, और उनसे सुझाव लिए है। सूत्रों की माने तो अब राहुल गांधी की प्रदेश प्रभारी और वेणुगोपाल के साथ बैठक होगी।जिसमें जिला अध्यक्षों के नाम पर मुहर लग सकती है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश के नेताओं से जिलेवार पर्यवेक्षकों के पैनल में से पसंद पूछी गई। सभी नेताओं ने अपनी तरफ से उपयुक्त नाम सुझाए हैं। पार्टी के अंदर चर्चा है कि चारों प्रमुख नेताओं के गृह जिले में उनकी पसंद पर मुहर लग सकती है। चर्चा है कि रायपुर शहर से सुबोध हरितवाल, श्रीकुमार मेनन, दीपक मिश्रा के बीच फैसला होना है। रायपुर ग्रामीण को लेकर भी पेंच फंसा है। प्रवीन साहू व पप्पू बंजारे दावेदार है। अंबिकापुर से बालकृष्ण पाठक, सफी अहमद, बिलासपुर ग्रामीण से आशीष सिंह, कोरबा ग्रामीण से मनोज चौहान, दुर्ग ग्रामीण से राकेश ठाकुर, भिलाई से मुकेश चंद्राकर, राजनांदगांव शहर से जितेन्द्र मुदलियार अथवा कुलबीर छाबड़ा, महासमुंद से अमरजीत चावला या विनोद चंद्राकर, कवर्धा से होरीलाल साहू, राजनांदगांव ग्रामीण से छन्नी साहू या पदम कोठारी नाम पर मुहर लग सकती है। कांकेर नरेंद्र यादव, बसंत यादव के नाम पर मुहर लग सकती है।



■ गृह जिले में बड़े नेताओं की पसंद पर लगेगी मुहर?

जिलाध्यक्षों के चयन में आरक्षण, और महिला कोटे का ध्यान रखने का भी दावा किया जा रहा है। इन सबके बीच सोशल मीडिया में कुछ दावेदार संदेह भी जता रहे हैं। इन्हीं में एक रायपुर शहर से दावेदार श्रीमती प्रीति उपाध्याय शुक्ला ने फेसबुक पर अपनी भावनाओं का इजहार किया है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि हम जैसी संगठन से जुड़ी एवं संगठन के लिए समर्पित एक आम महिला कार्यकर्ता राहुल गांधी की तरफ उम्मीद से देख रहे हैं। क्योंकि राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस पार्टी का एक ऐसा अभियान है जिसका उद्देश्य पार्टी की नींव को मजबूत करना और जमीनी स्तर पर पार्टी के ढांचे को मजबूत करना है। यह अभियान केवल पद भरने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देना है। क्या राहुल गांधी की सोच के अनुसार जमीन पर वाकई में यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी? क्या वाकई में आधी आबादी यानी की हम महिलाओं को उनका हक दिया जाएगा? क्या वाकई में समर्पित एवं नए नेतृत्व को मौका दिया जाएगा? या कि वही मठाधीश अपने लोगों को सेट कर देंगे? यदि ऐसा हुआ तो आगामी चुनाव में परिणाम भी वही होगा जो होता आ रहा है।

# रूपसिंह मंडावी अजजा आयोग के नए अध्यक्ष

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष पद पर नई नियुक्ति की घोषणा की है। राज्य सरकार ने बस्तर जिले के ग्राम फरसागुड़ा निवासी रूपसिंह मंडावी को आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग ने आदेश जारी किया है।



रूपसिंह मंडावी बस्तर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष है और क्षेत्र के एक जाने-माने जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता माने जाते हैं। आदिवासी समुदाय के उत्थान, शिक्षा, स्वावलंबन और परंपरागत संस्कृति के संरक्षण के लिए वे लंबे समय से कार्य कर रहे हैं।

# चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय खाय के साथ शुरू

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट, रायपुर के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चार दिवसीय छठ महापर्व आज नहाय खाय के साथ प्रारंभ हुआ। इस वर्ष अक्टूबर 25 से अक्टूबर 28 तक पूरे भारत सहित पूरे विश्व में छठ महापर्व हर्षोल्लास एवं परम्परा के साथ मनाया जा रहा है।



छठ महापर्व उत्तर भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है। खरना कल रविवार अक्टूबर 26 को होगा। संध्या अर्घ्य अक्टूबर 27 को होगा और उषा अर्घ्य अक्टूबर 28 को होगा। एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 अक्टूबर को संध्या में महादेव घाट पर आयोजित किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका स्वाती मिश्रा (मुंबई) के द्वारा 27 अक्टूबर को संध्या में महादेव घाट पर छठ गीतों के प्रस्तुति दी जाएगी। लोकधारा के मशहूर कलाकार तिलक राजा साहू और केशरी साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। सोनाली एवं तरुण चोपड़ा टीम, प्रयागराज के द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति 27 अक्टूबर को संध्या 4 बजे से शुरू होगी। महादेव घाट पर 27 अक्टूबर को संध्या में महाआरती का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्य और रायपुर नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा खारुन नदी, महादेव घाट की सफाई की गई और घाट का सौंदर्यीकरण का काम किया गया। उन्होंने बताया कि छठ पूजा छत्तीसगढ़ में रायपुर, बिलासपुर, भिलाई-दुर्ग, कोरबा, बस्तर एवं अन्य शहरों में बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। रायपुर में छठ पूजा 50 से अधिक स्थानों जैसे खारुन नदी के महादेव घाट, व्यास तालाब और अन्य तालाबों के किनारे इस वर्ष भी छठ पूजा धूम-धाम से मनाया जायेगा। महापौर मीनल चौबे के द्वारा आज महादेव घाट का निरक्षण किया गया। नवा रायपुर अटल नगर में झांझ तालाब के किनारे भी भव्यता के साथ छठ पूजा का आयोजन किया जायेगा।

# नवविवाहिता आत्महत्या मामले में पति, ससुर, सास व देवर गिरफ्तार

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय नवविवाहिता मंजुषा गोस्वामी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका करन नगर, न्यू चंगोराभाठा की निवासी थी और शादी के कुछ ही महीने हुए थे। पुलिस और अस्पताल की जानकारी के अनुसार, आत्महत्या से पहले मंजुषा ने अपने मोबाइल फोन में वीडियो बनाकर इसे प्रसारित किया। वीडियो में उसने स्पष्ट किया कि उसका पति, देवर, सास और ससुर उसे लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे और इस कारण उसे अपनी जान लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। पुलिस ने पूरवेन्द्र पुरी गोस्वामी, अभिषेक पुरी गोस्वामी, विजय पुरी गोस्वामी, पुष्पलता गोस्वामी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना 21 अक्टूबर 2025 की शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है। रिपोर्ट में मृतका के शरीर पर गले में फांसी के निशान और हाथ की कलाई पर चोट के निशान दर्ज किए गए हैं।





## निगम की आमसभा 29 को

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम सामान्य सभा बैठक 29 को प्रात: 11 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन आयोजित की गई है। निगम भवन के चतुर्थ तल पर स्थित सामान्य सभा सभागार में होने वाली सामान्य सभा में 14 एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार आयोजित सामान्य सभा की बैठक के प्रारम्भ में सामान्य सभा की पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी। तदुपरान्त निर्धारित नियमावली के अनुसार प्रक्रिया के अंतर्गत एक घण्टे का प्रश्नकाल होगा। इसके पश्चात नगर निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल की बैठक में पारित संकल्प पर नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत नगर विकास पर निर्धारित 14 एजेंडों पर एजेंडावार चर्चा एवं विचार- विमर्श किया जाएगा।

# प्रदेश में फिर बरसेंगे बादल

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बंगाल का खाड़ी से आने वाली नमी ने छत्तीसगढ़ के मौसम को बिगाड़ रखा है।प्रदेश के कई इलाकों में फिर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बढ़ गई है। अक्टूबर का अंतिम सप्ताह शुरू होने के बाद भी रात की ठंड गायब है। और गर्मी से बचाव के लिए एसी का सहारा लेना पड़ रहा है।मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में दबाव के क्षेत्र बनने के आसार हैं, जिससे 27 अक्टूबर से बारिश की रफ्तार बढ़ सकती है।अगले 4 दिनों तक दक्षिण छत्तीसगढ़ में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।



■ चार दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा

मौसम विभाग ने जानकारी दी कि एक कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है।इसके 25 तारीख तक दक्षिण-पूर्वी और उससे सटे मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर अवदाब में बदलने और 26 तारीख तक गहरे अवदाब में और 27 तारीख की सुबह तक दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। राजधानी रायपुर में आज दोपहर बाद बादल छाए रहे। आगामी 2 दिनों तक बादल गरजने और बारिश के आसार है।

# बस स्टैण्ड में बिना लाइसेंस चल रहे अवैध टिकट काउंटर

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के अंतरराज्यीय बस टर्मिनल भाटागांव में इन दिनों फर्जी एजेंटों का नेटवर्क यात्रियों के लिए सिरदर्द बन गया है। त्योहारी सीजन में बसों में भारी भीड़ के बीच बिना लाइसेंस और बिना अनुमति के चल रहे अवैध टिकट काउंटर खुलेआम यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। इससे न केवल यात्रियों का शोषण हो रहा है, बल्कि सरकार को हर महीने त्रस्ञ्ज चोरी और राजस्व हानि का भी सामना करना पड़ रहा है।

**त्योहारी सीजन में यात्रियों की मजबूरी का फायदा**- झारखंड, बिहार, नागपुर, पुणे, मुंबई और हैदराबाद जाने वाली अधिकांश बसों की सीटें फुल होने से यात्रियों को मजबूरी में एजेंटों के चंगुल में फंसना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर पहुंचते ही गेट नंबर 1, 2 और 3 पर हॉकर और एजेंट यात्रियों पर टूट पड़ते हैं। एक यात्री के पीछे 4 6 एजेंट तक लग जाते हैं, जो सीट दिलाने के नाम पर दबाव बनाते हैं। विरोध करने पर दुर्व्यवहार और मारपीट तक की नौबत आ जाती है।





सूत्रों के अनुसार, ये एजेंट बिना किसी अधिकृत ट्रैवल ऑपरेटर से अनुमति लिए फर्जी टिकट बुकिंग काउंटर चला रहे हैं। कई एजेंटों के पास न तो ट्रैवल्स कंपनी का अधिकृत पत्र है, न ही वैध लाइसेंस है। फिर भी वे यात्रियों से बस किराए में जोड़कर ज्यादा पैसा वसूलते हैं, जबकि यात्रियों को किसी भी तरह का कन्फर्मेशन मैसेज नहीं भेजा जाता। इन एजेंटों की चालाकी इतनी है कि चेकिंग के दौरान वे यात्रियों को बस स्टैंड से दूर ले जाकर बसों में बैठा देते हैं, ताकि अधिकारी पकड़ न सकें।

**राजस्व को भारी नुकसान**- जानकारी के मुताबिक, बिना टेंडर के जाली टिकट काउंटर संचालित किए जा रहे हैं। इससे राज्य सरकार को हर महीने लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। एक एजेंट ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उच्च अधिकारियों को सब जानकारी है, लेकिन किस मजबूरी में कार्रवाई नहीं हो रही यह वे ही जानते हैं।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग**- बस स्टैंड पर सक्रिय फर्जी एजेंटों की वजह से यात्रियों की सुरक्षा और भरोसा दोनों पर असर पड़ा है। विशेषज्ञों का कहना है कि परिवहन विभाग और नगर निगम को चाहिए कि गोपनीय रूप से सभी टिकट काउंटरों पर दबिश दी जाए और लाइसेंस की जांच की जाए।

# संभागायुक्त ने 12 गांजा तस्करों को 3 माह के लिए भेजा जेल

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। संभागायुक्त रायपुर महादेव कावरे के निर्देश पर आज पिट एनडीपीएस अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत गांजा तस्करी में संलिप्त 12 व्यक्तियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर जांच उपरांत की गई है।

गांजा तस्करी में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों में - नूरी दीप थाना सिविल लाइंस रायपुर, धर्मेन्द्र टंडन उर्फ बबलू थाना मंदिर हसौद, पुनीत राम साहू थाना धरसीवां, भुवनेश्वरी धीवर थाना गुढ़ियारी, आरती छाबड़ा थाना डी.डी. नगर, मोहम्मद आज़म थाना टिकरापारा, अब्दुल आदिल थाना गंज, बालकृष्ण सिन्हा थाना कबीर नगर, शैलेंद्र मसीह, संजय बंजारे, मोतीलाल साहू तीनों थाना अभनपुर तथा आरती रजक थाना सिटी कोतवाली धमतरी शामिल हैं। सभी आरोपियों को तीन-तीन माह की अवधि के लिए जेल भेजा गया है। संभागायुक्त रायपुर द्वारा अब तक कुल 38 व्यक्तियों के विरुद्ध पिट एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा चुकी है, जबकि कई प्रकरणों में जांच प्रक्रिया जारी है।यह कार्रवाई प्रदेश में नशे के अवैध व्यापार पर सख्त नियंत्रण और जनसुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## आंबेडकर अस्पताल में तीन दिनों में दो चोरियां

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी के डॉ. आंबेडकर अस्पताल में दीवाली के दिन तांबे की 20 मीटर से अधिक विद्युत तार चोरी होने की घटना के ठीक बाद, दो दिन बीतते ही 23 अक्टूबर को चोरों ने कैंसर विभाग के बाहर लगे टेलीविजन को ताला तोड़कर पार कर दिया। तीन दिनों में लगातार दो चोरी की घटनाओं ने अस्पताल प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

# छग में दिवाली त्यौहार पर हुआ 16 हजार करोड़ का व्यापार

रायपुर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपनी रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के आधार पर देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों जिनमें सभी राज्यों की राजधानियाँ एवं टियर-2 और टियर-3 शहर शामिल हैं। पर आधारित विस्तृत च्दिवाली त्यौहार बिक्री 2025 पर रिसर्च रिपोर्टज्ज जारी की है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार इस वर्ष दिवाली त्यौहार की बिक्री छत्तीसगढ मे लगभग 15250 हजार करोड़ से 16000 हजार करोड़ रूपये का व्यापार हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष दिवाली पर देशभर में कुल बिक्री ?6.05 लाख करोड़ तक पहुँची, जिसमें ?5.40 लाख करोड़ का वस्तु व्यापार और ?65 हज़ार करोड़ का सेवा व्यापार शामिल है। जो अब तक का देश के व्यापार इतिहास का सबसे बड़ा त्योहारी कारोबार है।

■ भारत की आर्थिक शक्ति और स्वदेशी भावना को प्रदर्शित किया

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि रिपोर्ट यह दर्शाती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीएसटी दरों में राहत और स्वदेशी अपनाने के च्मजबूत ब्रांड एंबेसडरज्ज के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को अभूतपूर्व रूप से प्रेरित किया है।

व्यापारियों ने बताया कि भारतीय निर्मित वस्तुओं की बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने बताया कि दिवाली 2025 के आंकड़े पिछले वर्ष ( ?4.25 लाख करोड़) की तुलना में 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। मुख्य रूप से गैर-कारपोरेट एवं पारंपरिक बाजारों ने कुल व्यापार में 85 प्रतिशत योगदान दिया, जो भारतीय खुदरा बाजारों और छोटे व्यापारियों की शानदार वापसी को रेखांकित करता है।

# प्रदेश के सभी मंदिर होंगे पॉलीथिन मुक्त

रायपुर, 25 अक्टूबर ।ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा च्मंदिरों को पॉलीथिन मुक्त बनाने आ दूधाधारी सत्संग भवन, मठ पारा रायपुर में बैठक हुई। कार्यक्रम में 125 मंदिरों और मठों के पुजारी, महंत एवं धार्मिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत राम सुंदर दास महाराज ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, समाज को दिशा देने का केंद्र हैं। जब मंदिर पॉलीथिन मुक्त होंगे तो समाज भी प्रेरित होगा। यह केवल सफाई का नहीं, बल्कि 'संस्कार और संस्कृति की शुद्धता' का भी अभियान है। हर श्रद्धालु को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह पूजा सामग्री बिना पॉलीथिन के ही लाए।ग्रीन आर्मी का यह प्रयास वास्तव में धर्म और पर्यावरण दोनों की रक्षा का संगम है। ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने कहा हम पिछले आठ वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और स्वच्छता की दिशा में कार्यरत हैं। आज धार्मिक समुदाय के साथ यह ऐतिहासिक पहल छत्तीसगढ़ के मंदिरों को पॉलीथिन मुक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। जब धर्म और पर्यावरण एक साथ खड़े होते हैं, तो परिवर्तन निश्चित होता है। इस अवसर पर रायपुर जिला मंदिरों से शुरू हुआ यह अभियान अब हर मोहल्ले और हर घर तक पहुँचेगा। हम सभी मंदिर समितियों के सहयोग से रायपुर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्हाइट विंग की अध्यक्ष श्रीमती निधि अग्रवाल ने कहा महिलाओं की भागीदारी इस अभियान में सबसे महत्वपूर्ण होगी। घरों से ही पॉलीथिन का प्रयोग बंद होगा, तभी मंदिर और समाज दोनों स्वच्छ बन सकेंगे। व्हाइट विंग की सभी सदस्याएँ इस मिशन को घर-घर तक पहुँचाने में सक्रिय रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महंत, पुजारी और सदस्यों ने पॉलीथिन मुक्ति का संकल्प लिया।ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने घोषणा की कि यह अभियान 16 चरणों में निरंतर रूप से व्हाइट विंग के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा।



# अर्जुनी में 18 करोड़ की लागत से बनेगा धमतरी का हाईटेक बस स्टैंड, टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में : विजय मोटवानी

**धमतरी,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। लंबे समय से धमतरी में आधुनिक बस स्टैंड की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। करीब 18 करोड़ रुपए की लागत से अर्जनी क्षेत्र में 5 एकड़ जमीन पर हाईटेक बस स्टैंड बनने जा रहा है, जिसका 3डी डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। यह बस स्टैंड न केवल शहर की खूबसूरती को निखारेगा, बल्कि यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस परियोजना को लेकर शहरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है गौरतलब है कि यह बस स्टैंड सीसीटीवी, वाइड स्क्रीन, एसी वेटिंग हॉल, महिला एवं पुरुष रेस्ट रूम, ई-रिक्शा स्टॉपेज और पार्किंग जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसके साथ ही यहां स्थानीय उत्पादों के लिए मिनी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी बनाया जाएगा ताकि यात्रियों को यात्रा के दौरान स्थानीय पहचान और सुविधाएं दोनों मिल सकें।

नगर निगम धमतरी के पीडब्ल्यूडी सभापति विजय मोटवानी ने बताया कि माहापौर जी का आभार धमतरी के लिए





यह एक ऐतिहासिक कदम है। वर्षों से लोगों की मांग थी कि शहर में एक नया, बड़ा और हाईटेक बस स्टैंड बने। पुराना बस स्टैंड अब क्षमता से कहीं अधिक भार झेल रहा है और यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है। इसलिए नई जगह पर इसे बसाने का निर्णय लिया गया। फिलहाल परियोजना टेंडर प्रक्रिया में है और अगले 2 से 3 दिनों में टेंडर खुलने वाला है। इसके बाद निर्माण कार्य की शुरुआत होगी मोटवानी ने आगे बताया कि नगर निगम प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने की तैयारी में जुटे हैं। निर्माण के बाद यह बस स्टैंड धमतरी की पहचान बनेगा और प्रदेश के अन्य शहरों के लिए भी मिसाल पेश करेगा। उन्होंने कहा कि नई बिल्डिंग को मजबूती के साथ डिज़ाइन किया गया है, ताकि आने वाले दशकों तक किसी बड़े पुनर्निर्माण की आवश्यकता न पड़े।

धमतरी से रोजाना 250 से अधिक बसें गुजरती हैं, जो रायपुर, कांकेर, नगरी, दुर्ग, बालोद और अन्य जिलों से जुड़ी हुई हैं। मौजूदा बस स्टैंड में जगह की कमी और बढ़ते ट्रैफिक के कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, शहर के बीचोबीच स्थित पुराने बस स्टैंड से धूल, ध्वनि और यातायात अव्यवस्था की शिकायतें लगातार आती रही हैं।

विजय मोटवानी ने बताया कि नए बस स्टैंड से न केवल धमतरी का यातायात सुगम होगा बल्कि शहर के मध्य क्षेत्र में भीड़भाड़ कम होगी। इसके साथ ही स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे, क्योंकि निर्माण के दौरान और बाद में बस स्टैंड के रखरखाव व संचालन में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बस स्टैंड निर्माण के लिए जो 5 एकड़ भूमि निर्धारित की गई है, वहां पहले से सभी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं, सड़क कनेक्टिविटी, ड्रेनेज सिस्टम और बिजली व्यवस्था को ध्यान में रखकर प्लान तैयार किया गया है।

मोटवानी ने शहरवासियों से अपील की कि वे इस परियोजना को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रखें क्योंकि यह धमतरी को नए विकास अध्याय की ओर ले जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एक बार निर्माण कार्य शुरू हो जाने के बाद नगर निगम तय समयसीमा में बस स्टैंड जनता को समर्पित करेगा। धमतरी का यह हाईटेक बस स्टैंड न केवल यात्रा की सुविधा बढ़ाएगा बल्कि शहर के विकास की नई दिशा तय करेगा।

# म्यूल अकाउंट का संचालन करने वाले दो आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा म्यूल अकाउंट खातेदारों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ग्राम कुम्हारी निवासी आरोपी लक्ष्मी नारायण पटेल सहित 04 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया गया था, जिनके द्वारा अपने खाते को साइबर फ्रॉड में म्यूल अकाउंट के रूप में उपयोग किया जाना पाया गया। जिस पर जांच उपरांत थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 763/2025 धारा 317(4), 318(4), 61(2)(।) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के जांच क्रम में तथा गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ पर प्राप्त जानकारी में कई अन्य आरोपियों के संबंध में पता चला, जिनके द्वारा साइबर ठगी से रकम प्राप्त करने हेतु म्यूल अकाउंट का संचालन किया जा रहा है।



**आरोपियों द्वारा साइबर ठगी की रकम का किया जा रहा था उपभोग**

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ, परिस्थितिजन्य एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी शैलेन्द्र चौहान एवं अनिल कुर्रे को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि आरोपी शैलेंद्र चौहान द्वारा बैंक खाता को कमीशन पर लिया जाता था तथा वर्तमान में अनिल कुर्रे के साथ मिलकर महाकाल ऑनलाइन गेमिंग एप में ढाई-ढाई प्रतिशत में ऑनलाइन गेमिंग का कार्य करता था। उक्त प्रकरण में दोनों आरोपियों को 24 अक्टूबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में-शैलेंद्र चौहान उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम घटमडवा थाना गिधौरी, अनिल कुर्रे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम मोहतरा थाना गिधौरी शामिल है।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप कुडो में भाग लेंगे 6 खिलाड़ी

**महासमुंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के 6 प्रतिभाशाली कुडो खिलाड़ी 16वीं राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए 23 अक्टूबर को सूरत गुजरात के लिए रवाना हुए। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 24 से 31 अक्टूबर तक सूरत के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर स्टेडियम में हो रही है। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे। जिले से चयनित खिलाड़ियों में सब.जूनियर वर्ग से अनन्या प्रधान, जूनियर वर्ग से संजना मुत्रा और मंजू खुंटे, वहीं सीनियर वर्ग से उपेंद्र प्रधान, मीरा पंडा और रघुनाथ नेताम शामिल हैं।

# गरियाबंद में गोवर्धन पूजा का आयोजन

**गरियाबंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। दीपावली के अगले दिन गांधी मैदान गरियाबंद में गोवर्धन पूजा उत्सव समिति के तत्वावधान में भव्य आयोजन हुआ, जिसमें यादव समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने परंपरा और आस्था का शानदार संगम प्रस्तुत किया। समाज के लोगों ने गाय के गोबर से गोधन-गोधनी, सूर्य, चंद्रमा, गौ माता और चौकीदार की आकृतियां बनाईं। पूजा-अर्चना के बाद उन्हें तिलक लगाकर 56 प्रकार के भोग का अर्पण किया गया। उत्सव समिति के अध्यक्ष बीरू यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा हमारी संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण ने इस पर्व के माध्यम से हमें प्रकृति, पशुधन और अन्नदाता का सम्मान करना सिखाया। आज भी यह पर्व हमें सामूहिकता, सेवा और कृतज्ञता की भावना से जोड़ता है।

ऐश्वर्य यदु ने कहा कि गोवर्धन पूजा सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी लोक परंपरा का उत्सव है। इसमें समाज की एकजुटता,

**सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की गौधन की आराधना, 56 भोग का अर्पण, पारंपरिक वेशभूषा में ग्वालों ने किया नृत्य**

महिलाओं की सहभागिता और भक्ति भाव की अनोखी झलक दिखाई देती है। हमें इस परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना चाहिए। इसके पहले गांधी मैदान में मंगल गीतों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने गोवर्धन की परिक्रमा की। महिलाओं ने दीपक जलाकर आरती उतारी और पारंपरिक प्रथा के अनुसार गोधन को कूटने व छलांग लगाकर पार करने की परंपरा निभाई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव का अभिमान तोड़ने के लिए ब्रजवासियों से गोवर्धन पर्वत की पूजा करने को कहा था। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने भीषण वर्षा की, तब श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सात दिनों तक ब्रजवासियों को शरण दी थी। तब से गोवर्धन पूजा का रिवाज है। इस दौरान गांधी मैदान के साथ-साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर-घर और मंदिरों में गौधन की पूजा कर लोगों ने समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अन्नकूट पर्व के माध्यम से श्रद्धालुओं ने प्रकृति, पशुधन और अन्नदाता के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नपा उपाध्यक्ष ने लिया सफाई कार्य का जायजा

**महासमुंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय महामाया तालाब में छठ पूजा का आयोजन होने वाला है। उसके पूर्व तालाब एवं आसपास के क्षेत्र की साफसफाई का जायजा लेने नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, वार्ड नं. 15 के पार्षद प्रतिनिधि संजय कहार पहुंचकर सफाई कार्य का जायजा लिया। श्री राठी ने प्रभारी दिलीप चन्द्राकर को बुलाया गया तथा निर्देशित किया गया कि तालाब के किनारे अभी भी फूल माला पानी पर तैर रहे है जिसे हटवाया जावे इसके अलावा पचरी में बरसात की काई जमी हुई है इसलिए चूना वगैरह से सफाई कराने की बात कही। सफाई प्रभारी को तालाब के बाजू गार्डन की सफाई के लिए भी कहा गया गार्डन साफहोने से छठ पूजा के दिन बहुत से कार्यक्रम गार्डन के जगह मे सम्पन्न हो जायेंगे। छठ पूजा



समिति के संजय शर्मा उपस्थित थे। उन्हे कहा गया कि छठपूजा में महमाया रोड जाम हो जाता है भगदड़ को देखते हुये गार्डन खाली है इस जगह का उपयोग प्रसाद वितरण, चाय नास्ता बैठक के लिए कर लेवें जिससे आवागमन में आसानी होगी तथा छठ पूजा में महिलायें घाट पर आसानी से पूजा कार्यक्रम सम्पन्न कर पायेगी।

# फसल का भौतिक सत्यापन करने फील्ड में पहुंचे कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी शुक्रवार को किसान द्वारा लागए गए फसल का सत्यापन करने किसान के खेत पहुंचे। उन्होंने ग्राम कोकड़ी में किसानों की उपस्थिति में

**किसान की मौजूदगी में किया एप्प से सत्यापन**

फिजिकल वेरिफिकेशन एप्प के माध्यम से खेत के रकबे में लगे धान फसल का सत्यापन किया और किसानों को उनके दावा आपत्ति निराकरण के बारे में जानकारी दी।

कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से इस वर्ष धान की खेती, एग्रीस्टेक पंजीयन आदि के बारे में पूछताछ कर जानकारी ली। किसानों ने बताया कि इस बार उन्होंने अपने



खेत में महामाया धान लगाया हैं। फसल की पैदावार अच्छी हैं और कुछ दिनों में कटाई शुरू करना हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एग्रीस्टेक में पंजीयन हो गया हैं। पंजीयन में कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी होगी, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी कि जा रही हैं। बताया गया कि बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम कोकड़ी के किसान कृषक संतोष राउतराय पहन 16 में खसरा नंबर 37/1, 37/3, 37/4 कृषि भूमि स्थित हैं। किसान संतोष के द्वारा उक्त कृषि भूमि में धान फसल लगाया गया हैं। किसान द्वारा विगत 5 उक्त भूमि में कोई फसल नहीं ली जा रही थी। इस वर्ष महामाया धान लगाया गया हैं। किसान के द्वारा ग्राम सभा में अपने खेत में धान फसल लगे होने के सम्बन्ध में दावा आपत्ति किया गया था। इस दौरान उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं उमेश गुप्ता खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी सहायक भू अधीक्षक सुरेश देवांगन सहित पटवारी मौजूद थे।

# छठ पर्व के पूर्व हुई महामाया तालाब की सफाई

**महासमुंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छठ पर्व के मद्देनजर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर महामाया तालाब छठ घाट की साफसफाई पालिका द्वारा की गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने छठ घाट का निरीक्षण किया। साथ ही वहां के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री साहू ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि व्रतियों तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। छठ पर्व के अवसर पर नगर जनों को स्वच्छ,



सुव्यवस्थित और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि छठ पर्व भोजपुरी समाज के लोगों की आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पालिका द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने नगर वासियों से निवेदन किया है कि तालाब में स्वच्छता बनाए रखे, ताकि यह पवित्र अनुष्ठान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर महामाया मंदिर के पुजारी गण, सफाई सुपरवाइजर जीतू सोनी, गोपाल सोना सहित सफाई कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# हेलमेट जोन में हेलमेट पहने बिना दोपहिया वाहन चलाने वाले आरक्षक पर चालानी कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में समुचित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु बलौदाबाजार यातायात पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं समुचित यातायात व्यवस्था हेतु बलौदाबाजार नगर में प्रवेश करने वाले दो प्रमुख चौक डोटोपार बाईपास चौक एवं सकरी बायपास चौक को हेलमेट जोन घोषित किया गया है, जिसमें बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी



क्रम में 25 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजे लगभग डोटोपार चौक हेलमेट जोन से बिना हेलमेट पहने, मोटरसाइकिल चलाने वाले आरक्षक क्र 698 गणपत लहरे वर्तमान तैनाती थाना भाटापारा ग्रामीण के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। आरक्षण गणपत लहरे डोटोपार चौक हेलमेट जोन में बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालन कर रहा था, जिसके विरुद्ध यह चालानी कार्रवाई की गई है। हेलमेट जोन में बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# भटगांव न्यायालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार एवं प्रधान न्यायधीश जितेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर एवं तालुका विधिक सेवा समीति भटगांव के अध्यक्ष पुनीतराम गुरूपंच के नेतृत्व में कार्यदिवस 23 अक्टूबर 2025 को स्थान व्यवहार न्यायालय भटगांव मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें नालसा के नई योजनाओं जैसे डीएडब्लूएन, आशा, जागृति, समवाद के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।

नालसा द्वारा संचालित वर्ष 2025 की विभिन्न योजनाएं-नालसा जागृति योजना 2025 ग्रामीण स्तर पर निशुल्क विधिक सहायता का प्रचार प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करना, नालसा डान योजना 2025-नशीली पदार्थ के सेवन




से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, नालसा संवाद योजना 2025-समाज के कमजोर वर्मा को उनके कानूनी अधिकार और योजनाओं के बारे में जागरूक करना है खासकर आदिवासी विमुक्त जमीनी और जनजातीय को, नालसा आवाज उठाओ योजना-यह योजना कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफआवाज उठाने और पीड़ितों को सशक्त बनाने के लिए जागरूकता, नालसा योजना-इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुक्त कानूनी सहायता प्रदान करना है, नालसा साथी योजना-निराश्रित और अनाथ बच्चों को अपनी पहचान आधार कार्ड दिलवाने के लिए शुरुआत की गई है, नालसा आशा योजना-यह मुख्य रूप से बाल विवाह की रोकथाम के लिए बनाई गई योजना है, नालसा टोल फ्री नंबर -15100 इसके अतिरिक्त साइबर क्राइम, बाल श्रम निषेध, लोक अदालत में आपसी सहमति से राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण की जानकारी दी गई एवं राजस्व मामलो सबंधित विधिक जानकारी एवं जागरूकता प्रदान की गई ।

पैनल अधिवक्ता डगेश खटकर, नरेश कुमार थाना भटगांव उपस्थित थें।

# नगर भवन बलौदाबाजार में आवास मेला शिविर का आयोजन



**बलौदाबाजार,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। 24 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में शासन के निर्देशानुसार आवास मेला का आयोजन किया गया। आवास मेले में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, एवं अन्य केंद्र और राज्य द्वारा संचालित योजनाओं के शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आवास योजना हेतु 30, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हेतु 231, राशन कार्ड 1, जन्म मृत्यु 5, सवनिधि 18, हेल्थ कैंप में 55 लोगों ने लाभ उठाया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशिष तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, पार्षद अंजनी गोविंद पात्रे, अमितेष नेताम, रेखा पटेल, श्रध्दा मनीष वर्मा, रोहित साहू, हरजीत सिंह सलूजा, लोकेश कुमार, सतीश पटेल, जितेन्द्र कुमार डड़सेना, मनोज कांत पुरेना, सुरेशकुमार घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चन्द्रशेखर गुप्ता, आदित्य गुप्ता (गुड्डु), डिगेश्वरी नामदेव, मंजू होरेलाल फेकर, शेख सलमान, कन्हैया सेन, प्रिया शशि भूषण शुक्ला, ममता सुभाष राव उपअभियंता रितेश स्थापक, सी.एल.टी.सी. विशेषज्ञ मुकेश लहरे, पी.आई.यू. नमिता ठाकुर, मिशन मैनेजर संदीप कुर्रे, सामुदायिक संगठक प्रिती ठाकुर, दिपीका बंजारे, गेंदकुमार विश्वकर्मा, रजनीश मिश्रा, संजय साहू, अजित निर्मलकर, धनेश पटेल उपस्थित थें।

## चरोटी के पैरावट में जली हुई अवस्था में युवती का मिला शव

**बलौदाबाजार,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। 25 अक्टूबर को प्रात: 7:30 बजे लगभग सूचना मिली कि ग्राम चरोटी में ग्राम की ही युवती की पैरावट में जली हुई अवस्था में लाश मिली है। उक्त सूचना पर थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल ग्राम चरौटी पहुंचा। साथ ही फोरेंसिक टीम के माध्यम से भी शव एवं घटनास्थल का सूक्ष्म जांच एवं निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में शव, मृतिका कु. तेजस्विनी पटेल पिता रूप सिंग पटेल उम्र 26 साल निवासी ग्राम चरोटी पटेल पारा गुड़ी चौक का होना पाया गया है। प्रथम दृष्टया प्रकरण में युवती की हत्या करना प्रतीत हो रहा है, अपितु प्रकरण में घटनास्थल संपूर्ण जांच कार्यवाही, गवाहों, परिजनों के कथन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर संपूर्ण स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# तीन दिनों तक गरज-चमक के साथ हो सकती है बारिश

**महासमुंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के क्षेत्र से किसान चिंतित हो गए है। ऐन फसल पकने के समय बारिश होती है तो किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान उस वक्त सकते में आए गए जब शनिवार को कहीं-कहीं पर बूदाबांदी और छींटे पड़ी। मौसम विभाग ने तीन दिनों तक अलर्ट जारी किया है। दीपावली के पूर्व मानसून की विदाई के समय हुई बारिश से फसल कटाई में विलंब हुआ है। अभी खेतों में कटाई के लिए समय है, किंतु बदली की आंखमिचौली से कीट प्रकोप का खतरा बढ़ गया है। इससे बचने के लिए किसान पहले ही दवाई डाल चूके है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्व.मध्य अरब सागर और दक्षिण.पूर्व बंगाल की खाड़ी पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर तक दक्षिण.पश्चिम और उससे सटे पश्चिम.मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। जिसका प्रभाव प्रदेश के 27 जिलों पर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि आने वाले दो दिनों में प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम बारिश के आसार है। बता दें कि प्रदेश में एक बार फिर से मौसम बदलाव अगले दो दिनों में देखा जा सकता है। जिसका असर शनिवार से दिखाई देने लगा है। सुबह से ही जिले के कई तहसीलों में बादल होने के कारण धूप. छांव का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पूर्व.मध्य अरब सागर और दक्षिण.पूर्व बंगाल की खाड़ी पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से 27 अक्टूबर तक दक्षिण.पश्चिम और उससे सटे पश्चिम.मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। जिससे प्रदेश में इसका असर देखने को मिलेगा। प्रदेश के अलग.अलग हिस्सों में अगले 24 घंटे के दौरान मौसम बदलने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान गरियाबंद, धमतरी, बालोद, मोहला.मानपुर अंबागढ़ चौकी, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर जिलों के अलग.अलग हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है।

# पंडवानी एक ऐसी विधा, जिसके माध्यम से छग को दुनिया भर में पहचान मिली : मुख्यमंत्री साय

**दुर्ग, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के ग्राम मेड़ेसरा में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग रायपुर के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पिछड़ा एवं अन्य वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक ललित चंद्राकर, विधायक साजा ईश्वर साहू, राज्य तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू एवं श्री जागेश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभ चंद बाफ्ना एवं डॉ.दयाराम साहू, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, दुर्ग महापौर अलका बाघमार भी सम्मलित हुए।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पंडवानी एक ऐसी विधा है, जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ को दुनिया भर में पहचान मिली है। दुनिया के हर कोने में हमारे पंडवानी कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है। न्यूयार्क से लेकर पेरिस और लंदन तक महाभारत की कथाओं पर आधारित हमारे पंडवानी गायन को लोगों ने सुना और सराहा है। पद्मश्री डा.उषा बारले जी हमारे बीच मौजूद हैं। उन्होंने अपने पंडवानी गायन के माध्यम से आप सभी का मनोरंजन किया होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे पंडवानी के पुरोधा स्व. झाडूराम देवांगन की स्मृति भी हो रही है। हाथ में तंबूरा लेकर जब वे अपनी रोचक प्रस्तुति देते थे तो दर्शक गण मंत्र मुग्ध हो जाते थे। पंडवानी गायन में हमारी महिला कलाकारों को भी विशेष सफलता मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुझे विशेष रूप से स्व. लक्ष्मी बंजारे का स्मरण हो रहा है। पद्म पुरस्कार देश की विभूतियों को प्राप्त होते हैं। यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि हमारी धरती पर तीजन बाई जैसी कलाकार हुई हैं जिन्हें पद्मश्री, पद्मभूषण और पद्मविभूषण



**पंडवानी महासम्मेलन के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय**

तीनों ही सम्मान प्राप्त हुए हैं। श्याम बेनेगल की भारत एक खोज में तीजन बाई के पंडवानी गायन के दृश्य अपार आनंद और उत्सुकता से भर देते हैं। पंडवानी हमारी धरोहर है। आज पंडवानी महासम्मेलन के कार्यक्रम का आयोजन कर आप लोगों ने इस धरोहर को सहेजने और आने वाली पीढ़ी तक इसे बढ़ाने के लिए बहुत अच्छा कार्य किया है। हम लोगों ने बचपन से रामलीला मंडलियों के माध्यम से रामायण की कहानियां सुनी और पंडवानी के माध्यम से महाभारत की कहानियां सुनी। पीढ़ी दर पीढ़ी रामायण और महाभारत की कहानियां इन्हीं लोककलाकारों के माध्यम से आम जनता तक पहुंचती रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंडवानी गायन इस मायने में भी खास है कि इसमें महिला और पुरुष का भेद नहीं है अपितु तीजन बाई, डा.उषा बारले जैसे कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से ऐसा महसूस कराया है कि पंडवानी गायन महिलाओं का ही क्षेत्र है। यह इन कलाकारों की कला की सफलता है। उन्होंने कहा कि सरगुजा से लेकर बस्तर तक हर जगह की अपनी विशिष्ट संस्कृति है। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ी लोककला.संस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। हमने कलाकारों की पेंशन राशि में वृद्धि की है साथ ही कलाकारों को दिये जाने वाले अवसरों की संख्या भी बढ़ाई है। चित्रोत्पला फिल्म सिटी की स्थापना का निर्णय लेकर हमने छत्तीसगढ़ी सिनेमा को मजबूत करने का जतन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया तो इसके पीछे इस राज्य के तेजी से विकास की मंशा के साथ ही इसकी संस्कृति को सहेजने की मंशा भी थी।

कार्यक्रम के अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर सभी पंडवानी कलाकारों का अभिनन्दन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कला और संस्कृति के लिए देश दुनिया मे पहचाना जाता है। छत्तीसगढ़ कलाकारों से परिपूर्ण राज्य है।

क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी ने जिस भरोसा के साथ मुझे अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। कार्यक्रम के संयोजक पद्मश्री डॉ.ऊषा बारले ने स्वागत उद्बोधन दिया।

# सड़क किनारे बैठे कुत्ते को कार चालक ने कुचला

**भिलाईनगर 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** कोहका बजरंग चौक में कार चालक ने जानबूझकर सड़क किनारे बैठे कुत्ते पर कार चढ़ाकर हत्या का प्रयास किया। कार चालक की यह अमानवीय हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसे सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल कर दिया गया है। कार चालक की इस हरकत की जमकर आलोचना की जा रही है। जबकि पशु प्रेमियों के द्वारा आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार रात करीब 10 बजे बजरंग चौक कोहका से सड़क पर गुजर रही सफेद कार ने अचानक रफ्तार तेज कर दी। इसके बाद कार चालक के द्वारा सड़क किनारे बैठे कुत्ते को कुचला दिया। भयानक चोट के कारण कुत्ता वही तड़पता रहा। कार चालक की जानबूझकर सड़क किनारे बैठे कुत्ते पर वाहन चढ़ाने का पूरा वाकिया सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। जिसमें स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। इसके बाद मौका स्थल से कार चालक भाग गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोग और पशु प्रेमी इस घटना से बेहद आक्रोशित हुए हैं। इस घटना के लिए दोषी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। घायल कुत्ते को स्थानीय लोगों ने पशु चिकित्सक के पास पहुंचाया। हालत स्थिर है। परंतु उसे लेकिन गंभीर चोटें आई है। वीडियो में कार का नंबर स्पष्ट न होने से आरोपी की पहचान मुश्किल कर पाना बेहद मुश्किल हो रहा है। इसीलिए अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। बजरंग चौक जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग किए जाने पर स्थानीय लोग नाराज हैं। इन लोगों के द्वारा इस क्षेत्र में प्रशासन से निगरानी बढ़ाने की मांग की गई है। ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति को रोका जा सके। डॉग लवर के द्वारा इस मामले में पुलिस से पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने का आग्रह किया गया है।

# नशे के विरुद्ध नेवई भाटा सामुदायिक भवन शिविर



**भिलाईनगर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान विश्वास के तहत 24 से 30 अक्टूबर 2025 तक थाना नेवई क्षेत्र में सामुदायिक भवन में चलाया जा रहा है। नशा मुक्ति वैलनेस शिविर जो की दुर्ग पुलिस एवं आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से वैलनेस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 35 बच्चों के द्वारा भागीदारी दिखाई गई। जिसमें आर्ट ऑफलिविंग से उपस्थित अमन बेल चंदन एवं उनके सहयोगी के द्वारा उपस्थित बच्चों को योग ध्यान एवं आपस में बच्चों को खेल भी खिलाया गया। बच्चों द्वारा बहुत ही उत्साह के साथ इसमें भागीदारी की गई तथा बच्चे बहुत ही खुश नजर आए। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल दुर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर शहर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पदमश्री तंवर आईयूसीएडब्ल्यू, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती भारती मरकाम आई यू सी ए डब्ल्यू, थाना प्रभारी नेवई एवं रक्षा टीम प्रभारी श्रीमती उप निरीक्षक संगीता मिश्रा एवं रक्षा टीम उपस्थित थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि दुर्ग जिला पुलिस समाज को नशे की बुराई से मुक्त कराना के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। आपरेशन विश्वास पर जिले भर में इस तहत के वैलनेस शिविरों जनजागरुकता कार्यक्रम तथा कॉउंसलिंग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवाओं को सही दिशा दी जा सके और नशे के दुष्चक्र से बाहर निकाला जा सके। इस अवसर पर नशे से शरीर को होने वाले नुकसान की जानकारी भी दी गई।

# भिलाई में आज जुटेंगे पूर्व साक्षरता सेवी, होंगे सम्मानित

**भिलाईनगर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** पूर्ववर्ती दुर्ग जिले में 90 के दशक में संचालित साक्षरता अभियान में अपनी नि:स्वार्थ स्वंयसेवी भागीदारी देने वाले साक्षरता सेवियों का सम्मेलन 26 अक्टूबर को भिलाई में आयोजित होगा। साक्षरता मित्र मंच द्वारा यह आयोजन भिलाई सेक्टर.6 स्थित जैन भवन में प्रात: 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा। इस आयोजन में पूर्व की जिला साक्षरता समिति दुर्ग द्वारा संचालित हुए साक्षरता, उत्तर साक्षरता अभियान के अलावा जनशाला, स्वास्थ्य जागरूकता, जलग्रहण क्षेत्र विकास, निशक्तजन परामर्श केंद्र, महिला परिवार परामर्श केंद्र, मितानिन जैसे विविध कार्यक्रमों में स्वैच्छिक सेवाएँ देने वाले प्रमुख कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस आयोजन में दिवंगत साक्षरता सेवियों जैसे जमना लाल कसार, डा सुरेन्द्र दुबे, मुकुंद कौशल, विजय शंकर चौबे, निशा गौतम, बी एल परगनिहा, एम एम वशिष्ठ, जैसे 42 दिवंगत विशिष्ट साक्षरता सेवियों की स्मृति में श्रेष्ठ साक्षरता कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया जाएगा इस एक दिवसीय मिलन कार्यक्रम की गतिविधियों के अन्तर्गत आयोजित सम्मान समारोह में दुर्ग, भिलाई, रिसाली व भिलाई-चरोदा के महापौर क्रमशः श्रीमती अलका बाघमार महापौर नगर पालिक निगम दुर्ग, महापौर नीरज पाल नगर पालिक निगम भिलाई, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर श्रीमती शशि सिन्हा व नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेंगे इस अवसर पर दिवंगत साक्षरता सेवियों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए सारक्षता समिति के प्रमुख रहे प्रो. डी.एन. शर्मा ने बताया कि इसमें शामिल होने वाले अपने अनुभव देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 25 वर्षों बाद सभी जन उपस्थित होंगे।

# स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का खुलासा



**भिलाईनगर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** स्मृतिनगर जुनवानी स्थित लोरेंजो स्पा एवं ली वेलनेस स्पा सेंटर के संचालकों द्वारा संगठित रूप से अवैध धन लाभ अर्जन हेतु स्पा में मसाज के नाम पर देह व्यापार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्लू पदम् श्री तंवर के निर्देशन में पुलिस द्वारा उप पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्लू के नेतृत्व में महिला थाना एवं स्मृतिनगर की टीम गठित कर पॉइंटर नियुक्त कर उसकी निशानदेही पर लोरेंजो स्पा एवं ली वेळनेस स्पा में दबिश दिया गया जो मौके पर ली वेलनेस स्पा के संचालक धनेश्वर एवं लोरेंजो स्पा के मैनेजर पवन की उपस्थिति में स्पा सेन्टर को चेक किया गया दोनों स्पा में संगठित रूप से बाहर की महिलाओं को रखकर ग्राहकों को बुलाकर देह व्यापार कराया जाना पाया गया। मौके पर दोनों स्पा के मैनेजर एवं संचालक के कब्जे से देह व्यापार से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री, ग्राहकों के विवरण से संबंधित रजिस्टर एवं अन्य सामग्री जब्त किया गया। तलाशी के दौरान लोरेंजो स्पा के रूम में ग्राहक गौरव, रचित को आपत्तिजनक हालत में पाया गया। इसी प्रकार ली वेलनेस स्पा के कमरे से ग्राहक संतोष, अब्बास को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया है जिनके पास से आपत्तिजनक सामग्री जब्त किया गया है सभी 06 आरोपियों के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार अधिनियम 1956 की धारा 3, 4, 5, 7 के तहत कार्यवाही किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक भारती मरकाम, उप निरीक्षक गुरुविन्दर सिंग संधु, सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। गिरफ्तार आरोपी धनेश्वर, पवन, अब्बास, रचित, संतोष कुमार, गौरव को गिरफ्तार किया गया है। स स्मृति नगर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# ड्राय फ्रूटस की दूकान में आग लगने से भारी क्षति

**दुर्ग, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** इंदिरा मार्केट में पार्किंग स्थल के पास संचालित नवनीत ड्रायफ्रूटस की दूकान में गत रात्रि आग लग जाने से लगभग 25 से 30 लाख रूपयों का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने का कोई स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। दूकान के संचालक नवनीत सिंग सहित कतिपय अन्य लोगों का अनुमान है कि यह हादसा शार्ट सर्किट की वजह से हुआ होगा। कोतवाली पुलिस की टीम ने रात्रि में ही मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है।



ज्ञातव्य है कि नवनीत ड्रायफ्रूटस की दुकान विगत 3 वर्षो से इंदिरा मार्केट में पार्किंग स्थल के पास चल रही है। नवनीत के अनुसार उन्होंने दीवाली की वजह से अतिरिक्त माल भरा था। गत 24 अक्टूबर को वे समाज के किसी कार्य से गये थे और दूकान बंद रखी थी। रात्रि को लगभग 11 से साढ़े 11 बजे के बीच उन्हें बाजू में व्यवसाय करने वाले जैन चाट के संचालक के फोन से आग लगने की सूचना मिली। वे अपने निवास गुरूनानक नगर से सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे तो देखा कि यहां उपस्थित कतिपय लोग अपने सीमित साधनों से आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की एक टीम ने आग पर नियंत्रण पा लिया। रात्रि साढ़े 12 बजे तक आग बुझा ली गई थी किंतु दूकान में रखा सारा फर्नीचर व सामान जलकर राख हो गया था। उल्लेखनीय है कि यह दूकान इंदिरा मार्केट के सघन इलाके में है। एक तरफ चाट भंडार है तो इसी लाईन में इलेक्ट्रिकल्स, इलेक्ट्रानिक्स फोटो फ्रेम सहित अन्य दूकानें है। अनाज किराना दूकान भी इसी से लगी है। ऊपरी मंदिर में प्रेस काम्पलेक्स है। पुलिस फायर ब्रिगेड के साथ ही अड़ोसी पड़ोसी दूकानदारों की तत्परता से गत रात्रि एक बड़ा हादसा टल गया।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन प्रारंभ

**दुर्ग, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ की दुर्ग जिला इकाई के सदस्यों ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर आज कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ एवं छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी आपरेटर संघ द्वारा अपने मांगों को लेकर आज से आंदोलन शुरू कर दिया है। आज प्रथम दिन कर्मचारियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, खाद्यमंत्री सहकारिता मंत्री एवं वित्त मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर मांगें पूरी न होने पर 12 नवंबर से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जायेगी। यह जानकारी संगठन की दुर्ग संभागीय इकाई पदाधिकारी जागेश्वर साहू ने दी। यह आंदोलन प्रदेशव्यापी है।



ज्ञापन में समिति ने खाद्य विभाग से उचित मूल्य दूकानदारों के विक्रेताओं को प्रतिमाह 3 हजार रूपये की राशि देने तथा कम्प्यूटर आपरेटरों को विभागीय कर्मचारी घोषित कर नियमितीकरण किया जाये। इसी तरह सहकारिता विभाग से मांग की गई है कि प्रदेश की सभी सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने 3-3 लाख रूपये प्रतिवर्ष दिये जायेगें। इसके अलावा काण्डे कमेटी की सिफारिशें लागू करने की मांग की गई है। इसके तहत भविष्य निधि, महंगाई भत्ता, ईएसआईसी सुविधा, संस्था में दैनिक एवं संविदा में कार्यरत कर्मचारियों को सीधी भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग भी शामिल है। ज्ञापन में कहा गया है कि मांगें पूरी न होने पर 28 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में रैली निकालकर विभिन्न मंत्रियों के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। इसके बाद 3 नवंबर से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जायेगा। इस पर भी मांगें पूरी न की गई तो 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जायेगा जो राज्य शासन द्वारा केबिनेट की बैठक में निर्णय लिये जाने तक जारी रखा जायेगा।

# अंततः चार दिनों बाद किया पुलिस ने अज्ञात लाश का कफन दफन

**दुर्ग, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** दुर्ग रेल्वे स्टेशन के पास लगभग 4 दिनों पूर्व जिस अज्ञात व्यक्ति की रक्तरंजित लाश पाई गई थी उसका चार दिनों बाद तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल सका। मृतक की किसी स्तर पर कोई पहचान न मिलने के कारण अंततः पुलिस ने उसका पुलिस के नियमों के तहत अंतिम संस्कार कर दिया। उल्लेखनीय है कि दुर्ग रेल्वे स्टेशन के पास गत 20 अक्टूबर को एक 35-40 वर्ष के व्यक्ति की रक्तरंजित लाश पाई गई थी। मोहन नगर पुलिस द्वारा लाश मिलने के साथ ही उसकी शिनाख्त कराने की कोशिश की जाती रही मगर कोई भी शिनाख्त न हो पाने के कारण अंततः 24 अक्टूबर की शाम अंतिम संस्कार कर कफन दफन के तरीके से कर दिया गया। पुलिस के अनुसार यदि अब कोई दावेदार आता तो मृतक की फोटो व वस्त्रों के आधार पर ही उसकी शिनाख्त की जा सकेगी।

# पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आज अहमदाबाद संघ के सैकड़ों तीर्थ भक्तों ने किया महाअभिषेक





**दुर्ग, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आचार्य विजय राजयश सूरीश्वर जी म सा के आज्ञानुवर्तिनी साध्वी श्री वांचयमा श्री जी बेन म.सा. की प्रशिष्या पू साध्वी श्री लक्ष्ययशा श्री जीएसा श्री लब्धियशा श्रीजी एसा श्री आज्ञायशाश्रीजी म सा विराजित हैं

आज श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ .नगपुरा में श्री गुरुकृपा जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ पारसनगर अहमदाबाद से 450 यात्रियों का तीर्थ पदार्पण हुआ। संघ द्वारा आज रजत छत्र समर्पण किया गया। आज तीर्थ पति का महाप्रभाविक श्री वर्धमान शक्रस्तव मंत्रोच्चार के साथ महाभिषेक का लाभ किंजल बेन पंकज भाई गांधी परिवार अहमदाबाद ने लिया। उल्लेखनीय हैं कि पंकज भाई गांधी आबू देलवाड़ा, ब्राम्हणवाडा आदि तीर्थों के अग्रणी पदाधिकारी है। पूज्य साध्वीवृंद की निश्रा में तीर्थ प्रबंधन की ओर से मयूर भाई सेठ, कार्तिक शाह ने पंकज भाई गांधी का बहुमान किया। तीर्थ में संचालित श्री पार्श्व गौसेवालय (गौशाला) में नूतन वर्ष दिवस पर जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ पारसनगर अहमदाबाद द्वारा सम्पूर्ण दिवस की आहार पानी हरी घास गुड़ सूखा चारा का लाभ लिया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना का हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

**भिलाईनगर, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।** प्रधानमंत्री आवास योजना भारत सरकार एवं राज्य शासन की प्राथमिकता में होने से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी. घटक अंतर्गत ऐसे हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाता है। जिनके पास स्वयं की भूमि या पट्टा उपलब्ध है। प्रधानमंत्री आवास योजना बी एल सी घटक अंतर्गत प्रथम चरण में 5115 आवास स्वीकृत हो चुके हैं, जिसके एवज 5033 आवास पूर्ण हो चुके हैं। द्वितीय चरण में 805 डी.पी.आर प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 536 स्वीकृत हो चुके हैं। स्वीकृत 536 में से 511 में भवन अनुज्ञा प्रदान की जा चुकी है और उसमें से 350 से अधिक में कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। विदित हो कि योजना के तहत वही हितग्राही पात्र होगें, जिनके पास देश में किसी भी स्थान पर पक्का आवास न हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपए से कम हो, भूमि स्वामित्व, पट्टा संबंधी दस्तावेज हो तथा परिवार के सभी सदस्यों का आधार व आवेदक का बैंक खाता हो। भिलाई निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी घटक अंतर्गत अब तक 5920 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। नगर पालिक निगम भिलाई का अधिकांश बसाहट नियोजित है तथा निगम भिलाई के क्षेत्र का बड़ा भाग भिलाई इस्पात संयंत्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं रेलवे मे सम्मिलित होने से उक्त भूमियों पर पट्टा वितरण का प्रावधान नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी. घटक अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वर्तमान में नवीन पट्टा का वितरण संबंधी कोई योजना प्रभावशील नहीं होने के कारण नवीन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी. घटक अंतर्गत लाभान्वित किया जाना



वर्तमान में संभव नहीं हो पा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा अपील की गई है की यदि कोई आवेदक के पास प्रधानमंत्री आवास योजना बी.एल.सी अंतर्गत स्वयं की भूमि, पट्टा है तथा उनकी वार्षिक आय 3 लाख रूपए से कम है तथा देश में कहीं भी उनके नाम पर पक्का मकान नहीं है तो निगम के जोन क्रमांक मदरटेरेसा नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय या टेलीफोन नंबर 0788-2294303 में संपर्क कर सकते हैं।

**पीएम आवास के 06 हितग्राहियों को मकान आबंटित किया गया**

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा एवं अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में 6 मकानहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल अत्यावश्यक कार्य के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाए। विधायक एवं महापौर द्वारा सभी हितग्राहियों को बधाई दी गई है। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का मुख्य कार्यालय सभागार में लाटरी आयोजित की गई। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। उनका दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने उपरांत हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया हैं। वंदे मातरम कुरुद भिलाई भूतल मकान हेतु रीना साहू को मकान आबंटित किया गया है। सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया के भूतल मकान हेतु रवि कुमार, रेशमा हियालए हिरौदा बाई साहू, मोहनी लाड, नरेन्द्र कुमार भाण्डेकर एवं विकास कुमार सिंघल को लाटरी निकालकर पर्ची सौंपा गया। सभी हितग्राही बहुत प्रसन्न नजर आए। लाटरी के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू सहित सी.एल.टी.सी. किरण चतुर्वेदी, आदित्य सिंह, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे। जिन हितग्राहियों को अपना मकान आज मिला उनकी खुशी चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही थी। आयुक्त ने इस योजना का लाभ लेने की अपील हितग्राहियों से की है।

## हाना

दूबर ल दू आषाढ़

कमजोर परिस्थिति के मनखे बर जादा खर्चा बाढ़ जाथे। एक तो आषाढ़ म पानी जादा गिरथे ऊपर दू आषाढ़ पर जाथे तेकर बर ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# आंवला के पूजा

सर्दी के मौसम अपन पांव पसारथे अउ आंवला के पेड़ ह मुस्काथे। आंवला के फल ले लदे पेड़ ल लइकामन के अगोरा रहिथे, जब ओमन आ के ओला तोड़यं। आंवला ल अब कोनो दूसर मन तोड़थें, दूसर याने बगीचा वालामन। बाजार म बेचाये बर जाथे।

आंवला कमजोर इम्यून सिस्टम वाले मन बर एक वरदान आये। सर्दी म याने जाड़ के मौसम म आंवला ह केवल इम्यूनिटी ल ही नइ बढ़ावय बल्कि ये ह शरीर ल अंदर ले डिटॉक्स घलो करथे। ये मौसम म सर्दी–खांसी अउ वायरल संक्रमण के खतरा बाढ़ जथे। सर्दी के मौसम म खान–पान उपर ध्यान देना चाही अइसे म आंवला,ल अपन खान पान म शामिल करना चाही। जेन ला आयुर्वेद म 'अमृतफल' कहे जाथे। दवाई, फल ,मेवा ले बढ़िया विकल्प आये।

आंवला म विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर अउ एंटी ऑक्सीडेंट्स सरिख खास नुट्रिएंट्स होथे।

डॉक्टर के अनुसार, येखर उपयोग कच्चा या जूस के रूप म सेवन करे ले येखर लाभ ज्यादा मिलथे। येमा मौजूद एंटीऑक्सीडेंट अउ विटामिन सी शरीर ल सर्दी–खांसी अउ वायरल संक्रमण से बचाये म मदद करथे। खासकर लइका अउ सियान मन बर ये ह एक वरदान आये।

आंवला के सेवन ले ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल म रहिथे। फाइबर ले भरपूर आंवला पेट के समस्या जइसे गैस, कब्ज अउ एसिडिटी ल दूर करथे। आंवला कोलेस्ट्रॉल के स्तर ल कंट्रोल करथे अउ ब्लड प्रेशर ल संतुलित रखथे। ये ह हार्ट ल स्वस्थ रखे म मदद करथें अउ हार्ट अटैक के खतरा ल कम करथे। आंवला शरीर ले टॉक्सिन्स ल बाहर निकालथे अउ लिवर ल डिटॉक्स करे म मदद करथे। ये ह खून ल साफ कर के त्वचा ल अंदर ले स्वस्थ बनाये म घलो सहायता करथे।

कच्चा आंवला ल धोके छोटे टुकड़ा म काट के हल्का नमक या काला नमक छिड़क के खाना चाही। अगर खट्टा स्वाद पसंद नइये, त गुड़ के संग खा सकथें। येखर जूस घलो प्रभावशाली होथे। ताजा आंवला ल मिक्सी म पीस के ओखर जूस निकाल लेना चाही। येमा शहद मिला के सुबह खाली पेट या नाश्ता के बेरा म पीना चाही। येखर ले एसिडिटी कम होथे।

बढ़िया मीठा विकल्प आये आंवला के मुरब्बा। आंवला ल पहिली उबाल के चाशनी म पका के मोरब्बा तैयार करे जाथे। येला बाजार ले भी खरीदे जा सकथे। ठंड के मौसम म शरीर ल गर्म रखथे, कब्ज के समस्या ले बचाथे। ये हड्डीमन ल भी मजबूत करथे।

आंवला के पाउडर ल लंबा समय तक स्टोर करके रखे जा सकथे। येखर सेवन कई तरह से करे जा सकथे। एक चम्मच आंवला पाउडर ल गुनगुना पानी, दूध या शहद के साथ मिला के पीना चाही। संगे संग येला दही या जूस संग मिलाके चेहरा उपर लगाये ले भी फायदा होथे। मनखे मन प्रकृति के बीच राहत राहत प्रकृति के खूबसूरती के संग ओखर गुण ल घलो जाने ले लगगें। जब विकास के शुरुआत होइस तब गुणी पेड़ पौधा मन के सुरक्षा बर ओला पूजे बर लगगें। दूसर कारण ये भी हावय के जेन पौधा हमर जीवन बर जरुरी हावय तेला बचाना। हिन्दी महिना म मौसम के अनुसार, अइसे फल फूल साग भाजी आथे जेन ल पूजा करके भगवान म चढ़ाये के बाद खाये जाथे। येखर बर धार्मिक पौराणिक कथा आगू आ जथे।

कार्तिक के महिना स्वास्थ्यवर्धक होथे। चंद्रमा के किरण पानी म पड़थे। ये ह शरीर बर गुणकारी होथे। रोज बिहनिया तरिया म नहा के शिवजी के पूजा करथें। तुलसी विवाह होथे। तुलसी के संरक्षण करथें। शकरकंद,चना भाजी,बोईर,भांटा, सिंघाड़ा ल तुलसी म चढ़ा के खाये जाथे। आंवला नवमी के दिन आंवला पेड़ के पूजा करके आंवला खाये जाथे। आंवला के महत्व ल पढ़े हव तब कइसे नहीं एखर पूजा करे जाही।

आज बाहरी मनखे मन के देखा देखी तिहार के पहिली ही सब जिनिस बाजार म पटा जथे अउ लोगन खाये ले लग जथें। हमन ल अपन संस्कृति ल बचा के हर फल, साग भाजी के महत्व ल समझ के ओखर ध्यान रखना चाही। उही महत्व आये जेखर कारण पेड़ पौधा के संरक्षण करत हावंय।

आंवला अमृत आये। पूरा महिना ओखर पूजा करे जाथे। लोगन पेड़ के छाँव म खाना बनाथे भी अउ खाथे भी। जगह जगह पिकनिक घलो मनाये जाथे। आँवला के पेड़ के नीचे दान पुण्य करथें। येला संरक्षित करत हावंय, येला जगह जगह लगावत हावंय।

–सुधा वर्मा

# साहड़ा देव, मातर जगार अउ यादव

हमर छत्तीसगढ़ के गंवइहा संसकिरती मा यदुवंशीय, यादव, ठेठवार, पहाटिया, गहिरा,अहिर, राऊत समुदाय के गांव बेवस्था मा ऊंचहा इस्थान हे। किसान, ठाकुर के दमदार अउ गऊ रक्छक साथी नम्बर वन राऊत होथे। जेन सुभाव ले सिधवा, मिलनसार, गांव बिधान के झंडा ल अपन हाथ म थाम के गांव के संसकिरति ल बारो महीना (सरदी, गरमी,बरसात) आगू बढ़ाथे। ठाकुर जोहार करके भाईचारा बढ़ाथे।

गांव बस्ती के गौठान म बिराजे साहड़ा देव ला किसान मन राऊत ल हरेली अउ देवारी (गोबरधन) के दिन सेवा अरजी करे बर पोगरी सऊंप देथें। गांव के साहड़ा देव भगवान के असली पुजारी राऊत मन होथे, जेन दूध– दही, कंद– मूल,फर के भोग लगाथे।

फेर उहू मा एकठन बिस्कुटक देखे जावत हे, अइसे काकर बुध ल मानके साहड़ा देव ल तिरिया के दूसर देव ल खड़े करे जावत हे? बिचार करे के बात हे। एमन पहिली भटकगे रिहीन या अब भटकत हे? एके जगा, एके बिधान के दू ठक देवता कइसे?

मातर प्रथा, परम्परा म माई ,पालक, माता। तर=तरना, पार होना। अपन पालक के करजा ले मुक्ति पाना, सुखी होए के कामना करना, उछाह मनाना। मातर परम्परा के अगुवा राऊत मन आय, किसान ए परम्परा के बिकास म भरपूर सहयोग करथें। समाज म दू बिधान रइथे एक भितरौंधी, दूसर बाहिरी। जइसे घर भीतर कुल देव, मूल देव,पीढ़ी पूजा, गोसई, पुसई होथे अउ जंवारा जगजाहिर हे।

> पुरुषमन-रंगीन कपड़ा पहिरे, मोर पंख खोंचे, कउड़ी पहिने, तेंदु लउठी धरके पारम्परिक दोहा पार के दफड़ा, गुदुम, टिमकी, झांझ - मंजीरा मोहरी के धुन मा बिधुन होके नाचथें। कुछ मन अजीब-अजीब लउठी तलवार धरके अखरा म अपन करतब तको देखाथे। मातर तिहार के बाद गांव-गांव म मड़ई के सुरुवात हो जाथे।

मातर देवारी के बिहान दिन ले सुरू होथे। मातर के तइयारी राऊत, पहाटिया मन करथे। मातर संकल्पित होथे–हर साल, तीन साल, या जब–जब कुल देवी–देवता सताही तब। बिना राऊत,पहाटिया के गांव म मातर नइ मनावयं।

ए दिन चरवाहा समुदाय अपन कुल देवी – देवता मन के पूजा करथें। अपन देवी – देवता के आगू मा गोरइया चघथे। सब अपन देवता के आगू मा झूपथे–जवारा मा देवता चघथे। ईसर –गौरा मा डड़ईय्या, कोठा म गोरईया, राऊत कांसा चढ़के दोहा पारथे।

मातर परब– एला मनाए के पहिली पहाटिया गांव के किसान, ठाकुर मनला सूचित कर देय जाथे। गौठान मा खैर रुख के 'खुड़हर' देवता (लोकदेव, वनरक्षक) ला सुग्घर सजा के प्रतीक स्वरूप रखथें। तिहां लइका– सियान मिलके सेवा, अरजी–बिनती करथें । पशुधन गाय – बइला के पूजा करथे। बिहिनिया ले रऊताईन मन गौठान पहुंच के तइयारी करथें। बरदी के बीच कुम्हड़ा ल ढुलो के गाय के गोड़ म फोरवाथे। तहां ले महिलामन इही ला सब्जी बनाथे। संग म खीर, भात, साग तको बनाथें। गांव भर के सकलाये मनखे मन ला इही ल बाद म परसाद स्वरुप बांटथे।

दरसक मन के बीच म पुरुषमन–रंगीन कपड़ा पहिरे, मोर पंख खोंचे, कउड़ी पहिने, तेंदु लउठी धरके पारम्परिक दोहा पार के दफड़ा, गुदुम, टिमकी, झांझ – मंजीरा मोहरी के धुन मा बिधुन होके नाचथें। कुछ मन अजीब–अजीब लउठी तलवार धरके अखरा म अपन करतब तको देखाथे। मातर तिहार के बाद गांव–गांव म मड़ई के सुरूवात हो जाथे।

ये मातर तिहार मा गउ पालक यादव मन के कहीं ना कहीं गांव व पशु सुरक्छा के संगे– संग घर परिवार, समाज उन्नति के मंगल कामना समाए हे। एमा सार बात कहे जाए ता समरसता, आपसी भाईचारा, लोक संसकिरती सामाजिक एकता के भाव झलकथे।

–मदन मंडावी, ढारा, डोंगरगढ़,राजनांदगांव

# सड़क में मछरी पालन

**बियंग**

गरमी के दिन में बने नवा चमचमाती सड़क ह बरसात के पहिलीच पानी में हिरोइन के मेक–अप असन धोवागे अउ रेती, सिरमिट, डामर अउ बजरी गिट्टी मन भिंगे उड़िददार के फोकला कस उफलगे। सड़क ह चुहके आमा के फोकला कस खोचका–डबरा होगे।

जी परान देके जनता के सेवा करइय्या भैय्या जी किसम के मनखे मन तुरते ये बात के शिकायत सड़क बनवइय्या बड़े साहब मेरन जा के करिन। पत्रकार मन घला साहब मेरन पहुंचगे।

पत्रकार मन साहब ला पूछिन–कस साहब! आजकल लाखों–करोड़ों रुपया के बने पुल–पुलिया अउ चमचमाती सड़क मन बरसात के पहिलीच पानी में चाउर असन धोआ जावत हे। ये बड़ अचंभा के बात आय भई? अभी घला अंग्रेज जमाना के बने कतकोन पुल–पुलिया अउ भवन मन वइसनेच के वइसने हावे। फेर नवा मन कइसे निचट सिगसिगहा होवत हे? आज बनत हे तेखर चिन्हा कालीच सिरा जावत है, ये काय बात आय?

साहब पहली अपन पेट में हाथ ला फेरिस अउ डकार लेवत किहिस– येमें अचंभा के काय बात हे यार! सियान मन कहिथे 'तइहा के बात ला बइहा' लेगे। पहिली के सड़क ह जुन्ना तकनीक में बने। अब के मन बिल्कुल नवा तकनीक ले बनत हे। बेरा के संगे–संग तकनीक ह तो बदलबे करही। हमन तो 'सियाराम मय सब जग जानि' के सिद्धांत ल अपना के सबके कल्याण करत हन। देखत नइ हव सड़क में आज कल कतेक मनखे मन कल्याण होवत हे? अरे भई! जब तरिया डबरी मन पटावत हे तब मेंचका–मछरी के रहे–बसे बर जगा लागही कि नइ लागही? जउन ला तुमन खोचका–डबरा समझत हव तउन सब मेचका–मछरी आवास योजना के अन्तर्गत इखर बर बनाय आवास आय, समझगेव?

दूसर बात ये आय कि आजकल मनखे मन गजब सुविधाभोगी होगे हावे। मिहनत के काम जादा नइ करे तेखर सेती किसम–किसम के बीमारी ओमन ला घेरे रहिथे। शरीर ह निचट कमजोर होवत जावत हे। खेल मैदान अउ चरागन में मनखे मन अवैध कब्जा करके बइठे हे। तिही पाय के हमन सोचे हन मनखे जब उबड़–खाबड़ सड़क में चलही तब उखर अच्छा व्यायाम होही। जिनगी के ऊंच–नीच रद्दा में चले के अभ्यास होही। हमन जउन नवा तकनीकि ले सड़क बनावत हन ओमें कई किसम के फायदा हे।

पहली बात तो ये हे कि– हम जनसंख्या नियंत्रण अउ अंधत्व निवारण बर स्वास्थ्य विभाग ल अपन भरपूर सहयोग देवत हन। जउन मनखे हमर बनाय सड़क म बने सोझ बाय रेंगत हे मतलब समझ जाओ कि ओखर दोनों हेड लाइट ठीक हे अउ जउन सड़क के खोंचका–डबरा म झपा के गिरत–हपटत हे माने उंखर आंखी के फ्यूज होय के डर हे। ओला बिना जांच–पड़ताल के सोझे ऑपरेशन थियेटर म ओईलाय के जरूरत हे, समझेव? तीसर बात ये हे कि आजकल अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में हमर खिलाड़ी मन अपन खेल के प्रदर्शन ठीक से नई कर पावत हे, एखर कारण ल जानथव, नहीं ना? एखर कारण खेल मैदान के कमी होना आय। मोला पक्का विश्वास हे, हमर खिलाड़ी मन हमर नवा तकनीक के सड़क म जब कूदत–फांदत रेंगहीं तब उंखर अच्छा प्रेक्टिस होही अउ ओमन कहीं नहीं ते लम्बी कूद अउ ऊंची कूद म सफल हो के हमर देश बर जरूर मेडल जीत के लानही। चौथा फायदा ये हे कि सड़क के गड्ढा म जब पानी भरे रइही तब जल संरक्षण घला होही। पानी भरे सड़क म चलइय्या मोटर गाड़ी मन अपने आप धोवाही तब उंखर मालिक मन के पइसा बांचही। सड़क के दचाका में कोन्हों मोटर गाड़ी बांचगे तब समझ लेवव कि गाड़ी बहुत मजबूत हे, मतलब एखर ले गाड़ी के मजबूती के घला जांच होही अउ...।

साहब के गोठ ल सुन के सुनइय्या मन ल तीन डिग्री के बुखार धर लिस। ओमन मुड़ धरके बइठगे। एक झन किहिस– भइगे ददा! हमन समझ गेन, आप मन अइसन सड़क के माध्यम ले गजब अकन कल्याणकारी योजना चलावत हव। हमी मन मूरख आन ददा जउन आप मन के योजना ल आज ले नई समझे रहेन। अब समझ गेन अउ जादा झन समझा। जादा समझे म तो हमर इंहचे कल्याण होय के डर हे। हमन जावत हन मोर बाप।

साहब ह हव कहिके मुड़ी ल डोलावत अपन पेट म हाथ फेरिस, वतकीच बेर ओला डकार आगे। कुरिया भर डामर अउ सीमेंट के बदबू भरगे। उंहा रिहिन तउन मन नाक ल चपक के थू –थू कहत भागिन।

वीरेन्द्र सरल, बोडरा मगरलोड– धमतरी

# चेंदरू - 24

चेंदरू के फरसा ले बघवा के जवान पिला मरगे...। चेंदरू ल बहुत पछतावा रिहिस

फेर चेंदरू ल बात समझ नी अइस के बघवा हा ओकर उपर मस्ती करे बर कूदिस के, हमला करे बर? जवान मरे बघवा के देंहे ल ओकर दुनों संगवारी मन गांव म लेगना चाहिन फेर उचा नी सकिन।

चेंदरू ह उही बघवा संग खेले कूदे रिहिस .. एके महतारी के दूध पिये रिहिस। ओकर मन म बहुत पछतावा रिहिस। ओहा ओकर देंहे ला अकेल्ला तीरत एक ठन गड्ढा म डार के माटी म पाट दिस।



गांव के कतको मन जानत नी रिहिन के चेंदरू तिर अतेक जादा ताकत हे। चेंदरू ल तको अपन तिर अतेक बल के भरोसा नी रिहिस। कुछ दिन तक चेंदरू के जंगल जवई कमतियागे। ओकर ददा के तबियत खराब रहय तेकर सेती ओकरे सेवा म लगे रहय अऊ अपन खेती खार ल दुरूस्त करत रहय। ओकर मन हा बघवा ले माफी मांगे बर जाय के होवत रहय। एती बघवा के बेटा मन सरी बात ला बघवा ला बता चुके रहय। बघवा के जीव हा डर के मारे धुकुर–पुकुर होवत रहय। ओहा बेटा मनले जब मुलाखात होय त उनला पूछय– चेंदरू ल देखे हव का ? बेटा मन निही कहय। ओहा बेटा मनला चेंदरू ले मिलके माफी मांगे बर कहय अऊ ओकर सो दुश्मनी करे के सोंच ल पूरा मन ले निकाले बर समझावय। चेंदरू के ताकत ले बघवा के लइका मन पहिली ले परिचित रिहिन। ओ दिन ओकर फरसा के धार ला घला देख डरिन। अब वहू मन घबराय लगिन।

चेंदरू बहुत समझदार हो चुके रिहिस। अब घर, गांव जंगल सबो के बारे म सोंचे लगिस। महतारी–बाप के एके झन बेटा हा अपन बाप के घला बहुत सेवा सटका करय। बाप हा ओकर सेवा म बने घला होगे रहय अऊ खेत खार जाना शुरु कर दे रहिस। एती चेंदरू घला अपन ददा के बुता म हाथ बंटावय। एक दिन समय पा के जंगल घला चल दिस चेंदरू हा।

जंगल म बघवा–बघनिन माई पिल्ला एके जगा सकलाय रौनिया सेंकत रहय। चेंदरू ला हाथ म फरसा धरके आवत देख जम्मो झिन खड़ा होगिन। बघवा के लइका मन पीछू डहर घुचदिन। चेंदरू हा तिर म गिस अऊ जम्मो झन ले प्यार से मिलिस। बघवा ल पोटार के माफी मांगिस। एती बघवा हा चेंदरू ले माफी मांगत रिहिस। दुनों के आंखी डहर ले आंसू ढरक गिस। प्रेम हा आंसू के धार बन के उमड़गे। दुनो के सम्बंध म एको पइसा के अंतर नी आय रिहिस। फेर अब चेंदरू के अवई जवई म कतको कतको दिन के अंतर आय लगिस। एती बघवा घला चेंदरू तनि ले निश्चिंत हो चुके रिहिस।

एक दिन... चेंदरू के ददा हा खेत म बुता करत उदुपले गिरिस अऊ पट ले प्राण ह छूटगे। चेंदरू हा ददा संग कमावत रहय, ददा ल मरे देख बमफार के रोय लगिस। मंझनी मंझना नरवा म पानी पियत बघवा–बघनिन के नजर हा रोवत चेंदरू उपर परिस। तिर म अऊ कोन्हो नी रहय। बघवा–बघनिन हा तिर म गिन अऊ चेंदरू ला चुप करावत ओकर मुड़ ला सहलाय लगिस। चेंदरू के आंसू थिरकत नी रहय। बहुत देर म चेंदरू ल हिम्मत अऊ अपन कर्तव्यबोध होइस। अपन बाप के मरे देह ला गांव तक लेगना रिहिस। अब अकेल्ला कइसे लेगय? ओला समझ नी आवत रिहिस। अतेक ताकतवाला होके ददा के लाश ला नी उचा सकिस। ओकर हाथ कांपे लगिस। बघवा ह भुंइया म बइठगे तहन, बघनिन हा चेंदरू के ददा के लाश ल इज्जत से उचा के बघवा के पीठ म लाद दिस। काफिला चल परिस गांव डहर।

गांव भर देखो देखो होगे रहय। सांझ होगे रहय। रात भर गांव वाले मन घर के भितरी म जागिन त बघवा–बघनिन ह घर के बाहिर म जागके पहरा दिन। दूसर दिन बिहाने ले ओकर ददा के दाह संस्कार के होवत ले बघवा–बघनिन हा तिरे तिर म रिहिन अऊ सरी क्रियाकरम ला देखत रिहिन। जब सब निपटगे तभे बघवा– बघनिन हा जंगल म खुसरिन।

चेंदरू के सेती मनखे के मरे म जंगल के राजा–रानी के दुख मनाना हा एक बेर फेर इलाका भर चर्चा के विषय बन चुके रिहिस।

हरिशंकर गजानंद देवांगन, छुरा

# लाला के देवारी

**कहिनी**

मोटर ह दमदमावत आके सड़क के पाई म खड़ा होगे। चकरा सेठ अपन दूकान ले बइठे– बइठे देखत हे। खचाखच सवारी भरे हे। उतरे बर अपन– अपन ले कोलो –कोलो करत हे।

चौमासा पानी के बरसत ले नरवा–झोरी जइसे उबुक– चुबुक होवत खलबल –खलबल बोहाथे। बरसा थमिस ताहेन भईगे, सुक्खा के सुक्खा। सुक्खा नरवा खौल बउराई। आए के बेरा जम्मो हांसत–गोठियावत आइन। उतर के तैं कोन, मैं कोन? मोटर ठकठक ले खलियागे।

सवारी मन ल उतरत देखके पसरा वाले, ठेला वाले दुकानदार सबो जोसियागे। कोनो फटाफट माखुर ल मार के दबाइन अउ समान मन सोझियाए जमाए लगिन। कोनो पीयत बीड़ी ल फेंक के नरेटी भर– भर के चिल्लाए लगिन। झुनझुना, पोंगरी वाले मन बजा– बजा के लइका मन ल मोहाए म लगगे। दुकानदार मन दूकान के आगू म निकल के कहत हे –

'आ भाई, का लेबे? का देववं दीदी, बड़ सस्ता हे वो। ले ले।' चकरा सेठ जस के तस फसकराय दूकान म बइठे हे। अइसन – वइसन धंधा नई करय चकरा सेठ ह। घर बइठे बारा घाट के पानी पीये हे। ग्राहक के नारी ल रेंगती टमर डारथे।

जम्मो सवारी बजार म समागे। वो मोटर ले उतर के अकर– जकर ल देखत हे। चकचकाए सोचत हे – 'कती जाना चाही?'

मन के बात गड़रिया जानय। चकरा सेठ के नजर ओकर हाव–भाव ऊपर हे। उदुप ले ओकर नजर चकरा सेठ ऊपर परिस। चकरा सेठ बड़ प्यार से मुचमुचावत पुचकारे असन हाथ के इशारा म ओला बलाइस। वोह दूकान म घुसरे बर कनुवावत सकुचावत रिहिस हे। चप्पल ल दुवारी म निकालते रिहिसे, सेठ टोकत बरजत कहिथे– 'आजा, अइसने आजा, नई लागय गा चप्पल –उप्पल उतारे बर।'

–'भारी भीड़ हे गा' – सेठ बाते म ओकर पीठ ल सहिलाइस।

–'काला कहिबे तिहरहा ताय सब'– ओह हाथ ल हलावत लमावत कहिस।

ओकर मुंह का उलिस, सेठ ल पांव राखे बर ठऊर मिलगे। का पूछथस ताहने? बइठन दे त पीसन दे। सुर धर के मुड़ ल हलावत सेठ लमाइस – हव भई, छिन म पूरा मोटर खाली होगे गा।

ओला हां म हां मिलावत देख के सेठ तुरते फेर पासा फेंकिस– आ बइठ। पानी पियाववं। सींका के टूटती बिलई के झपटती होगे। ओकरो मन कोंवरागे।

–जम्मो तुंहरे गांव के सवारी आय– लकड़ी के बेंत लगे कपड़ा के झारा म 'फट –फट' कपड़ा मन के धुर्रा ल झर्रावत सेठ कहिस।

–वाह...! जम्मो खपरी के ये, अऊ देखबे, जाए के बेरा इहां ले 'कोचकिच–ले' भरा के जाही, उहां 'बरबर–ले' खाली। कहां गए कहूं नहीं, का लाने कुछु नही – वोह ह एके सांस म सबो बात ल झर्रा डारिस।

चकरा सेठ ल चकराए बर जगा मिलगे – 'अरे तोर बरेठ खपरी के चारो मुड़ा शोर उड़े हे भाई, दुरूग ले बइठ, चाहे रइपुर ले, खपरी कहे ते फट्टे टिकिस कटा जथे।

–हहो सिरतोन काहत हस।

–मार्का टेशन होगे हे गा, तुंहर गांव ह। –सेठ गोटारन कस बड़े–बड़े आंखी ल नटेरत कहिथे।

'कंडेक्टर–ड्राइवर मन तको हमर गांव के जम्मो मनखे मन ल चीन्ह डारे हे। वोह ह हाथ ल लमा–लमा के थूक छटकारत–गिजगिजावत कहिस।

–झन कहा, चिन्हत होही। सेठ अब धीर लगा के गेयर बदलिस– तैं जादा बजार –उजार नई आवस का?

–मैं गांवे म नई राहवं न।

–अच्छा – अच्छा– अच्छा। तभे तो सोंचत रेहेंव, जादा दीखस नहीं कहिके। सेठ के गोठ खतम नई होए पाए रिहिस हे।

वोह चार आगुर आगू ले लमा दिस–मैं नागपुर म रहिथौं, गजब दिन होगे। भइगे तिहार –बार म आथव–जाथव।

सेठ के मुड़ ल हुंकारू संग डोलावत देख, एकर मुंह उले के उले रहिगे।

टेटका कस मुड़ ल हलावत कहे लगिस– 'हमी भर मन दुई के दुआ रोजी मजूरी करथन उहां। लोग लइका मन गांवे म रहिथे दाई –ददा तीरन।

जगहा मिलते साथ सेठ ह मछरी बरन मुंह मारत कोकड़ा कस टप ले जमाइस– तुंहर इहां सियनहा के का नाम हे? देख भुलावत हौं, मुंहेच ऊपर हे...' अउ देखौटी अंगरी म अपन माथा ल 'टुक–टुक' मारत, जुवाब के अगोरा म ओकर मुंह ल देखे लगिस।

वोह तो मोहागे राहय। सेठ ल थोरको अगोरे बर नइ लागिस। बांचा माने सुआ कस फट्ट ले अपन सियनहा के नाम ल बता दिस–

'अलेनी।'

–हां..., हां !! ठउका कहे।– सेठ अब मुड़हेरी सांप कस वोला लपेटा म ले डारिस– 'मैं तोर चेहरा– मुंहरन ल देख के जान डारे रहेवं। ओकरेच लइका आस कहिके। अब वोह अब रतियाके बइठगे।

सेठ अब टाप गेयर म आगे –तोर का नाम हे?

वोह अपन नाम 'लाला' बताइस। अब सेठ के मन के मनसुभा अंटियावत खड़ा होगे। दूनो हथेली ल रगड़त पूछथे– 'ले का देखाववं लाला! पहिली लइका मन बर, के सियान मन बर?'

पाके बिही के लाल–लाल गुदा कस मसूड़ा ल उघार के हांसत लाला कहिस–लइके मन बर पहिली देखा न भई, उंकरेच मन के तो तिहार ये।

सेठ के मन अब गोठबात ले उचटगे। ओकर धियान धंधा म धंसगे हे। एके भाखा कहिस

– 'हव।' अउ ओसरी–पारी कपड़ा देखाए म लगगे। लाला देख परख के परिवार के जम्मो झिन बर कपड़ा –लत्ता छांट डारिस। कपड़ा देखाए के बेरा सेठ कीमत ल नई बतावय। लाला एक–दू घांव पूछिस–'एकर का भाव हे सेठ?'

सेठ कहि देवय– 'ले न ते काबर फिकर करथस, तोर ले जादा थोरे ले लेहूं।

–तभो?

–घर के लइका होके तहूं कइसे गोठियाथस लाला!

मया के भूखाय अऊ मया म मराय मनखे के एके गत होथे। लाला के मुंह बंधागे। वोला अकबकासी लगे लगिस। अइसे तो वोह कपड़ा के रंग ढंग ल देख के मने मन म कीमत के आकब कर डारे रहय।

'भइगे सेठ अब अतके ले जाना हे।' – लाला कहिस।

सेठ जानबूझ के ओकर गोठ ल अनसुना कर दीस। चुकचुक ले चमकदार लाल कमीज ल फरियावत दांव मारिस–वा, सब झन नवा कपड़ा पहिरही अऊ तैं जुन्ने ल पहिरबे गा? बारा महीना म एक पइत आए बर, जीयत रहिथे तेकर तिहार।

–नहीं, नहीं मैं पाछू लेहूं। अभी तो नवा –नवा सिलवाए हववं, महीना भर नई होय हे।' –अपन आगू म रखाए कपड़ा मन ल सेठ कोति सरकाइस – ले बता, येमन कतेक के होइस?

सेठ अब कापी कलम उठालिस। जोड़ घटा के बताइस– एक्कइस सौ तीन रूपिया।

लाला धरम संकट म परगे। कुल एक्कइस सौ रूपिया तो खुदे धर के आए रिहिस हे। डेढ़ दू हजार कपड़ा–लत्ता, फौज–फटका अउ सौ रूपिया, मोटर–गाड़ी, साग–भाजी, बजरहा खरचा हिसाब के।

> लाला ल उरमाल के अंटी ले पइसा निकालत देख सेठ के बांछा खिलगे। घर कोती चाहा बर हूत कराइस। लाला मना करिस- अहां... अहां! मैं चाहा -वाहा नइ पीयव। अभी तो लाला म अउ रसा बांचें हे। सेठ के पियास तको नइ बुझाए हे। सेठ साहूकार मन तो अइसन माटी के बने होथे जिंकर मन म सरी दिन लालच के दर्रा फाटे रहिथे।

सियनहा के कपड़ा ल अलगियावत कहिथे –एला राहन दे, आन दिन ले जाहूं।

सेठ जान डारिस। सोचिस –लेवना ह ससलत बगरत हे। सकेल के एकथई करे बर परही।

बेचाय माल ह वापस झन होए पावय, येह चकरा सेठ के गुपचुप, भीतरौंधा अउ अनकहा, अनछपा शर्त आवय।

कतेक असन कम परत हे? – सेठ ओकर आंखी म आंखी डारके तिखारिस। सब बात ल फोर –फरिहा के बता दिस लाला ह।

लाला के पीठ ल सहिलावत सेठ भुलवारथे – बस, अतके बात हे?

अब सेठ मालिस –पालिस वाले जात म उतर गे –'अइसन लजाए– सकुचाए वाले काम झन करे कर भई! मोला अच्छा नई लागत हे।– कहिते काहत कपड़ा ल झिल्ली म भर डारिस। लाला लजाए असन मुड़ी नवाए खड़ेच हे। सेठ ओला झोला ल बरपेली धरावत कहिस – 'ले धर ! अभी दूए हजार ल दे दे, बाकी ल पाछू दे देबे, बस ! कहूं भागे जावत हस गा?'

सौ रूपट्टी के करजा ह लाला के आखा– बाखा ल हुदरत –कोचकत रात भर खटिया तीर म खड़े रहिगे। वोह अलथी –कलथी मार–मार के रात ल आंखी म पहाइस हे। होवत बिहनिया पहिली गाड़ी म फेर खम्हरिया पहुंचगे।

सेठ बलाइस –आ लाला आ।

लाला ल उरमाल के अंटी ले पइसा निकालत देख सेठ के बांछा खिलगे। घर कोती चाहा बर हूत कराइस।

लाला मना करिस– अहां... अहां! मैं चाहा –वाहा नइ पीयव।

अभी तो लाला म अउ रसा बांचें हे। सेठ के पियास तको नइ बुझाए हे। सेठ साहूकार मन तो अइसन माटी के बने होथे जिंकर मन म सरी दिन लालच के दर्रा फाटे रहिथे।

पूछिस—'त का मंगाववं?

–कुच्छु नई लागय कहि देवं।

सेठ कहिस – 'तोर बर कमीज देखाववं।

लाला टोक दिस– कमीज–उमीज ल मार गोली ददा! ए तोर बांचत पइसा ल धर अउ मोर हिसाब ल नक्की कर। करजा बोहई नई पोसावय, भारी बियापथे। न उधो के लेना, न माधो के देना बने लगथे मोला, अउ एक सौ दस रूपिया ल सेठ के हाथ म धरा दिस।

बनिया बेटा जब हिसाब करे बर बइठथे त ओकर आंखी म रिश्ता –नता, सगा –संबंधी, चीन्ह–पहिचान नई दीखय, सिरिफ पइसा नजर आथे।

अऊ गांव –घर म सब बने बने लाला?– हिसाब के बांचे सात रूपिया म पांचे रूपिया ल लहुटावत सेठ पूछथे।

लाला जुवाब दिस –सब बढ़िया हे सेठ! अपन अपन करम किस्मत के हिसाब से सबो कमावत खावत हे। सेठ के तिकड़मी दिमाग ले छीनी हथौड़ी निकल के मुंह म आ गे।

–तुंहर गांव म तुहीं भर मन ल देखथवं लाला, सोला आना ईमानदार! लाला के छाती ह बीता भर ले फूल के डेढ़ हाथ होगे। अपन बड़ई कोन ल बने नइ लागय। जना मना कुछु उपलक्ष्य म ओला मानद उपाधि मिलगे। ले दे के उपाधि ल संभालत अहम के हांसी ल मुसकान म बदल लिस। मुंह ले एक भाखा नइ उलिस।

–बाकी मन नइहे, सब के सब बइमान हे।–सेठ आगू कहिस। लाला दूनो हाथ ल झर्रावत कहिथे–तुमन जानहू सेठ, लेन–देन के गोठ बात ल। हम का जानिन।

सेठ, लाला के मुंह ल पढ़ डरिस। हाथ ल हलावत आगू कहिथे

– तुंहर गांव वाले मन अइसे हे! खाये बर चूना माखुर के डबिया दे देबे, त खाथे कम ओंटियाथे जादा। जइसे बफर सिस्टम के खाना म जीछुट्टामन प्लेट के गंवावत ले भर डारथे।

लाला मुंह बांधे चुप रहिगे। सेठ नराज झन हो जावय। जे मन ले बंधुवा हो जथे ओला तन ले बंधुआ होवत देरी नइ लागय। बाहिर जाके इही तो सीखिस हे छत्तिसगढ़िया मन। हुसियार मनखे मंघार ल नई मार के मगज ल मारथे। मगज मरे मनखे घुरवा के कचरा बरोबर होथे।

मुड़ ल हला भर दिस लाला हं। दूकान ले निकल के बजार कोती रेंग दिस। ओकर कान म सेठ के गोठ गूंजे लगिस। लाला के नजर ले गांव वाले मन गिरे–बिछले परत हे। अपन जनमें, खेले –खाए भुंइयां ऊपर लाला के मन म घिन समागे। बजार म किंजरत एक जगा ओकर पांव ठिठकगे।

–अई हाय! गजब दिन म दीखेस परलोखिया नइतो!

लाला झकनका के देखथे – 'पसरा म बइठे रमौतिन काकी भाजी बेचत हे। लाला ओकर तीर चल दिस। रमौतीन पांव परत पूछथे–सब बने बने बाबू?

–हहो! का करबे काकी, पेट बिकाली म कुछु न कुछू उदीम करबे तभे तो बनथे। रमौतीन हुंकारू भरिस।

खपरी तीर करमू गांव हे। जिहां के रहइया ये रमौतीन मरारीन। रमौतीन बड़े बिहिनिया मुड़ म डलिया बोहे भाजी तरकारी बेचे बर खपरी पहुंच जावय । वोह भाजी बेचत तीर –तखार के सबो गांव म मुंहाचाही नता जोर डारे रहय। ओकरे भर बात नइहे, जम्मो मनखे एक– दूसर ले अइसेनेहे नता म जुरे रहिथे। गांव–आन गांव वाले सबो संग हिल मिल के जिनगी पहाथे।

मन मिले मनखे जिहां मिलथे उहां कतको बड़े दुख के बेरा घलो बिलम जथे। गोठ बात म घंटा भर कइसे बुलकगे, पतेच नइ चलिस। एमन गोठ बात म भुलाएच हे।

ओतके बेरा दूनो के कान म भकरस ले भाखा सुनइस –बजार होगे लाला?

चकरा सेठ नारा वाले बड़े जनिक झोला ल हलावत आगू म खड़े हे। रमौतीन हड़बड़ागे। काला खाववं, काला बचाववं कस किस्सा हो गे। चकरा सेठ के नजर हरियर –हरियर पाला अउ चौंलई म हे। रमौतिन मने मन गारी दे लगिस –ए भड़ुवा कीच्चक कहां ले आगे। चाल म कीरा परे हे। हाथ ले पइसा छूटय नहीं सेठ कहावत हे रोगहा ह।

सेठ मुसकियावत बइठत पूछिस – का भाव हे भाजी? रमौतीन बीचे म फट्ट ले बात ल काट दिस–

बेचागे हे ! जम्मो भाजी बेचागे हे। रमौतीन हड़बड़ाए लगिस। फेर का सोचिस– ले न गा तहूं ह मोल भाव करके भाजी ल खुल्ला मड़ा दे हवस, बजरहा मन ल भोरहा हो जथे'– काहत जम्मो भाजी ल सकेलत लाला के झोला म भरे लगिस। लाला ना–नुकुर करे बर धरते रिहिस हे, के रमौतीन मिलखिया दिस।

लाला कुछू समझतिस तेकर पहिली सेठ कहिथे – लाला ह सबो भाजी ल थोरे ले लेही, खाएच के पूरती ल तो लेही, कइसे लाला?

लाला के मुंह ले न लीलत बनय न उगलत तइसे होगे। रमौतीन कउव्वा के कहिस– पांच रूपिया के दूए जूरी हे, ले बर हे ते ले।

–वा..हा...! सब जगा चार–चार जूरी देवत हे तेन ह – काहत सेठ ह चार जूरी भाजी ल झोला म डार लिस।

जेन देवत हे तेकर तीरन जा के ले ले, मोला नइ पोसावय माने नइ पोसावय। – रमौतीन हटकार दिस।

लाला नान्हेपन के देखत आवत हे रमौतिन ल। मने मन मुसकाइस–ये रोगही! काकी ह अब ले जस के तस हे। सोचे लगिस– पहिली तको अइसनेच काहय अउ मुठा भर भाजी ल झर्रावत बगरा देवय। नइ पूरावय, नइ पोसावय कहिते राहय, अउ सूपा ल भर देवय।

तभे तो गांव म कोनो रमौतीन मरारीन के छोड़ काकरो तीरन भाजी तरकारी नइ लेवय। ओमेर के चार ठन गांव एकरे गंवई रिहिस हे। समे ढरक गे। गांव –गांव म बजार लगे लगिस। गांव वाले मन खम्हरिया के बजार करे लगिन। जब मन होइस मोटर म चढ़के 'भूर्र ले' आ जथे अउ 'फुर्र ले' लहुट जथे। रमौतिन के गंवई खियागे। गंवई का खियातीस उमर के खसले ले सबो खिया जथे। अब काकी बइठांगुर हो गे। दस बज्जी गाड़ी म आथे अउ संझौती बेच भांज के बजार करत गांव लहुट जथे।

सेठ ह पांचे रूपट्टी ल धरावत राहय। रमौतीन बगियागे –दस रूपिया होही।

सेठ कुटुर मुटुर करे लगिस। वो ह अभीन अभी सरीफी अउ ईमानदारी के तमगा जेन ल पहिराए रहय उही लाला आगू म बइठे हे। हाथ म गुमेटे धरे पइसा ल फरियाइस। दू घांव अंगरी म सरका– टरका, टमर –मरोर के देख– परख लिस तेकर पाछू दस के नोट ल दिस। पइसा ल देके – 'ले अब एक जूरी तो उपरहा देबे' काहत रखाए भाजी ल धरे लगिस।

रमौतीन टप ले सेठ के मुरूवा ल धर लिस – जब देख तब अइसनेच करथस। तोर पइसा कमई के पइसा ये, हमर मिहनत फोकट के आए हे.. नहीं।' सेठ अकबकागे।

रमौतीन आगू कहिस– ले तो मैं तोला काहत हौं, एक रूपिया उपरहा दे। तैं देबे का?

ओतका म लाला कहिथे– बने तो काहत हे सेठ ! बपुरी अतेक घाम पियास म तन के लहू ल अंऊटावत– चुरोवत बइठे हे।

लाला के पंदोली पा रमौतीन के बल बाढ़गे–घर –दुवार, लोग– लइका ल छोड़ के चार पइसा कमाए बर चार कोस ले रेंग के आए हवन, फोकट हो जही का? तुमन तो एकक ठन पइसा के हिसाब करथौ। ले न हमार मिहनत अउ पसीना के हिसाब लगा।

सेठ के आंखी चिपचिपागे। मुंह पचपचाए लगिस। ओकर हाथ ले भाजी छूटके 'भद्द ले' गिर गे। आज घमण्ड के मुड़ी ल लज्झ ले ओरम गे। 'ले भई' काहत सेठ उठिस अउ पीछू कोति ल झर्रावत सुटुर– सुटुर रेंगते बनिस।

रमौतीन पसरा सकेले लगिस। सरीफी अउ ईमानदारी के मुकुट ल पहिरे शान से लाला ह मुर्दा सेठ ल रेंगत जावत देखत हे।

लाला अब काली ससन भर तिहार मनाही। आज वोह दानव ल मार के अयोध्या प्रवेश करइया हे।

सुरूज अब तब करिया खुमरी ओढ़ ढलगइया हे। सांझ के पाहरा लग गे हे । गांव म सुरहुत्ती के दीया जगमगाय बर धर लेहे। काली देवारी तिहार हे। लाला अउ रमौतीन मोटर चढ़े बर स्टेशन कोती जावत हे।

–धर्मेन्द्र निर्मल

# छत्तीसगढ़ की धरती पर पहली बार दिखा विदेशी पक्षी 'मलार्ड'

## बेमेतरा का गिधवा-परसदा बना अंतरराष्ट्रीय पक्षी आगमन स्थल

**बेमेतरा,थानखम्हरिया,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले का प्रसिद्ध गिधवा-परसदा पक्षी विहार एक बार फिर सुर्खियों में है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के दौरान प्रकृति प्रेमियों और पक्षी विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी यह रही कि यहां पहली बार *'मलार्ड'* नामक विदेशी पक्षी प्रजाति देखी गई है। यह पक्षी अनास वंश की एक प्रसिद्ध जाति है, जो सामान्यत: उत्तर एवं दक्षिण अमेरिका, यूरोप, एशिया और उत्तर अफ्रीका के ठंडे इलाकों में पाई जाती है। यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ की धरती पर 'मलार्ड' जैसी प्रवासी प्रजाति देखी गई है और वह भी बेमेतरा के शांत व प्राकृतिक सौंदर्य से भरे गिधवा-परसदा जलाशय में। इस ऐतिहासिक आगमन ने गिधवा-परसदा को एक अंतराष्ट्रीय पक्षी आगमन स्थल के रूप में नई पहचान दी है।



### गिधवा-परसदा की प्राकृतिक छटा बनी विदेशी पक्षियों का आश्रय

लगभग 180 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले गिधवा-परसदा के तालाब और आर्द्रभूमि हर वर्ष सैकड़ों देशी-विदेशी पक्षियों का स्वागत करते हैं। अब तक यहाँ ग्रे हेरॉन, ओपन बिल स्टॉर्क, ब्लैक-हेडेड आईबिस, कॉमन टील, पिंटेल डक जैसी प्रजातियाँ पाई जाती थीं। लेकिन इस वर्ष मलार्ड के आगमन से इस क्षेत्र का महत्व और बढ़ गया है। वन विभाग और पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार, मलार्ड का आगमन यह संकेत देता है कि बेमेतरा की जलवायु और जलाशयों की पारिस्थितिकी अंतरराष्ट्रीय प्रवासी पक्षियों के लिए अनुकूल बन रही है। स्थानीय पक्षी प्रेमी एवं फोटोग्राफरों ने मलार्ड की उपस्थिति को कैमरे में कैद किया, जिसके बाद इसकी पुष्टि हुई।

### पर्यावरण और पर्यटन की दृष्टि से नया मील का पत्थर

गिधवा-परसदा को राज्य सरकार द्वारा पहले ही संभावित रैमसर साइट के रूप में प्रस्तावित किया गया है। अब मलार्ड के आगमन से इस क्षेत्र की जैव-विविधता और अंतरराष्ट्रीय महत्ता और बढ़ गई है।

वन एवं पर्यटन विभाग द्वारा यहां इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने, पर्यटक सुविधाएँ विकसित करने और पक्षी संरक्षण के लिए विशेष योजनाएँ तैयार की जा रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों, वन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से गिधवा-परसदा अब न केवल बेमेतरा बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बन चुका है। यहां हर वर्ष सैकड़ों पर्यटक, विद्यार्थी, पक्षी वैज्ञानिक और फोटोग्राफर पहुंचते हैं।

बेमेतरा के गिधवा-परसदा में मलार्ड का आगमन छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है — जिसने राज्य को अंतरराष्ट्रीय पक्षी प्रवास मानचित्र पर नई पहचान दिलाई है। यह न केवल प्राकृतिक धरोहर का सम्मान है, बल्कि यह संदेश भी कि यदि पर्यावरण संतुलन और संरक्षण के प्रयास निरंतर जारी रहे, तो छत्तीसगढ़ की भूमि विश्व-स्तरीय जैव विविधता केंद्र के रूप में उभर सकती है।

# केंद्र की भाजपा सरकार और एनडीए गठबंधन की नीतियों पर बिहार की जनता फिर अपने विश्वास का मुहर लगाने प्रतिबद्ध: भावना बोहरा



**कवर्धा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंडरिया विधानसभा विधायक भावना बोहरा को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बिहार के सारण जिला अंतर्गत सोनपुर विधानसभा प्रभारी के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है जिसे निभाते हुए भावना बोहरा लगातार सोनपुर विधानसभा के सभी मंडलों, बूथ प्रभारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रणनीतियों पर चर्चा कर रहीं हैं। वहीं विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर सोनपुर विधानसभा से भाजपा के एनडीए प्रत्याशी विनय कुमार सिंह व एनडीए गठबंधन के लिए समर्थन जुटा रहीं हैं। संगठन की बैठकों में शामिल होना, मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के साथ सक्रियता के साथ बैठकें कर स्थानीय मुद्दों और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के विकासशील नेतृत्व और एनडीए गठबंधन द्वारा बिहार के विकास, रोजगार के प्रयास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों को आर्थिक संबल, जनकल्याण की योजनाओं एवं अधोसंरचना निर्माण की जानकारी जनता तक पहंचाने हेतु निरंतर जनसंपर्क कर रहीं हैं।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि बिहार की जनता विधानसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है वहीं कार्यकर्ताओं में भी अपार उर्जा और समर्पण भावना स्पष्ट रूप से दिख रही है। फिर एक बार, एनडीए सरकार का नारा और संकल्प के साथ जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार समर्थन हमें प्राप्त हो रहा है। बिहार में एनडीए की सरकार आने के बाद से जंगलराज खत्म हुआ है और सुशासन स्थापित हुआ है। बिहार में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसने जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। नालंदा की ज्ञान-गंगा से लेकर चंपारण की सत्याग्रह-धारा तक बिहार राज्य ने भारत को एक गौरवशाली इतिहास दिया है। आज यहां सड़कों का विस्तार, घर-घर में बिजली, पानी पहुंचाने का काम एनडीए सरकार ने किया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिहार के लिए विशेष पैकेज मिलने से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहें हैं, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा रहा है, रेल सुविधाओं का विस्तार हुआ है, इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांति आई है।

## सुडोकू 7073

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7073

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंर्तध्यान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना,विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का मौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का. चुस्त, फुर्तीली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. झिड़की, डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-7072

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रि | २ शु | द्ध | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ प | क्व |
| र्दा | ■ | द्ध | ■ | ५ प्र | त्य | क्ष | ■ | क्षी | ■ |
| ६ फा | स | ला | ■ | शं | ■ | ७ ध | र्म | रा | ज |
| श | ■ | ८ भ | ९ व | सा | ग | र | ■ | ज | ■ |
| ■ | १० बां | ■ | गै | ■ | ■ | ■ | ११ मौ | ■ | १२ खु |
| १३ सु | कु | मा | र | ■ | १४ आ | ■ | १५ न | रे | श |
| ■ | ल | ■ | १६ ह | ट्टा | क | ट्टा | ■ | ■ | हा |
| १७ प्र | ता | प | ■ | ■ | स्मि | ■ | १८ अ | १९ स | ली |
| या | ■ | ■ | २० से | वा | क | २१ र | ■ | ह | ■ |
| २२ स | र | ग | ना | ■ | ■ | २३ सा | र्व | ज | न्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 26 अक्टूबर, 2025 कार्तिक शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

वृषभ - दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

मिथुन - आज आपके परिवार का वातावरण उल्लासपूर्ण रहेगा। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। आप के अधूरे काम पूरे होने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापारिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

कर्क - भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक काम करने से सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न करें। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी दोपहर के बाद आप निवेश संबंधी योजना पर काम कर सकते हैं।

कन्या - आध्यात्मिकता के प्रति आपको आकर्षण अधिक रहेगा। आप को आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए काम का आरंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी।

तुला - आज सुबह की शुरुआत कुछ सुस्त होगी। किसी बात की ग्लानि आपके मन में रह सकती है। परिजनों के साथ आज कुछ मर्यादापूर्वक बात करें। धर्म कार्य पर खर्च होने की संभावना है।

वृश्चिक - आप का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज अच्छा बना रहेगा। परिवार का वातावरण हर्षोल्लासपूर्ण रहेगा। क्रोध की मात्रा बढ़े, तो भी क्रोध न करें। दोस्तों से मिलने का आनंद लें।

धनु - आज वाणी पर संयम रखें और क्रोध ना करें। परिजनों के साथ संबंधों में कुछ कड़वाहट उत्पन्न हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। ऑपरेशन जैसे काम को आज टालें।

मकर - सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने के साथ ही व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से आज का दिन लाभदायी है। दोपहर के बाद सावधानी बरतकर काम करें। स्वास्थ्य को संभालें। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखें।

कुंभ - आप का मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत मिलेंगे। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। कार्यालय में अधिकारियों को आप के काम से संतोष रहेगा। पदोन्मति के योग हैं।

मीन - व्यापार में नए सौदों के लिए आज का समय अनुकूल नहीं है। अधिकारी तथा विरोधियों के साथ व्यर्थ चर्चा ना करें। यात्रा हो सकती है। दोपहर के बाद कार्यालय का वातावरण अनुकूल रहेगा। अधूरे काम पूरे होंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1774-फिलाडेल्फिया में अमेरिका की पहली महाद्वीपीय कांग्रेस स्थगित।
1858-एच.ई. स्मिथ ने वॉशिंग मशीन का पेटेंट कराया।
1905-नॉर्वे ने स्वीडन से स्वतंत्रता प्राप्त की।
1934-महात्मा गांधी के संरक्षण में अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ की स्थापना।
1937-हिंदी सिनेमा के दिग्गज और मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर का जन्म।
1943-कलकत्ता (तत्कालीन कोलकाता) में हैजे की महामारी से अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में 2155 लोगों की मौत।
1947-राजा हरि सिंह जम्मू-कश्मीर को भारत में विलय करने पर सहमत हुए।
1950-संत मदर टेरेसा ने कलकत्ता में चैरिटी मिशन की स्थापना की।
1951-विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।
1969-चांद पर कदम रखने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन मुंबई आये।
1975-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बने।
1976-त्रिनिदाद एंड टोबैगो गणराज्य को ब्रिटेन से आजादी मिली।
1980-इजरायल के राष्ट्रपति यित्झाक नावोन मिस्र की यात्रा करने वाले पहले इजरायली राष्ट्रपति बने।
1994-इस्रायल और जार्डन के बीच अरावा क्रासिंग पर बहुप्रतीक्षित शांति संधि सम्पन्न।
1999-उच्चतम न्यायालय ने आजीवन कारावास की अवधि 14 वर्ष तय की।
2000-प्रमुख क्रान्तिकारी तथा लेखक मन्मथनाथ गुप्त का निधन।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ड्रायवरों का आंदोलन प्रारंभ

**थानखम्हरिया,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के बैनर स्थानीय ड्रायवरों ने भी 25 अक्टूबर से आंदोलन प्रारंभ कर दिया है।



ड्रायवरों का 25 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू हो गया है। बेमेतरा मार्ग में तंबू तानकर ड्राइवरों ने यातायात रोक दिया है। सुबह से ही बस स्टैंड में राजनांदगांव, बेमेतरा, दुर्ग, रायपुर, कवर्धा, सहसपुर लोहारा जाने वाले बसें खड़ी रही। बस के अभाव में यात्री इधर - उधर भटकते रहे परेशान होते रहे। मालवाहक गाड़ियाँ भी ड्राइवरों की हड़ताल के कारण खड़ी रही जिससे व्यापारियों का माल आना-जाना बंद हो गया। इससे सरकार को लाखों रू टैक्स का नुकसान हो रहा है। यात्रियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवश्यक सेवाएं भी आंशिक रूप से प्रभावित हुयी हैं। ड्रायवर संघ के जिला अध्यक्ष संतोष साहू एवं लक्ष्मण राजपूत ने कहा कि जब तक राज्य सरकार उनकी 11 सूत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लगी आंदोलन जारी रहेगा। संघ की ओर से अन्य चालकों को भी आंदोलन में शामिल होने के लिए समझाईश दी जा रही है। लंबे समय से कई विषयों को लेकर ध्यान आकर्षण कराया जा रहा था चालकों ने अपनी व्यथा सरकार के सामने रखी लेकिन इस दिशा में कोई प्रयास नहीं हुआ इसलिए संगठन ने अनिश्चितकालीन आंदोलन की शुरुआत की है। प्रमुख मांगों में शराबबंदी लागू करना, ड्राइवर आयोग व सुरक्षा कानून लागू करना, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन और 11 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित करना शामिल है। महासंघ ने ओडिशा सरकार के ड्राइवर सुरक्षा और कल्याण से जुड़े निर्णय का हवाला देते हुए छत्तीसगढ़ सरकार से भी ऐसे ही कदम उठाने की अपील की है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार

**कवर्धा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम सिल्हाटी, बुन्दल के घर के पास प्रार्थी सुरेश कण्डरा पिता दुकालू कण्डरा, उम्र 48 वर्ष, निवासी सिल्हाटी वार्ड क्रमांक 9, कण्डरा पारा ने बताया कि उनके पड़ोसी दिलीप जोशी के बेटे विवेक का एक्सीडेंट हुआ था। जब दिलीप ने नितेश उर्फ नितिन वैष्णव से मोटर सायकल धीरे चलाने का अनुरोध किया, तो नितेश ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी।



घटना के दौरान हरीश वैष्णव और मीनेश वैष्णव ने दिलीप को पकड़ लिया और नितेश ने अपने पास रखे चाकू से हमला किया, जिससे दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद नितेश, हरीश, मीनेश और उनके साथी अभिषेक शर्मा मौके से स्कूटी में फरार हो गए।

कबीरधाम पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपियों को छुईखदान और आसपास के क्षेत्रों से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

गिरफ्तार आरोपियों में शामिल हैं- नितेश उर्फ नितिन वैष्णव, पिता राजेश उर्फ बालादास वैष्णव, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम सिल्हाटी हरीश वैष्णव, पिता राजेश उर्फ बालादास वैष्णव, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम सिल्हाटी, मीनेश वैष्णव, पिता राजेश उर्फ बालादास वैष्णव, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम सिल्हाटी, अभिषेक शर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी थाना लोहारा, जिला कबीरधाम, घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए गए और गवाहों से पूछताछ की गई।

# छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्रवंशी ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़कर रचा इतिहास

**कवर्धा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेहनत और लगन से किसी भी ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। इसे एक बार फिर चरितार्थ करते हुए कबीरधाम जिले के एक साधारण से गांव से निकले शिक्षाविद ने असाधारण उपलब्धि हासिल किया है। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य और ग्राम परसवारा निवासी डॉ. रमेश कुमार चंद्रवंशी ने ज्ञान की अनवरत साधना और सीखने की अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसी मिशाल कायम किया है, जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। डॉ. चन्द्रवंशी ने अपने ही पुराने विश्व रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए एक ही विश्वविद्यालय से तेरह विषयों में मास्टर डिग्री हासिल कर एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसके चलते उनका नाम प्रतिष्ठित गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दूसरी बार स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया है। उन्हें यह सम्मान मोस्ट मास्टर डिग्री अर्नड फ्रॉम वन यूनिवर्सिटी अर्थात एक ही विश्वविद्यालय से अर्जित सर्वाधिक मास्टर डिग्रियां शीर्षक से प्रदान किया गया है। उन्होंने अपनी सभी तेरह मास्टर डिग्रियां छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से ही प्राप्त किया है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी यह विश्व रिकॉर्ड बारह विषयों में मास्टर डिग्री के साथ उन्हीं के नाम दर्ज था, जिसे अब उन्होंने स्वयं ही वर्ष 2025 में अंग्रेजी साहित्य में तेरहवीं मास्टर डिग्री पूरी कर तोड़ दिया है।



# स्टेरिंग थमी हाइवे पर ट्रकों की लंबी कतारें, हड़ताल का व्यापक असर दिखा, प्रशासन और पुलिस स्थल पर रहा चौकस

**राजनांदगांव,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा अपनी तीन प्रमुख मांगों को लेकर आज नेशनल हाइवे चीरचारी स्टीयरिंग छोड़ो आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया जहां ट्रके जाम है। जिले के नैशनल हाईवे स्थित चिरचारी गांव के निकट सड़क पर सैकड़ों ट्रकों और अन्य वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जो कई किलोमीटर तक फैली हुई थीं। यह नजारा ट्रक चालकों और मालवाहक संघों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का प्रत्यक्ष परिणाम था। हड़ताल का मुख्य कारण ईंधन मूल्य वृद्धि, टोल प्लाजाओं पर बढ़ते उत्पीड़न और ओवरलोडिंग पर सख्ती बिना वैकल्पिक व्यवस्था के लागू करना बताया जा रहा है। ट्रक ऑपरेटर्स का कहना है कि ये नीतियां उनकी आजीविका को खतरे में डाल रही हैं, जिसके चलते उन्होंने पूरे देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया।





चिरचारी गांव, जो राजनांदगांव शहर से 40 किलोमीटर दूर स्थित एक शांत ग्रामीण क्षेत्र है, आज सुबह से ही हलचल से भर गया। नेशनल हाइवे-30, जो नागपुर को रायपुर से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, पर ट्रकों की यह कतार सुबह 6 बजे से ही शुरू हो गई। एक स्थानीय ट्रक चालक ने बताया, च्हमारे पास कोई चारा नहीं बचा। डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं, और टोल पर हर बार रिश्वत मांगने की समस्या है। हड़ताल से पहले हमने सरकार को कई ज्ञापन दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ज्ञ कतार में फंसे ट्रकों में कोयला, सीमेंट, अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं का माल लदा था, जो अब सड़क पर ही खड़ा हो गया। इससे न केवल माल परिवहन बाधित हुआ, बल्कि आसपास के गांवों में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

हड़ताल का असर केवल ट्रकों तक सीमित नहीं रहा। नेशनल हाइवे पर व्यक्तिगत वाहन, बसें और अन्य यात्री वाहन भी जाम में फंस गए। हालांकि बाद कारों को निकलने के लिए ड्राइवर्स ने रास्ता दिया। चिरचारी के पास स्थिति सबसे विकट थी, जहां एक ओर उत्तर की ओर जाने वाले वाहन रुके थे, तो दूसरी ओर दक्षिण की ओर की कतारें भी लंबी हो चलीं। स्थानीय पुलिस ने यातायात को नियंत्रित करने के लिए डायवर्टर रूट्स का सहारा लिया, लेकिन ग्रामीण सड़कों पर भी भीड़ बढ़ गई। एक यात्री ने शिकायत की, हम रायपुर जा रहे थे, लेकिन अब दो घंटे से फंसे हैं। पानी-भोजन की व्यवस्था भी नहीं है।

इस हड़ताल ने क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को गहरा झटका दिया है। वहीं सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन ट्रांसपोर्ट मंत्री ने कहा है कि वार्ता के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जा रही है। चिरचारी गांव के ग्रामीणों ने भी चिंता जताई कि यह जाम उनके दैनिक जीवन को बाधित कर रहा है। कुल मिलाकर, यह हड़ताल न केवल परिवहन क्षेत्र की पीड़ा को उजागर करती है, बल्कि नीतिगत सुधारों की आवश्यकता पर भी बल देती है। उम्मीद है कि जल्द ही समाधान निकलेगा, ताकि नेशनल हाइवे पर सामान्य यातायात बहाल हो सके।

## सुडोकू 7073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

# 60 साल पूर्व के विद्यार्थियों का महासम्मेलन आज

## देश-विदेश से पहुंचेंगे 60 साल पूर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में पढ़े विद्यार्थी



**मगरलोड,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला धमतरी के विकास खंड मुख्यालय मगरलोड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में आज 26 अक्टूबर को पूर्व विद्यार्थियों का महासम्मेलन मिलन समारोह रखा गया है. जिसमें लगभग 3 हजार पूर्व विद्यार्थी आने का अनुमान लगाया गया है जब छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना की रजत जयंती मना रहा है तब मगरलोड का यह विद्यालय 60 साल पूरा कर लिया है. सन 1965 से संचालित यह विद्यालय लम्बे समय से अंचल का प्रमुख शिक्षा केंद्र रहा है. यहाँ से लगभग नौ हजार छात्र छात्राएं पढ़ कर निकल चूके हैं कई विद्यार्थी देश विदेश के शासकीय व प्राइवेट सेक्टर में बड़े बड़े पदों पर सेवा दे रहे हैं. ज्ञानार्थ आइए और सेवार्थ जाइये के सूत्र उक्ति को चरितार्थ करते छात्र छात्राएं विद्यालय से निकलने के बाद अपने सहपाठियों से मिल नहीं पाते हैं लेकिन यादों का खजाना सबके दिलों में रहता है. कोई भी व्यक्ति अपने स्कूल के दिनों को नहीं भूलता है. इन्हीं भूली बिसरी यादों को ताजा करने व जिंदगी के भगामभाग के बीच अपने पुराने मित्रों से मिलकर बचपन में लौटने का एहसास कराने के लिए यह महामिलन महासम्मेलन का कार्यक्रम रखा गया है. इस कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया के साथ सभी लोगों का सहारा लिया जा रहा है. जिसके जरिये देश विदेश में बिखरे हुए विद्यार्थियों तक कार्यक्रम की सूचना पहुंचाई जा रही है.

**कलेक्टर, एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सीईओ भी है आमंत्रित**

कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को गूगल फार्म भरवाया गया है. विद्यालय को व्यय भार से बचाने के लिए बहुत ही कम रूपये पंजीयन शुल्क तय किया है. निर्धारित सहयोग राशि के साथ पंजीकृत विद्यार्थी ही इस कार्यक्रम में भाग ले पाएंगे.मगरलोड का यह विद्यालय 1965 से संचालित है। इस विद्यालय के कई विद्यार्थी देश-विदेश के शासकीय व प्राइवेट सेक्टर में बड़े बड़े पदों पर सेवा दे रहे हैं। यहां के कई शिक्षक व विद्यार्थी स्वर्ग सिधार गए हैं. उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी

सभी पूर्व विद्यार्थियों के जो पंजीयन कराए है उसके लिए परिचय पत्र भी जारी किया जा रहा है. चाय नास्ता, व भोजन के साथ सभी नामांकित विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाएगा. पूर्व विद्यार्थियों ने अपने समय के शिक्षकों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया है. ताकि जिन शिक्षकों के दीप ज्ञान से जीवन में सफलता मिली है उनके प्रति सामूहिक कृतज्ञता ज्ञापित किया जा सके। कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में पंजीयन किया जा रहा है. विद्यालय में पढकर निकले उम्र दराज छात्र छात्राएं नाती पोते वाले हो गए हैं. मगर इस आयोजन में आने के लिए काफी उत्सुक हैं. अपने बचपन को फिर से देखने का अवसर माना जा रहा है. यहाँ के कई शिक्षक व विद्यार्थी स्वर्ग सिधार गए हैं. उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी. इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया जाएगा. आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूर्व छात्र संगठन, वर्तमान शिक्षक स्टॉफ और शाला विकास विकास समिति कमर कसे हुए हैं. कई सत्र के विद्यार्थी अपने साथियों के साथ मिलकर अपने विद्यालय को सहयोग राशि, तथा जरूरत की सामग्री जैसे प्रोजेक्टर, वाटर कूलर, पंखे, ट्यूब लाइट, ग्रास कटर मशीन, साउंड सिस्टम, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट देने की तैयारी कर चूके हैं।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिले के कलेक्टर को आमंत्रित करने के लिए प्रतिनिधि मंडल को धमतरी भेजा गया है. कलेक्टर के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी, व जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है. कार्यक्रम की व्यवस्थित रूपरेखा तैयार करने के लिए विद्यालय में एक बड़ी बैठक पूर्ण कर ली गई है आज पूरा पंडाल सज चुकी है यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ए. आर. साहू ने दी है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत

# गौरव सोलर स्काई द्वारा 3 किलोवाट सोलर प्लांट का रंजना साहू ने किया शुभारंभ



**प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना आर्थिक बचत और ऊर्जा स्वावलंबन की दिशा में भी एक बड़ा कदम है : रंजना साहू**

**धमतरी,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत गौरव सोलर स्काई द्वारा हितग्राही महात्मा गांधी वार्ड धमतरी निवासी ग्मिनी तिवारी पति महेन्द्र तिवारी के निवास में 3 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित किया गया। इस सौर ऊर्जा परियोजना का शुभारंभ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू के करकमलों से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए रंजना साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सौर ऊर्जा न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह आर्थिक बचत और ऊर्जा स्वावलंबन की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। उन्होंने गौरव सोलर स्काई द्वारा स्थापित श्रीमती तिवारी के यहां किए गए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उद्देश्य 'हर घर सोलर, हर घर बिजली, हर घर आत्मनिर्भर' को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरव सोलर स्काई के छत्तीसगढ़ प्रदेश संचालक पं. सुदेशधर दीवान जी ने बताया कि इस प्रकार के सोलर प्लांट लगाने से न केवल बिजली बिलों में भारी बचत होती है, बल्कि दीर्घकाल तक निरंतर एवं स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोमल सार्वा, डीपेंद्र साहू, बेनी प्रसाद तिवारी, कृष्णा साहू, सुदेश दीवान और गौरव दीवान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर सौर ऊर्जा को अपनाने की दिशा में प्रेरणादायक पहल के लिए गौरव सोलर स्काई टीम का आभार व्यक्त किया।

# दीपावली पर्व पर ब्लाक के ग्रामों के लोकरंग कार्यक्रम में पहुंचे पीयुष सोनी



**धान की फसल तैयार, शासन से धान खरीदी तुरंत शुरू करने की मांग : कांग्रेस नेता सोनी**

**डौण्डी,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा डौंडीलोहारा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के ग्राम पंचायत साल्हे ,ठेमाबुजुर्ग, एवं बोरगांव में दीपावली के शुभ अवसर पर रात्रिकालीन लोकरंग कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पियूष सोनी मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर ग्रामवासियों के द्वारा पियूष सोनी का तिलक वंदन एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गयापीयूष सोनी ने सबसे पहले समस्त ग्रामवासियों को प्रकाश और समृद्धि के इस पर्व दीपावली पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। और अपने व्यक्तव्य में बताया कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश की और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है भगवान श्री राम चंद्र, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने पर सभी दीप जलाकर इनका स्वागत करते है। यह पर्व, सांस्कृतिक विविधता और एकता का उत्सव है।हम सभी को दीपावली की खुशियाँ जरूरतमंद लोगों के साथ साझा करने का आह्वान किया एवं जरूरतमंदों को त्योहार मनाने में मदद करने के महत्व पर ज़ोर दिया सभी को एक सुरक्षित, समृद्ध और खुशहाल दीपावली की शुभकामनाएँ दिया एवं समस्त ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम के सफल आयोजन के बधाई दिया एवं ग्रामवासियों के विकास कार्यों के मांग को जल्दी ही पूरा करने के आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने ग्राम के किसानों से उनका हालचाल पुछा और कहा की धान की फसल करीब करीब आप के खेतों तैयार है सोसाइटी में धान बेचने में कोई भी दिक्कत आएगी आप सब इस संबंध में मुझसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार से धान की खरीदी तुरंत शुरू की जानी की मांग की है। जिससे किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य शिव प्रसाद बारला, कुलदीप साहू, बीरेंद्र तारम, अरुण यादव,उत्तम साहू, गुहा राम कृषण, भोला राम नेताम, संगीता नेताम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे ?

# छग राज्य स्तरीय संगठनात्मक की प्रथम बैठक व दीक्षांत समारोह आज

**जगदलपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। तक्षशिला पार्क, में योग ऋषि स्वामी महाराज एवं आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य महाराज के कुशल मार्गदर्शन में आप सभी योग सेवा से राष्ट्र सेवा एवं मानव सेवा के कार्य में निरंतर संलग्न योग साधको के लिए यह बड़े हर्ष और सौभाग्य की बात है कि 26 अक्टूबर रविवार को प्रथम राज्य स्तरीय कार्यकारिणी बैठक का आयोजन जगदलपुर में किया जा रहा है, जिसमें सर्वप्रथम स्वामी नरेंद्र देव के पावन सानिध्य में विशेष योग सत्र समय-प्रात: 05ऽ30 बजे से 7ऽ30 तक स्थानीय दुर्गा मंदिर सभागार शांति नगर में होगा। तत्पशचात् प्रात:10 बजे से तक्षशीला पार्क जगदलपुर में बस्तर संभाग व राज्यस्तरीय बैठक में नवीन पदाधिकारी व कार्यकारिणी का परिचय-सम्मान के साथ निम्न एजेंडा पर चर्चा की जायेगी।जिसमे ग्राम स्तर तक संगठन का विस्तार, संभाग स्तरीय विशाल योग शिविर व ज़िला सहयोग प्रशिक्षण शिविर साथ पतंजलि योगपीठ,हरिद्वार में आगामी मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में भेजने हेतु चर्चा के साथ पूर्व में बने सह योग शिक्षक को प्रमाण पत्र प्रदान कर दीक्षांत समारोह के साथ बैठक पूर्ण होगी। इस बैठक में बस्तर संभाग को दो भागो में बाँट कर किया जा रहा है जिसमें जगदलपुर में दंतेवाड़ा सुकमा बीजापुर के तथा दूसरी बैठक संध्या कोंडागाँव में सम्मिलित ज़िले नारायणपुर और कांकेर होंगे। बैठक में पतंजलि सहित अन्य आमंत्रित संगठन भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति , सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के राज्य प्रभारी, राज्य कार्यकारिणी, जिला प्रभारी एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। बैठक की अध्यक्षता संजय अग्रवाल करेंगे। वरिष्ठ राज्य प्रभारी, भारत स्वाभिमान, छत्तीसगढ़,साथ होंगे सुश्री जया मिश्र, राज्यप्रभारी महिला पतंजलि योग समिति, छ.ग, डा. मनोज पानीग्राही राज्य प्रभारी,पतंजलि योग समिति, छत्तीसगढ़ ,अनूप बंसल, उपाध्यक्ष भारत स्वाभिमान, छबीराम साहू , प्रांतप्रभारी भारतीय शिक्षा बोर्ड, जयंत भारती,प्रांतप्रभारी युवा भारत, श्रवण कुमार, प्रांतप्रभारी पतंजलि सोशल मीडिया, संजय कुमार अग्रवाल राज्यकोषाध्यक्ष, कमलेश सोनी,पतंजलि सहराज्य प्रभारी , तिलक साहू राज्य कार्यकारिणी सदस्य,राम शर्मा महामंत्री, पतंजलि , भारत स्वाभिमान न्यास, छत्तीसगढ़, निकेश साहू, सह प्रांत प्रभार किसान सेवा समिति छ.ग,हेमंत साहू राज्य कार्यालय प्रभारी सहित पतंजलि के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# जिले के सरपंचों को मिला नल-जल योजनाओं के संचालन-संधारण का प्रशिक्षण

**जगदलपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर में सरपंचों के तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण के दौरान शुक्रवार को जल जीवन मिशन योजनांतर्गत नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नल जल योजनाओं का समुचित उपयोग सहित जल संरक्षण में समुदाय की व्यापक सहभागिता के लिए पहल करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में नल जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संबंध में शासन के राजपत्र में निहित प्रावधानों के बारे में बताया गया। वहीं प्रत्येक ग्राम में योजना के संचालन संबंधी पंजी संधारित करने, जल प्रदाय शुल्क, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, एफटीके टेस्टिंग, जल गुणवत्ता, जल वाहिनी, हर घर जल प्रमाणीकरण एवं हस्तांतरण के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण, समुचित रखरखाव, पेयजल स्त्रोतों के समीप स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने, सोख्ता पिट बनाने इत्यादि के बारे में कम्प्यूटर पॉवर पाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई।

### दस्तावेज खो जाने की सूचना

एतद् द्वारा मैं **संतोष कुमार शर्मा** पिता सच्चिदानंद शर्मा, पता - म.नं. 267, शांति निकेतन कॉलेज के पीछे, चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि मेरे नाम पर एक भूमि ग्राम सांकरा थाना अमलेश्वर जिला दुर्ग में है जिसका खसरा नंबर 1473/11 कुल रकबा 0.0174 हेक्टेयर है जिसे एस. के. अनवर पिता शेख अंसार एवं शेख गफ्फार पिता एस. के. अनवर, पता - क्वार्टर नंबर 3 ई., सड़क 37 सी, क्वार्टर 07 भिलाई नगर सिविक सेंटर भिलाई जिला दुर्ग से क्रय किया गया था उपलब्ध रकबा 1000 वर्गफीट जिसे मैंने मधु साहू पति श्री राम कुमार साहू निवासी भाठागांव रायपुर को दिनांक 16.10.2025 को विक्रय किया है। उक्त भूमि/मकान जिसका खसरा नंबर 1473/11 का विक्रय विलेख/बैनामा की मूल प्रति दिनांक 25.03.2025 को बाजार चौक के पास चंगोराभाठा रायपुर में कहीं गुम हो गई है तथा बहुत ढूंढने के पश्चात भी नहीं मिल रहा है। जिसकी सूचना मेरे द्वारा समाचार पत्र में दी जा रही है। जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक को इस सूचना से आपत्ति हो, मुझसे 7 दिनों के भीतर संपर्क करें। इसके उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को मिले कृपया नीचे लिखे मोबाइल नंबर पर सूचित करने का कष्ट करें।

प्रार्थी
संतोष कुमार शर्मा
मो. 9993294930

### शपथ-पत्र

मैं महेश्वर पटेल उम्र 19 वर्ष पिता दुष्यंत पटेल जाति-मरार निवासी ग्राम बासीन, तहसील-राजिम, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

शपथकर्ता निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता है:-

1. यह कि शपथकर्ता का नाम, उम्र, पिता का नमा व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि शपथकर्ता के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में शपथकर्ता का नाम महेश्वर पटेल अंकित है। तथा आधार कार्ड क्र. 9809 5955 2134 में शपथकर्ता का नाम महेश पटेल त्रुटिवश अंकित हो गया है।
3. यह कि शपथकर्ता के आधार कार्ड में शपथकर्ता का नाम महेश पटेल त्रुटिवश अंकित हो गया है जिसे सुधार कर शपथकर्ता का वास्तविक नाम महेश्वर पटेल अंकित किया जाना अति आवश्यक है। उक्ताशय का इश्तिहार प्रकाशन समाचार पत्र में करने पश्चात् आवेदन पत्र उपसंचालक शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव में प्रस्तुत करूंगा जिसके लिये यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### नाम सुधार हेतु शपथ-पत्र

मैं श्रीमती ज्योति लालवानी (JYOTI LAWANI), पत्नी श्री प्रतापराय लालवानी, (PRAAPRAI LALWANI) निवासी शंकर नगर रायपुर छत्तीसगढ़, आयु लगभग 81 वर्ष, सत्यनिष्ठा पूर्वक यह शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि:-

01 यह कि, मेरा पूर्व नाम पूर्णा रेवाचंद तनवानी (PURNA REWACHAND) था तथा कुछ अभिलेखों एवं दस्तावेजों में मेरा नाम पूर्णिमा तनवानी (PURNIMA TANWANI) के रूप में भी उल्लेखित है।

02 यह कि, वर्तमान में मेरा सही, विधिक एवं मान्य नाम ज्योति लालवानी (JYOTI LALWANI) है।

03 यह कि, मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं पासपोर्ट में मेरा नाम ज्योति लालवानी (JYOTI LALWANI), के रूप में अंकित है, जो कि मेरा वर्तमान सही एवं विधिक नाम है, तथा इस नाम उक्त शपथ पत्र के साथ उक्त सभी दस्तावेजो की स्वप्रमाणित प्रतियों संलग्न की जा रही है।

04 यह कि, उपर्युक्त सभी नाम ....पूर्ण रेवाचंद तनवानी पूर्णिमा तनवानी एवं ज्योति लालवानी एक ही व्यक्ति अर्थात मुझे श्रीमती ज्योति लालवानी के है।

05 यह कि, मैने व्यक्तिगत कारणों से अपना नाम विधिवत रूप से परिवर्तित किया है और भविष्य में मै सर्वत्र सभी सरकारी, अर्धसरकारी, शैक्षणिक बैकिंग, वाणिज्यिक तथा अन्य अभिलेखों में ज्योति लालवानी (JYOTI LAWANI) नाम से ही जानी, पहचानी एवं अभिहित की जाउंगी।

06 यह कि, इस शपथ-पत्र के माध्यम से मैं यह घोषणा करती हूँ कि मेरे समस्त अभिलेखों प्रमाण-पत्रो शेयर प्रमाण-पत्रो, बैकिंग दस्तावेजो, पहचान पत्रो एवं अन्य सभी रिकार्ड में मेरा नाम ज्योति लालवानी के रूप में संशोधित किया जाए।

07 यह कि, यह शपथ-पत्र मैने पूर्ण सत्य सद्भावना एवं व्यक्तिगत ज्ञान के आधार पर प्रस्तुत किया है तथा इसमें उल्लेखित सभी तथ्य सत्य एवं सही है। इनमें से कोई भी तथ्य असत्य नहीं है और कुछ जानबूझकर छिपाया नहीं गया है।

स्थान-रायपुर
दिनांक 25.10.2025

शपथकर्ती
नाम श्रीमती ज्योति लालवानी
(JYOTI LALWANI)
पता-शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. )

### नाम परिवर्तन

मैं अक्षय कुमार बंसल आ. सुनील कुमार बंसल, ( AKSHAY KUMAR BANSAL S/o. SUNIL KUMAR BANSAL) उम्र,- 26 वर्ष, निवासी- ब्लॉक- 01, प्लॉट- 11, प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम), भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ । मैंने अपना नाम अक्षय कुमार बंसल आ. सुनील कुमार बंसल ( AKSHAY KUMAR BANSAL S/o. SUNIL KUMAR BANSAL) से बदलकर अक्षय बंसल आ. सुनील कुमार बंसल (AKSHAY BANSAL S/o. SUNIL KUMAR BANSAL) रख लिया है तथा यही नाम मेरे प्रत्येक शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड में दर्ज है । पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अक्षय कुमार बंसल आ. सुनील कुमार बंसल (AKSHAY KUMAR BANSAL S/o. SUNIL KUMAR BANSAL ) दर्ज है जिसे बदलकर अक्षय बंसल आ. सुनील कुमार बंसल ( AKSHAY BANSAL S/o. SUNIL KUMAR BANSAL ) कराने हेतु आम जन के लिए यह सूचना प्रकाशित है।

स्थान- दुर्ग
दिनांक- 24.10.2025

**AKSHAY BANSAL**
S/o. SUNIL KUMAR BANSAL

### प्रारूप-37
### नियम 6 ( 3 ) देखिए )

मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 431
तारीख 06.10.2025

श्री / श्रीमती / कुमारी SURESH VISHWAKARMA, S/o- SHRI GAJADHAR VISHWAKARMA INFRONT OF MAHAZID KRISHNA NAGAR, RAIPUR (C.G.)- 492009, MOB NO. 7400645000(रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि INDUSIND BANK LTD, Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटर यान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04NV5534 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-

1. आपने उसे/उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है।

उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया है।

अत: आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2(30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51(5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।

रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी
रायपुर ( छ.ग. )

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RINA VERMA D/O KALIKA PRASAD VERMA resident of HOUSE NO. J-73, CHAUBEY COLONY, NEAR HEATH WATCH, CHAUBEY COLONY RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name RINA VERMA D/O KALIKA PRASAD VERMA so in future I should be recognized by my new name that is REENA VERMA D/O KALIKA PRASAD VERMA in all Government and other documents.

**REENA VERMA**
HOUSE NO. J-73, CHAUBEY COLONY, NEAR HEATH WATCH, CHAUBEY COLONY RAIPUR (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, AMIR AKHTAR S/O SHAKEEL ANWAR resident of HN. E-25 SECTOR-1 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G) have changed my old name AMIR AKHTAR S/O SHAKEEL ANWAR so in future I should be recognized by my new name that is AAMIR AKHTAR S/O SHAKEEL ANWAR in all Government and other documents.

**AAMIR AKHTAR**
HN. E-25 SECTOR-1 DEVENDRA NAGAR RAIPUR (C.G)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SATTWIK SAXENA S/O VINIT KUMAR SAXENA resident of HN. 52 LAXMI NAGAR ROAD NAVJIWAN HOUSING SOCIETY PACHPEDI NAKA. RAIPUR (C.G.) have changed my old name SATTWIK SAXENA S/O VINIT KUMAR SAXENA so in future I should be recognized by my new name that is SATVIK SAXENA S/O VINIT KUMAR SAXENA in all Government and other documents.

**SATVIK SAXENA**
HN. 52 LAXMI NAGAR ROAD NAVJIWAN HOUSING SOCIETY PACHPEDI NAKA. RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SHALINI RANI PHILIP D/O SUSHIL KUMAR PHILIP resident of 403 E-DIAMOND AISHWARYA EMPIRE (NEAR ST. XAVIER SCHOOL) AVANTI VIHAR , LABHANDI , RAVIGRAM, BINDRAWANGARH, RAIPUR, (C.G.) 492006 have changed my old name SHALINI RANI PHILIP D/O SUSHIL KUMAR PHILIP so in future I should be recognized by my new name that is SHALINI HEMRAJ W/O AKSHYADEEP HEMRAJ in all Government and other documents.

**SHALINI HEMRAJ**
403 E- DIAMOND AISHWARYA EMPIRE (NEAR ST. XAVIER SCHOOL) AVANTI VIHAR , LABHANDI , RAVIGRAM, BINDRAWANGARH, RAIPUR, (C.G.) 492006

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAMESH KUMAR THAKKAR S/O TULSI DAS THAKKAR resident of FLAT NO 603, WALLFORT ELEGANTI BESIDE MAHARAJA PLAZA NEAR PROGRESSIVE POINT NEW RAJENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name RAMESH KUMAR THAKKAR S/O TULSI DAS THAKKAR so in future I should be recognized by my new name that is RAMESH THAKKAR S/O TULSI DAS THAKKAR in all Government and other documents.

**RAMESH THAKKAR**
FLAT NO 603, WALLFORT ELEGANTI BESIDE MAHARAJA PLAZA NEAR PROGRESSIVE POINT NEW RAJENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BRAMHA S/O VASUDEV resident of H.NO -147, WARD NO -10 , AWAS PARA PURI, KANKER (C.G) 494337 have changed my old name BRAMHA S/O VASUDEV so in future I should be recognized by my new name that is BRAMHA SAHU S/O VASUDEV in all Government and other documents.

**BRAMHA SAHU**
H.NO -147, WARD NO -10 , AWAS PARA PURI, KANKER (C.G) 494337

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने श्री गंगा प्रसाद साहू आत्मज स्व. श्री शारदा प्रसाद साहू निवासी समता फेस-2, कोटा रायपुर जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ के स्वामित्व एवं आधिपत्य की खसरा नंबर 1259/3 क्षेत्रफल 433.84 वर्गफुट महासमुंद पटवारी हल्का 42, राजस्व निरीक्षक मंडल, तहसील व जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़ स्थित परिवर्तित भूमि को क्रय करने का सौदा कर सौदा पेटे अग्रिम राशि अदा कर दिया है । विक्रय विलेख का निष्पादन, पंजीयन कराया जाना शेष है । उक्त खसरा नंबर की भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक, सोसायटी को किसी प्रकार से आपत्ति हो और/अथवा उक्त भूमि में से किसी भी प्रकार से हक हिस्सा स्वत्व कब्जा प्राप्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति अधोलिखित पते पर प्रस्तुत करें । निर्धारित समयावधि के पश्चात् की गई कोई भी आपत्ति निष्प्रभावी होगी । हमारे पक्षकार के द्वारा उक्त खसरा नंबर की भूमि का पंजीयन करा लिया जावेगा ।

**अतः सूचना ज्ञात हो ।**

स्थान:महासमुंद
दिनांक: 25.10.2025

**दिनेश राव भोसले**
**सोमनाथ साहू, ऋषभ भार्गव**
**कु. नित्या कौशिक, जिला न्यायालय परिसर, महासमुंद, जिला महासमुंद**
**मो.नं. 93409-82274**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं सक्षम अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202509241400031
अ-2 वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार वल्द जनक लाल साकिन सांकरी तहसील गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सांकरी में स्थित अपने भू-स्वामी भूमि खसरा नं. 279/7, रकबा 1.20 हे. में से रकबा 0.08 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है, वह पेशी तारीख 30.10.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 22.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
मुहर गुण्डरदेही, जिला बालोद ( छ.ग. )

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं सक्षम अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202509241400030
अ-2 वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कीर्ति बाई साहू पति ईश्वर लाल साहू साकिन-अर्जुनी टिकरी तहसील अर्जुन्दा, जिला-बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अर्जुनी टिकरी में स्थित अपने भू-स्वामी भूमि खसरा नं. 601 व 599 रकबा 0.01 हे. व रकबा 0.01 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है, वह पेशी तारीख 30.10.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 22.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
मुहर गुण्डरदेही, जिला बालोद ( छ.ग. )

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं सक्षम अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202510241400003
अ-2 वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नेमसिंह वल्द अलख राम साकिन-गुण्डरदेही तहसील-गुण्डरदेही, जिला-बालोद छ.ग. के द्वारा ग्राम गुण्डरदेही में स्थित अपने भू-स्वामी भूमि खसरा नं. 939/3 रकबा 0.01 हे. में से रकबा 0.01, हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है, वह पेशी तारीख 29.10.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 03.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
मुहर गुण्डरदेही, जिला बालोद ( छ.ग. )

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं सक्षम अधिकारी गुण्डरदेही, जिला-बालोद ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 2025092414000
अ-2 वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशीला साहू पति अजय कुमार साहू साकिन सांकरी तहसील-गुण्डरदेही जिला-बालोद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सांकरी में स्थित अपने भू-स्वामी भूमि खसरा नं. 279/17 रकबा 0.80 हे. में से रकबा 0.08 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्रस्तावित व्यपवर्तन में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति है, वह पेशी तारीख 30.10.2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति अग्राह्य होगी।

आज दिनांक 22.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
मुहर गुण्डरदेही, जिला बालोद ( छ.ग. )

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग
### ईश्तहार/व्यक्तिगत सूचना

मामला क्रमांक/202504100700045/
अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम-तितुरडीह, प.ह.नं. 41 तहसील व जिला दुर्ग छ.ग.
प्रति,

अध्यक्ष छ.ग. विकास गृह निर्माण समिति मर्यादित, भिलाई-03 चरोदा तहसील व जिला-दुर्ग
विषय-न्यायालय तहसीलदार में मामला क्रमांक/202504100700045/अ-6/वर्ष 2024-2025 में उपस्थित होने बाबत्।

एतद् द्वारा इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदिकागण श्रीमती रेणुका दास, श्रीमती उषा घोष दोनों पिता स्व. डॉ. एस.बी. चौधरी निवासी ए-11, पलाश विहार, महावीर नगर, पुरैना रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 32 का टुकड़ा रकबा 2400 वर्गफीट भूमि बयनामा कीमत 3,00,000/-रूपये तथा बाजार मूल्य 3,05,100/- रूपये भूमि को आवेदिका की माता द्वारा विक्रेता चितरंजन चौधरी पिता एस.बी. चौधरी निवासी एम.आई.जी.-700 पदमनाभपुर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.10.2000 को कय किया गया। जिसका प्रमाणीकरण भूलवश नहीं कराये जाने पर आवेदिका द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदित भूमि का क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण करते हुये, किन्तु आवेदिकागण की माता श्रीमती सुनीतिबाला चौधरी पति स्व. डॉ. एस.बी. चौधरी की मृत्यु दिनांक 09.06.2010 को फौत हो जाने पर उनके सभी विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदक पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सूचना के जरिये आपको सूचित किया जाता है उक्त प्रकरण में आप सुनवाई 31.10.2025 को इस न्यायालय में प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन कर सकते है। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा। जिसके लिये आप स्वत: जवाबदार होगें।

तहसीलदार
मुहर दुर्ग

### रायपुर जिला सहकारी संघ मर्यादित
### (सहकारी मुद्रणालय)

पं.क्र. डी.आर./आर.पी.आर. 23, वर्ष 1961
सहकारी सदन, राजेन्द्र नगर (चौबे कॉलोनी)/रायपुर (छ.ग.) फोन : 2255998

## अल्पावधि अभिरुचि का प्रस्ताव

क्रं./ जि.स.सं./प्रचार-प्रसार/73/2025-26 रायपुर, दिनांक 25.10.2025

राज्योत्सव 2025 के अवसर पर सहकारिता विभाग द्वारा विभागीय थीम ''25 वर्षों की यात्रा'' एवं अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत ''सहकार से समृद्धि '' के विभिन्न पहलों हेतु प्रदर्शनी/स्टॉल राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर में प्रदर्शित किया जाना है, जिसके लिए अल्पावधि अभिरूचि का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है, इच्छुक व्यक्ति /संस्था 25 वर्षों की यात्रा'' एवं अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत ''सहकार से समृद्धि'' थीम पर अभिरूचि का प्रस्ताव तैयार कर सीलबंद लिफाफे में दिनांक 28.10.2025 को दोपहर 02.00 बजे तक कार्यालय जिला सहकारी संघ मर्यादित, सहकारी सदन चौबे कॉलोनी, रायपुर के लेखा कक्ष में स्थित पेटी में (एक बड़े लिफाफे के अंदर 02 पृथक-पृथक लिफाफा, जिसमें 01 में प्रदर्शनी / स्टाल का डिजाईन तथा दूसरे में प्रदर्शनी/स्टाल का दर उल्लेख करना होगा) डाल सकेंगे, नियम एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

प्रस्तुत अभिरूचि का प्रस्ताव दिनांक 28.10.2025 को ही शाम 04.00 बजे जिला सहकारी संघ के सभा कक्ष में कमेटी के समक्ष खोला जावेगा, जिसमें अभिरूचि का प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले की उपस्थिति अनिवार्य होगी, कमेटी द्वारा प्रथमत: प्रदर्शनी/स्टाल के डिजाईन से संबंधित लिफाफा को खोला जावेगा तत् पश्चात् चयनित डिजाईन के व्यक्ति/संस्था का ही दर वाला लिफाफा खोला जावेगा।

**टीप:-अभिरूचि का प्रस्ताव अवकाश दिवस में भी प्राप्त / जमा होवेंगी।**

**प्रबंधक**
**जिला सहकारी संघ मर्यादित**
**रायपुर (छ.ग.)**

# सब्जी मंडी में 'प्रेमिका' मिली ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया

## मेघ-बसंत कॉलोनी में दिवाली पर हास्य के पटाखों और श्रृंगार की फुलझड़ियों की रही धूम

**महासमुंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोवर्धन पूजा के दिन स्थानीय मेघ.बसंत कॉलोनी में आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य,ओज, श्रृंगार, सहित सभी रसों में कविताएं सुनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित कवि चिराग जैन , दिल्ली ने अपनी रचनाओं से खूब समां बांधा। शालीन हास्य के साथ अपनी श्रृंगारिक रचनाओं के लिए राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुपरिचित कवयित्री मनीषा शुक्ला ने भी इस आनंद को बढ़ाने में उनका भरपूर साथ दिया। साथ में प्रस्तुति देने वाले नगर के प्रसिद्ध ग़ज़लकार और गीतकार अशोक शर्मा की रचनाओं ने भी श्रोताओं को प्रभावित किया। मेघ.बसंत कॉलोनी के संचालकगण धरमचंद,राजेश और ऋषभ श्रीश्रीमाल द्वारा प्रबुद्ध श्रोताओं के लिए कॉलोनी में समय.समय पर इस तरह के स्तरीय सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजनों की कड़ी में इस वर्ष आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य, श्रृंगार, संवेदना और पौराणिक संदर्भ से पगी हुई विभिन्न रचनाओं ने श्रोताओं को लगातार तालियां बजाने और वाह.वाह के लिए विवश किया।कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार ईश्वर शर्मा ने अपने विशिष्ट अंदाज में किया। कार्यक्रम में रायपुर के पूर्व विधायक और महापौर स्वरूप चंद जैन, महासमुंद के पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, श्रीमती निर्मला श्रीश्रीमाल, रंजना जैनए , कविता श्रीश्रीमाल, डॉ मेमन, हुकुम शर्मा, राजू कोमाखान,शायर हबीब समर बागबाहरा, गुमान चंद जैन सुरेन्द्र मानिकपुरी, भागवत जगत, उमेश गिरी गोस्वामी, पूर्व पार्षद महेन्द्र जैन और संजय शर्मा, अधिवक्ता प्रलय थिटे, समाजसेवी पारस चोपड़ा, हेमंत मालू , किशोर चोपड़ा,सुरेश झाबक,शरद मालू , शायर मौलाना याकूब कैसर,श्लेष चन्द्राकर,दिलीप चौरड़िया,मांगीलाल, उमेश शर्मा श्रीश्रीमाल परिवार के देश के विभिन्न भागों में रहने वाले परिजनों सहित अच्छी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग के अनेक महिला.पुरुष श्रोता स्तरीय काव्य रचनाओं का घंटों आनन्द लेते रहे। विभिन्न कवियों की रचनाओं की चुनिंदा पंक्तियां इस प्रकार थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अशोक शर्मा ने ग़ज़लों और दोहों के अलावा दीपावली की बधाई देते हुए कहा..जलें खुशी के दीप सभी घर,आंगन में खुशहाली हो, अंतस भी हरियाया हो और खेतों में हरियाली हो सबका शुभ हो सबका मंगल, विघ्न सभी के हरना देवी मंगलमय हो दीपपर्व येएहर घर में पग धरना देवी। अपनी चुटीली हास्य रचनाओं और टिप्पणियों के अलावा रामायण के विभिन्न प्रसंगों को भावपूर्ण कविताओं में पुरूषोत्तम शीर्षक से प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करने के लिए सुविख्यात चिराग जैन ने शुरूआती दौर में मजे़दार हास्य रचनाओं की प्रस्तुति दी। उनकी प्रसिद्ध हास्य रचना जब सब्जी मंडी में प्रेमिका मिली ने श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।बाद के दौर में उन्होंने पुरूषोत्तम में श्रृंखलाबद्ध लक्ष्मण मूर्छाश् और ,भरत का परिताप शीर्षक रचनाओं का अनूठा पाठ किया। भरत का परिताप रचना मे भरत के कैकयी के प्रति क्रोध के विभिन्न भावों को कविता में पिरोते हुए चिराग जैन ने पढा तों श्रोतागण रोमांचित रह गये। चाहता हूं उसका वध कर दूं मैं, जिसने ये अत्याचार किया,पर राम त्याग देंगे मुझको,यदि मैंने तुझको मार दिया,चल दिए भरत इतना कहकर इस द्वार न अब आऊंगा मैं,अपराधिन सुन अब मुख तेरा। इसके अलावा उनकी मां शीर्षक संवेदन शील रचना को भी श्रोताओं का भारी समर्थन मिला। दिल्ली की श्रीमती मनीषा शुक्ला ने शुरूआती दौर में शालीन हास्य की बेहतरीन पंक्तियां सुनाई।मैंचिग वाला पति और हर पत्नी की पसंद नोटा जैसी शालीन हास्य रचनाओं के बाद अगले क्रम में उन्होंने अपनी प्रसिद्ध श्रृगांरिक रचना 'करोगे क्या तब भी मुझसे प्यार' की सधे हुए तरन्नुम में उत्कृष्ट प्रस्तुति से कविता का सम्मोहन बिखेरा।उनकी अन्य श्रृगांरिक रचनाओं की भी श्रोताओं ने जमकर सराहना की। लगभग तीन घंटे तक अनवरत चले इस कवि सम्मेलन का अंत राजेश श्रीश्रीमाल के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।




**दिल्ली के चिराग जैन और मनीषा शुक्ला ने कवि सम्मेलन में रंग जमाया**

# आधा वेतन मिलन से नाराज कंप्यूटर ऑपरेटर व सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने गांधी मैदान में दिया धरना




**सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी**

**गरियाबंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।12 माह से महज 6 माह का वेतन मिलने से नाराज छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ तथा सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ शुक्रवार को गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम हीतेश्वरी बाघे को चार सुत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग पूरा नही होने पर 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी। हड़ताल हुई तो इस साल भी 15 नवंबर से शुरू होने जा रही धान खरीदी फिर से प्रभावित होने की संभावना है।

इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने प्रदेशभर के 2739 धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत ऑपरेटरों को 12 माह की बजाय केवल 6 माह का वेतन देना न्यायसंगत नही है। शासन के इस निर्णय के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया गया। मोहरे ने कहा कि धान खरीदी की तैयारियाँ 1 जुलाई से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलती हैं, जबकि फाइल अपलोडिंग और भुगतान कार्य अगले कुछ महीनों तक चलता रहता है। फिर भी शासन ने 2025-26 में केवल 6 माह का वेतन स्वीकृत किया है। यह निर्णय ऑपरेटरों के साथ अन्यायपूर्ण है, जिन्हें पिछले 18 वर्षों से न्यूनतम पारिश्रमिक पर कार्य कराया जा रहा है। समिति कर्मचारी महासंघ के कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्राकर ने कहा कि धान को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी कर्मचारियो पर होती है। शासन द्वारा तीन-तीन महीने बाद उठाव किया जाता है। ऐसे में धान में सुखत आना स्वाभाविक है। कर्मचारियों पर एफआईआर करने के बजाय शासन स्तर पर सुखत का उचित प्रावधान किया जाए।

प्रदेश अध्यक्ष मोहरे ने बताया कि चरणबध्द आंदोलन के तहत 24 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया गया। 28 अक्टुबर को संभागीय स्तर पर धरना देंगे। इसके बाद भी यदि शासन ने आगामी कैबिनेट बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटरों की 12 माह के वेतन भुगतान और नियमितीकरण की मांग पर निर्णय नहीं लिया, तो 12 नवंबर प्रदेश स्तरीय अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। जिसमें प्रदेशभर के 15 हजार से अधिक समिति कर्मचारी और ऑपरेटर आंदोलन में शामिल होंगे।

# खुशबू संस्कृति महोत्सव में प्रथम



**खरोरा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर कोसरंगी के कक्षा षष्ठ के छात्रा कु खुशबू के विगत दिनों मध्यप्रदेश के देवास में हुवे ग्राम भारती द्वारा आयोजित संस्कृति महोत्सव में छेत्र का प्रतिनिधित्व किया जहा पर प्रथम स्थान प्राप्त कर आगामी दिनों में होने वाले अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में प्रतिनिधित्व के लिए अपना नाम दर्ज करा लिए है खुसबू साहु के घर आगमन पश्चात शिशु मंदिर विद्यालय परिवार एवम् संचालक समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया।साथ ही ग्राम भारती के पदाधिकारी गण अध्यक्ष श्री पुना राम वर्मा ,सचिव श्री सुरेंद नशीने ,सह सचिव तोषण लाल साहू, कोशा धीयक्छ श्री डोमार वर्मा ,जिला संयोजक श्री मुकेश साहु सदस्य गैंद लाल साहू, प्रधाना चार्य,श्री गंगू राम वर्मा,आचार्य उत्तम ,परमानंद वर्मा साहु,रूपेंद्र साहु,खेमू राम तुरकाने आचार्या श्रीमती बसंती दास,सावित्री तुरकाने सीमा साहु, दुर्गेश्वरी पाल कुमारी प्रतिभा साहु लक्ष्मी साहु,रोमा दास,पार्वती साहु ,शकुंतला निषाद ,आया खिलेश्वरी साहु आदि ने विजेता के पिता कुंज बिहारी साहू,माता लीला साहु को भी बधाई दिया जिनके सुपुत्री कु खुशबू साहु ने अपने पालक के साथ साथ संस्था तथा छेत्र का नाम रोशन किया है एवम् उनके उज्वल भविष्य की कामना की है ।

# रानी दुर्गावती राष्ट्र भक्ति और नारी शक्ति की प्रतीक थी : संपत अग्रवाल

**पिथौरा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम भीथीडीह में रानी दुर्गावती जयंती के अवसर आदिवासी महासंघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ एवं रानी दुर्गवती प्रतिमा अनावरण समारोह के मुख्य अतिथि बसना विधायक संपत अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भिखम ठाकुर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिंहा गोड़ समाज जिला अध्यक्ष मनराखन ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष मोहित धुरुव जनपद सदस्य सृष्टि धुरुव युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी सीताराम सिंहा पार्षद मन्नूलाल ठाकुर सरपंच प्रेमशीला चक्रधर ठाकुर प्रियरंजन कोसरिया सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा उपसरपंच सैलेन्द्र डड़सेना मनमोहन जैन सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रानी दुर्गावती के प्रतिमा का अनावरण कर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि के आसंदी से बसना विधायक सम्पत अग्रवाल ने कहा कि देश भर में गोडवाना साम्राज्य की शासिका रानी दुर्गावती राष्ट्र भक्ति नारी शक्ति की प्रतीक है आज के दिन उनकी वीरता को पूरा देश याद करता है रानी दुर्गावती को ना केवल एक योद्धा के रूप में याद किया जाता है बल्कि एक लोक कल्याणकारी शासक के रूप में भी याद किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी ने रानी दुर्गावती की वीरता साहस और देश भक्ति पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भिखम ठाकुर ने कहा की भारत की महान वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पूरा देश मना रहा है उनकी जीवनी और गाथा को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के हरि नेताम रामकुमार ठाकुर प्रेम ठाकुर राम खड़िया पूर्व सरपंच सुनीता डड़सेना लाला राम डड़सेना अशोक डड़सेना रामाधीन सिंहा शिवलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# चार दिवसीय सूर्य उपासना का पर्व छठ नहाए खाए से शुरू

**महासमुंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से शुरू होने वाला चार दिवसीय सूर्य उपासना और कार्तिक छठ पूजा का पर्व नहाय. खाय के साथ शुरू हो गया। इसके लिए नगर पालिका द्वारा महामाई तालाब में विशेष तौर पर साफसफाई अभियान चलाया गया और छठ घाट बनाया गया। इस दौरान पहले दिन नहाय. खायए दूसरे दिन खरना, जिसमें निर्जला व्रत, तीसरे दिन संध्या अर्ध और चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं व्रत का पारण करती हैं। बता दें कि हर बार की तरह इस वर्ष भी आस्था का महापर्व छठी मईया पूजन को लेकर उत्साह नजर आ रहा है। शहर में मां महामाया तालाब तट पर बड़ी संख्या में महिलाएं इकट्ठा होकर सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा.अर्चना करती हैं। यहाँ भी तालाब के घाटों की साफ सफाई चल रही है। छठी मईया का यह पर्व आज नहाय.खाय से शुरू हुआ। इस दिन महिलाएं सात्विक भोजन कर छठ मईया की अराधना कर व्रत का संकल्प लेती हैं और उनकी पूजा.अर्चना कर सुख.समृद्धि की कामना करती हैं। छठ पर्व का दूसरा दिन जिसे खरना कहा जाता है। इस दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखती हैं और सूर्यास्त से पहले पानी की एक बूंद तक ग्रहण नहीं करतीं। शाम को चावल, गुड़ और गन्ने के रस का प्रयोग कर खीर बनाया जाता है ।तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य यानी दूध अर्पण करती हैं। चौथे दिन कार्तिक शुक्ल सप्तमी की सुबह उदियमान सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। सूर्योदय से पहले ही व्रती महिलाएं घाट पर उगते सूर्यदेव की पूजा हेतु पहुंच जाती हैं सभी नियम.विधान सांध्य अर्घ्य की तरह ही होते हैं। व्रती महिलाएं पूर्व की ओर मुंहकर पानी में खड़े होती हैं व सूर्योपासना करती हैं। पूजा.अर्चना समाप्तोपरान्त घाट का पूजन होता है। प्रसाद वितरण पश्चात कच्चे दूध का शरबत पीकर तथा थोड़ा प्रसाद खाकर व्रत पूर्ण करती हैं।

**छठी मईया पूजन को लेकर उत्साह**

# रासेयो का महाविद्यालय में सफाई अभियान

**बिलाईगढ़** 25 अक्टूबर(देशबंधु)।शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग निर्देशानुसार स्वच्छ संकल्प अभियान (15 अक्टूबर से 19 नवंबर 2025) के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसी तारतम्य में नियमित गतिविधि के अंतर्गत एन एस एस स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई और गिला कचरा, सुखा कचरा प्रबंधन कार्यक्रम के तहत दोनों तरह के कचड़ा रखने के लिए पृथक पृथक व्यवस्था किया गया जो ठोस तरल कचरा प्रबंधन का हिस्सा था।इस मौके पर प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्र , कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर सिंह ध्रुव, भौतिकी के सहायक प्रोफेसर उमाशंकर भारद्वाज, अतिथि व्याख्याता डॉ सुमन लता, दीपक कुर्रे मौजूद थे।




# सूखा नदी में अज्ञात युवक का शव बरामद



**फिंगेश्वर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। फिंगेश्वर मैं एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां फिंगेश्वर की सूखा नदी में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। शव 3 से 4 दिन पुराना बताया जा रहा है और उसमें से दुर्गंध आ रही है। लाश मिलने से आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया है।

फिंगेश्वर थाना से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने नदी में शव को तैरते हुए देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फिंगेश्वर पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की हत्या कर शव को नदी में फेंकने की आशंका जताई जा रही है।

युवक का नाम संतोष यादव बताया जा रहा है यह टिकरापारा फिंगेश्वर का निवासी है ।इस घटना को लेकर आम जनता में कई प्रकार की बातें की जा रही है क्या यह दुर्घटना है यह हत्या फिलहाल स्पष्ट नहीं है प्रमुख बात यह है कि फिंगेश्वर महासमुंद रोड सुखा नदी का क्षेत्र है नदी के इस पर अंग्रेजी देसी शराब भट्टी और नदी के ऊपर एक बहुत ही व्यस्ततम मार्केट जहां होटल ढाबा चकना की व्यवस्था का क्षेत्र है यहां पर प्राय दो पहिया चार पहिया गाड़ियों की हजारों की तादाद में भीड़ हमेशा होती है अनेक दुर्घटनाएं शराब दुकान के मुख्य मार्ग में होने के कारण घट रही है मुख्य मार्ग से शराब दुकान हटाने को लेकर अनेकों बार युवाओं की ओर से जन आंदोलन किए गए हैं लोगों का वहां शराब खरीद कर आसपास के चकना सेंटर या नदी के किनारे पीने पिलाने का काम दिनदहाड़े चलता है इस घटना का लेना देना के पीछे नशा पान से पीड़ित लोग भी हो सकते हैं फिलहाल यह जांच का विषय है

# गैस से हैं परेशान, तो भथुआ है न

**भाटापारा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बथुआ भाजी याने हर मर्ज की दवा। छिटपुट आवक के बीच खरीदी भी निकल रही है। भाजी की ढेर सारी प्रजातियां की भीड़ में, भथुआ की पहचान इसलिए अलग मानी जाती है क्योंकि इसमें औषधीय तत्वों की मौजूदगी कहीं ज्यादा है।

शीत ऋतु में होने वाली भाजियों में बथुआ की पहचान इसलिए अलग है क्योंकि इसे लगभग हर मर्ज की दवा के रूप में जाना जाता है। खासकर शरीर के सेल्स बनाने में तो इस भाजी का जवाब नहीं। साथ ही आम हो चली गैस की समस्या भी दूर करते हैं, इसमें मौजूद औषधीय तत्व।

**होते हैं यह औषधीय तत्व:** भरपूर मात्रा में विटामिन ए, बी और विटामिन सी होते हैं।इसके अलावा अमीनो एसिड्स, आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम और फास्फोरस की मात्रा भी होती है। पोषक तत्वों के साथ एंटीऑक्सीडेंट की मात्रा भी इसमें अच्छी-खासी है। सेवन की मात्रा नियंत्रण में रखनी होगी क्योंकि इसमें ऑक्जेलिक एसिड का लेवल ज्यादा होता है। अधिक मात्रा में सेवन, डायरिया की वजह बन सकता है



**यह मर्ज दूर:** शरीर के फंक्शन को नियंत्रित करने वाले सेल्स बनाने के साथ, इन्हें दुरुस्त रखती है भथुआ भाजी। आम समस्या बन चुकी कब्ज और गैस को भी खत्म करने में सहायक है। पेट के हर रोग को दूर करने की क्षमता है भथुआ में। पत्तियों को उबालकर पीने से त्वचा संबंधी समस्याएं आसानी से दूर की जा सकती हैं। रक्त प्रवाह सही करने के लिए नीम की चार या पांच पत्तियों के रस के साथ बथुआ का सेवन किया जा सकता है।

**यह सावधानी जरूरी:** अनुसंधान में भथुआ में ऑक्जेलिक एसिड का स्तर, बहुत ज्यादा मात्रा में होना पाया गया है। इसलिए सेवन के दौरान मात्रा नियंत्रण में होना चाहिए, अन्यथा डायरिया जैसी स्वास्थ्यगत परेशानी हो सकती है।

> सर्दी का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में सबसे ज्यादा लोग भथुआ का साग खाना पसंद करते हैं। भथुआ लाजवाब स्वाद के साथ-साथ पोषक तत्व से भी भरपूर होता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी 2, बी 3, बी 5, विटामिन-सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, फास्फोरस, लोहा, पोटैशियम, सोडियम पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बहुत जरूरी होता है।
>
> **- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास अधिकारी-कर्मचारी फील्ड में रहे सक्रिय : कलेक्टर

**गरियाबंद,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओ के बेहतर क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य अमले अपना शत प्रतिशत योगदान दे। जमीनी स्तर तक सभी अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहकर कार्य करे। कलेक्टर ने कहा कि लोगो बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन प्रशासन का दायत्वि है। इसमें लापरवाही नही होनी चाहिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओ की जानकारी ली। उन्होने संस्थागत प्रसव को बढ़ाने, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए तैयारी करने और स्वास्थ्य केन्द्रो में आवश्यक दवाईयो का भंडारण करने के निर्देश दिए। उन्होने कुष्ठ उन्मूलन योजना, आयुष्मान भारत योजना, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना एवं परिवार कल्याण से संबंधित कार्यक्रमों के प्रगति समीक्षा की। साथ ही अस्पतालों, आंगनबाड़ी केन्द्रो, बिजली, पानी एवं पहुंच मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक**

कलेक्टर ने बीएमओ सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को फील्ड में जाकर मॉनिटरिंग करने और सावधानी बरतने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने मातृत्व स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओ की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी लाभार्थी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। उन्होंने एनीमिया मुक्ति, कुपोषण उन्मूलन की दिशा में गंभीरता से कार्य करने और कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कर स्वास्थ्य लाभ दिलाने निर्देश दिए। परियोजना अधिकारियों को 15-15 दिनों में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के शत प्रतिशत उपस्थिति, पोषण ट्रेकर में सही जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिये। कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति नियमित होने पर उनमें कुपोषण का दर भी कम होगा।

बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की टीका, कुष्ठ उन्मूलन, क्षय रोग, हाइपरटेंशन, कृमिनाशक एवं विटामिन दवा, तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, मनोरोग चिकित्सा कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर बैठक में जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चन्द्राकर, सीएमएचओ डॉ. यू.एस. नवरत्न, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, सिविल सर्जन यशवंत कुमार ध्रुव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता विप्लव धृतलहरे, डीपीएम, समस्त बीएमओ, सीडीपीओ, बीपीएम, पर्यवेक्षक नोडल अधिकारी सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# व्यापारी पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

**भाटापारा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।भाटापारा शहर में सुनील गुप्ता के ऊपर हमले के संबंध में जानकारी।

प्रार्थी सुनील गुप्ता उम्र 55 साल निवासी सदर वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसका हटरी बाजार भाटापारा में गुप्ता स्वीट्स की दुकान है। कि दिनांक 23.10.2025 को रात्रि करीबन 09¬40 बजे वह अपनी दुकान को बंद कर रहा था, तभी इसी समय आरोपी विवेक गुप्ता उर्फ़ गोपाल एवं उसका एक साथी प्रार्थी के पास पैदल आये एवं आरोपियों द्वारा प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर उसके चेहरे पर वार किया गया, जिससे प्रार्थी के चश्मे का कांच टूट गया और नाक के पास चोंटे आई। फिर विवेक गुप्ता द्वारा प्रार्थी की कमीज के जेब में हाथ डालकर उसे फाड़ दिया तथा उसमें रखे ?5000 को लूट लिया गया। प्रार्थी द्वारा बीच बचाव करने के लिए आवाज लगाया गया, जिससे आसपास के व्यवसायी एवं अन्य लोग वहां पर आए, जिससे दोनों आरोपी तुरंत मौके से फरार हो गए। की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 586/2025 धारा 309(6), 296 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

घटना के संबंध में कई पत्रकारों एवं न्यूज़ चैनल पर प्रार्थी के साथ चाकू बाजी एवं उन्हें चाकू मार कर घायल कर देने और अन्य भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई जिसकी पुष्टि नहीं हुई है ।

संपूर्ण प्रकरण में एफ़आइआर दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

## पीएम ई-विद्या के तहत डीटीएच चैनल के माध्यम से शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण

**बलौदाबाजार,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)।पीएम ई-विद्या योजना के तहत राज्य में कक्षा 9वीं से 12वीं के समस्त विषयों की सामाग्रियों के शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण डीटीएच चैनल सहित अन्य टेलीविजन चैनलों में किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत कार्यक्रमों के प्रसारण की समय सारणी विद्यार्थियों को प्रदान करने के उद्देश्य से माह अक्टूबर 2025 के लिए मासिक कैलेंडर का क्लिकेबल पीडीएफपोस्टर तैयार किया गया है। जिसमें किसी भी तिथि को टच करने से उस तिथि में प्रसारित होने समस्त शैक्षिक कार्यक्रमों की सारणी कक्षावार और विषयवार खुल जाता है। इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसारण की सही जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है।

# शराबबंदी सहित विभिन्न मांगों को लेकर ड्राइवर संगठन ने किया अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू




**गुरुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरुर ब्लॉक के पुरूर में छत्तीसगढ़ ड्राइवर संगठन के द्वारा अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत बालोद और धमतरी जिले के ड्राइवर पुरूर में इकट्ठा हुए और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सड़क पर गुजर रहे अन्य माल वाहक वाहनों को भी रुकवाया गया और उनके ड्राइवर को आंदोलन का समर्थन की अपील की गई। मामले की जानकारी मिलने पर आसपास के थाना प्रभारी सहित एसडीओपी और अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ड्राइवर को समझाने का सिलसिला शुरू हुआ। ड्राइवर अपनी मांगों को लेकर मुखर थे। तहसीलदार हनुमत श्याम सहित अन्य अधिकारी समझाते रहे कि आपकी मांगों को शासन प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। इस पर ड्राइवर संघ के लोगों का कहना था कि जब भी बैठक होती है सरकार के साथ तो ट्रांसपोर्टर संघ के अध्यक्ष को बुलाकर बैठक की जाती है। ड्राइवर संगठन को वहां पर कभी भी बैठाया नहीं जाता है। ऐसे में पारदर्शिता नहीं रहती है। हम अपनी मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखेंगे। प्रमुख रूप से ड्राइवर संघ शासन द्वारा तय मानदेय देने की मांग कर रहे है। ड्राइवर ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि हम 24 घंटे काम करते हैं। जबकि सरकार का नियम 8 घंटे का है। फिर भी हमें मात्र ?9000 वेतन मिलता है। हम चलाते भले माल वाहक वाहन ट्रक आदि है। पर घर जाते अपनी साइकिल से। 1 सितंबर को ड्राइवर दिवस घोषित कर अवकाश घोषित करने की मांग की जा रही है। साथ ही सरकार से पूर्ण शराबबंदी की मांग की जा रही है ताकि होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके। कुछ भी घटना दुर्घटना होती है तो ड्राइवर पर आरोप लगा दिया जाता है। प्रमुख रूप से तीन मांगों को लेकर ड्राइवर संगठन यह आंदोलन कर रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को जिला बालोद एवं धमतरी ड्राईवर महासंगठन के संयुक्त रूप से ग्राम चितोद एवं ट्रांसपोर्ट नगर बालोद के पास छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन की लंबित मांगों के समाधान हेतु आंदोलनों किया गया। इस दौरान तहसीलदार को संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन के द्वारा लगातार अपनी मूलभूत एवं महत्वपूर्ण मांगों के समाधान हेतु सरकार को ज्ञापन प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसमें तीन मांगे है कि छत्तीसगढ़ राज्य पर पूर्ण रूप से शराब बंदी करे। ड्राईवर आयोग का गठन किया जाए। ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की जाए। इन मांगों के संबंध में हमने क्रमशः दिनांक 21.10.2024 एवं 19.03.2025 तथा - 06.06.2025 को तीन बार सरकार को ज्ञापन सौपा है। इसके साथ ही दिनांक 06.06.2025 को हमारे द्वारा सरकार को स्पष्ट अल्टीमेटम दिया गया था कि, च्यदि हमारी मांगों को दिनांक 01.10.2025 तक पूर्ण नहीं किया जाता है तो हम ड्राईवर भाई मिलकर दिनांक 25 अक्टूबर 2025 से स्टेयरिंग छोडों आंदोलन प्रारंभ करेंगे ज्परंतु उक्त विषय पर सरकार द्वारा हमें न तो कोई. आश्वासन दिया गया है और न ही कोई ठोस प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है।

अतः हम मजबूर होकर यह घोषणा करते हैं कि, हम लोग दिनांक 25 अक्टूबर 2025 से जिला बालोद एवं जिला धमतरी के छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा अनिश्चितकालीन स्टेयरिंग छोडों आंदोलन ग्राम चितोद एवं ट्रांसपोर्ट नगर बालोद के पास प्रारंभ करेंगे जब तक कि, च्हमारी सभी मांगों को पूर्ण नहीं किया जाएगा। ज्इस आंदोलन से यदि आम जनता अथवा जनसुविधाओं पर कोई असर पड़ता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन एवं संबंधित विभाग की होगी। सरकार हमारे इस न्यायोचित एवं आवश्यक निवेदन पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर ड्राईवर समुदाय की समस्याओं का समाधान करेगी।

# बेमेतरा अंचल के विभिन्न मड़ई मातर और लक्ष्मी पूजन में शामिल हुए आशीष छाबड़ा




**बेमेतरा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों तारालीम भरचट्टी तेलगा नया ढाबा सिलघट मोहभट्टा कोदवा सहित ग्रामों में आयोजित मडई मातर तथा लक्ष्मी पूजन कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का यह आयोजन न केवल मातृशक्ति की आराधना का पर्व है बल्कि यह एक सामाजिक मिलन का भी पर्व है जिसमें हम सभी आपस में मिलजुल कर अपने ग्राम में आपसी भाईचारे के साथ एक होकर दीपावली पर्व मंडई मातर एवं लक्ष्मी पूजन का आयोजन करते हैं छत्तीसगढ़ की यह संस्कृति ही हमें आपस में बाधे हुए रखी है और हमारे पुरखों की यह अनमोल विरासत को हमें हमेशा इसी तरह सजो कर रखना है आपसी भाईचारे और सौहार्द का यह पर्व हम सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए ग्रामीण अंचलों में जो इस परम्परा का निर्वहन किया जा रहा है वास्तव में यहीं हमारी संस्कृति को समृद्ध और संरक्षित किया गया है शहरों में रहने वाले आज भागदौड़ भरी जिंदगी में संस्कृति को भुलते जा रहे हैं इस अवसर पर माधुरी रवि परगनिहा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला रवि परगनिहा शुभम वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा सीमा टिकरिया सदस्य जनपद पंचायत बेरला सुमित राजपूत चन्द्र शेखर परगनिहा चन्द्र विजय धीवर मोनल सिन्हा किशोर दुबे राधे श्याम बंजारे सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# भरदा कला में मनाया मातर



**साजा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। साजा विकासखंड के ग्राम भरदा कला में दिनांक का 23 अक्टूबर 2025 को मातर का कार्यक्रम मनाया द्य जिसमें भारी संख्या में भीड़ देखने को मिला।

# गिरदावरी में गड़बड़ी से किसानों में आक्रोश

**सलिहा के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



**खैरागढ़,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। तहसील खैरागढ़ के ग्राम सलिहा और कौड़िया के किसानों ने वर्ष 2025 की गीरदावरी सूची में गंभीर त्रुटि की शिकायत की है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष उन्होंने सामान्य धान की बोवाई की थी, लेकिन पटवारी द्वारा गीरदावरी रजिस्टर में फसल के रूप में धान बासमती दर्ज कर दिया गया है।

कृषकों ने बताया कि इस गलती के चलते लगभग 1800 खसरा नंबरों में गलत फसल विवरण दर्ज हुआ है, जिससे किसानों को सहकारी समितियों में धान विक्रय करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। चूंकि बासमती धान का विक्रय अलग श्रेणी में होता है, इसलिए सामान्य धान उत्पादकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने जिलाधीश खैरागढ़ङ्कछुईखदानङ्कगंडई के नाम सामूहिक आवेदन देकर गीरदावरी में सुधार की मांग की है। उन्होंने निवेदन किया है कि संबंधित सूची में धान बासमती के स्थान पर सामान्य धान दर्ज कर नई सूची जारी की जाए, ताकि फसल विक्रय में उन्हें कोई बाधा न आए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में सरपंच प्रतिनिधि पुनीत साहू, दुजे राम, पुसन राम दुलार, रामकुमार, अनिल, सुजान राम, नारद वर्मा गनमन राम, राजू पाल, बलराम, लक्ष्मण अलाली राम, कुशल कुमार, पन्नालाल, विभीषण वर्मा, राजेश वर्मा सहित अनेक किसानों ने ज्ञापन सौंपकर एसडीएम से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र सुधार की अपेक्षा जताते हुए कहा कि अगर समय पर संशोधन नहीं हुआ तो वे अपनी फसल बेच नहीं पाएंगे और उन्हें भारी नुकसान होगा।

# युवा व्यवसायी नरेश पिंजानी का असामयिक निधन



**सिंधी समाज और व्यापारिक जगत में शोक की लहर**

**खैरागढ़,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के विनम्र स्वभाव के युवा व्यवसायी एवं निहाल डेली नीड्स के संचालक नरेश पिता सुमनदास पिंजानी निवासी बरेठपारा का शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचाररत थे। मात्र 47 वर्ष की आयु में उनका जाना समाज के लिए गहरा आघात है। नरेश पिंजानी अपने सहज, मिलनसार और सौम्य स्वभाव के लिए पूरे नगर में जाने जाते थे। व्यापारिक जगत में उनकी सादगी और कार्यनिष्ठा की मिसाल दी जाती थी। समाज सेवा में उनकी भागीदारी और सहयोगी भावना हमेशा याद की जाएगी। उनका अंतिम संस्कार बरेठपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग, शुभचिंतक और नगरवासी अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर पूरे समाज में गहरा शोक और भावनात्मक वातावरण व्याप्त रहा। नरेश पिंजानी, संजय पिंजानी के बड़े भाई एवं निहाल पिंजानी के स्नेहिल पिता थे। वे अपने पीछे स्नेहमयी पत्नी, पुत्र, परिवारजन और असंख्य शुभचिंतकों को छोड़कर चले गए।

# शहर मे शंन्ति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने की 2 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही



**डोंगरगढ़,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है और लगातार इस अभियान के तहत क्षेत्र मे शांन्ति भग करने वाले के विरूद्ध दिनांक- 24.10.2025 के ग्राम मुसराकला बजार चौक के पास अनावेदक 01.बबलु उर्फ टिकेश्वर पिता रामकुमार साहू उम्र 30 साल निवासी मुसराकला वार्ड नंबर-07 जिला राजनांदगांव एव 02 गोवर्धन साहू पिता छबिलाल साहू उम्र 45 साल निवासी मुसराकला जिला राजनांदगांव के द्वारा प्रार्थी भवानदास साहू को मुसराकला बजार चौक के पास अनावेदक बबलू एव गोवर्धन ने हम लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाये हो कहकर धमकी देने लगा एव मरने मारने पर उतारू हो गया था तथा वहा के आम जनता के द्वारा समझाने का प्रयास किया गया जो और अक्रोशित होर गाली-गलौच मारपीट पर उतारू हो गया जिसके विरूद्ध धारा- 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया ।

# खुंदनी मातर उत्सव में शामिल हुए तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू



**गुरुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला बालोद के ग्राम खुंदनी (गुरूर) में मातर महोत्सव एवं भाईदूज मनाया गया। इस पर्व पर छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जितेंद्र साहू का ग्राम खुंदनी में प्रथम आगमन हुआ। जिनके स्वागत के जन शैलाब देखने को मिला। इस अवसर पर कार्यक्रम में टुकेश्वर पाण्डेय, अध्यक्ष भाजपा मण्डल पुरुर मिरीटोला, सुनीता साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर, चंद्रिका यशवंत गंजीर सभापति जिला पंचायत बालोद, निलेश साहू प्रदेश संगठन सचिव युवा प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ (छ.ग), संध्या अजेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत गुरुर, अजेंद्र साहू महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा मण्डल गुरुर, संजय साहू जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, राजेन्द्र साहू सरपंच बोहारडीह, प्रमोद सिन्हा, विशाल दीवान सरपंच ग्राम पंचायत खुंदनी एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारीगण, यादव बंधु गण व समस्त ग्रामवासी जन उपस्थित थे।

# जिला मुख्यालय दुर्ग में 2 से 4 नवंबर तक राज्योत्सव कार्यक्रम



**दुर्ग,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में जिला मुख्यालय दुर्ग में 2 से 4 नवंबर तक तीन दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन पुराना गंज मंडी गंजपारा परिसर दुर्ग में किया जा रहा है। राज्योत्सव के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्य कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। उपयुक्त समिति में जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुब, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन एवं वीरेंद्र सिंह शामिल है। अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को संपूर्ण कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा अनुविभागीय अधिकारी हरवंश मिरी एवं दंडाधिकारी दुर्ग उत्तम ध्रुव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विभिन्न अधिकारियों को अलग.अलग दायित्व सौंपे गए हैं।

# मदर टेरेसा कॉलेज, कुम्हारी में पांच दिवसीय नर्सिंग मॉड्यूल पर कार्यशाला



**कुम्हारी,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिनों मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी मे च्नर्सिंग मॉड्यूल्स च पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन नर्सिंग कैंप्स के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री महाराज जी रावतपुरा सरकार एवं कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रकाश राव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यशाला के पहले और दूसरे दिन एस बी ए मॉड्यूल (7वाँ सेमेस्टर) के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रसूति एवं स्त्री रोग से संबंधित नवीन तकनीकों की जानकारी दी गई। इसके पश्चात दो दिन बेसिक लाइफ सपोर्ट (बी एल एस) और पैलिएटिव केयर मॉड्यूल का आयोजन किया गया, जिसमें बी.एस सी. नर्सिंग के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। वहीं अगले दो दिन द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए हेल्थ असेसमेंट मॉड्यूल का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. वर्निश कुमार एवं उप-प्राचार्या डॉ. फिबिना चिलाटे ने मुख्य अतिथियों डॉ. अशोक शर्मा (संस्थापक, नर्सिंग चैम्प्स) एवं रंजीत कुमार (कार्यक्रम संयोजक) का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नर्सिंग क्षेत्र की नई-नई विधियों और तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के समापन के अवसर पर छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य का मनमोहक आयोजन किया गया, जिसने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया।

समापन सत्र में डॉ. अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. फिबिना चिलाटे, उप-प्राचार्या, मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्य की प्राप्ति एक सप्ताह में हर हाल में सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**लक्ष्य पूर्ति में लापरवाही पर वेंडर्स और अधिकारियों पर होगी कठोर कार्रवाई, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश**

**बेमेतरा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में विलंब को लेकर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कड़ा असंतोष व्यक्त किया है। जिला कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों और वेंडर्स को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह के भीतर योजना के लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए, अन्यथा संबंधितों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि यह योजना आम जनता के आर्थिक सशक्तिकरण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। शासन द्वारा दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जवाबदेही और तत्परता से किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर तक पहुंचकर नागरिकों को योजना के लाभों की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ा जा सके।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि लक्ष्य पूर्ति में देरी अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी वेंडर्स को अनुबंध की शर्तों का कड़ाई से पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने चेतावनी दी कि यदि समयसीमा में लक्ष्य की पूर्ति नहीं होती है, तो संबंधित वेंडर्स का अनुबंध तत्काल निरस्त किया जाएगा तथा विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

अंत में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारी और वेंडर्स आपसी समन्वय एवं टीम भावना से कार्य करें, ताकि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक तक इस योजना का लाभ समय पर पहुंच सके और जिले को राज्य में आदर्श रूप में स्थापित किया जा सके।

# चाकूबाजी से 2 युवक घायल

**4 आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज**

**दुर्ग,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। गत रात्रि करीब 1 बजे के आसपास राजीव नगर में केजू राईस मिल के पास युवकों के एक गुट ने दूसरे गुट के लोगों पर लाठी डंडे व चाकू से आकस्मिक हमला कर दिया। इस अप्रत्याशित हमले में 2 युवक सागर साहू व एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। इसमें तीसरे युवक को कतिपय लोग सुरक्षित निकाल ले गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घायलों का इलाज जारी है वे लोग पूरी तरह सकुशल है। मारपीट का कारण अभी तक अज्ञात है। विवेचना जारी है।

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार केजू राईस मिल के पास बलदाऊ पान ठेला के पास नीरज साहू (28) अपने दोनों साथी लोकेश यादव व सागर साहू के साथ खड़े थे तभी आरोपी प्रदीप ठाकुर, नोहर यादव, सौरभ सिन्हा, अमन और उसके साथी सुजुकी वैगन आर कार से वहां पहुंचे और कार से उतरकर नीरज के साथ गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं डंडों से पीटने लगे। तभी नीरज के दोस्त लोकेश यादव एवं सागर साहू बीच बचाव करने लगे तो आरोपियों ने इनके साथ भी गाली गलौच करते हुए मारपीट की व चाकू से हमला कर इन्हें भी घायल कर दिया। इसमें सागर साहू के बाएं जांघ में तथा एक अन्य को भी चोट पहुंची है।

नीरज साहू की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों प्रदीप कुमार, नोहर यादव, सौरभ सिन्ह एवं अमन के विरूद्ध धारा 109 बीएनएस 115(2)बीएनएस, (3)5 351 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# बस्तर के युवराज ने एशियन यूथ गेम्स में सातवां स्थान प्राप्त कर देश-प्रदेश को किया गौरवान्वित

**जगदलपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। ओलंपिक कॉउंसिल ऑफ एशिया द्वारा बहरीन (यूएई) में आयोजित च्यूशियन यूथ गेम्स्ज मे होने वाले 21 विभिन्न खेलो में से एक खेल म्यूथाई में भारतीय दल भाग ले रहा है। म्यूथाई के च्मिक्स माई म्यूज्ञ टीम इवेन्ट में बस्तर जिला संभागीय मुख्यालय जगदलपुर के म्यूथाई खेल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी युवराज सिंह राजपूत ने 45 देशों के खिलाड़ियों के बीच सातवां स्थान प्राप्त कर भारत और छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया है। उपरोक्त जानकारी जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने संयुक्त रूप से बताया कि यह छत्तीसगढ़ खेल जगत की ऐतिहासिक उपलब्धि है कि युवराज सिंह राजपूत ने 45 देशों के मध्य हुए च्मिक्स माई म्यूज्ञ टीम इवेन्ट में अपनी राजस्थान की पार्टनर खिलाड़ी हर्षिता के साथ सेमीफाइनल तक का सफर तय किया और अंकों के आधार पर प्रथम सात खिलाड़ियों में अपना गौरवशाली स्थान बनाया। उक्त स्पर्धा में फिलीपीन्स, यूएई, मलेशिया और इराक़ के मिक्स खिलाड़ी अंकों के आधार पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किये है जिनमे पदकों का निर्धारण होगा। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि दूरस्थ बस्तर अंचल से गत नौ वर्षो से म्यूथाई राष्ट्रीय चैंपियन, चार बार के अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई पदक विजेता खिलाड़ी जगदलपुर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत एशियन यूथ गेम्स के लिए छ ग राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है। एशियन यूथ गेम्स में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों का व्यय भारत सरकार द्वारा किया गया है और ब्लेजर, कोट, पेंट, शर्ट, टाई, फॉर्मल ड्रेस, आईओए बेच, बैग आदि खिलाड़ियों को वितरित किया गया है। कोच अब्दुल मोइम ने कहा कि युवराज सिंह के एशियन यूथ गेम्स बहरीन में किये गए गौरवशाली शानदार प्रदर्शन से बस्तर अंचल और छ ग को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में प्रतिस्थापित किया है।



## धारदार चाकू से हमला करने वाले आरोपी को बस्तर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जगदलपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। अश्लील हरकत कर गुंडा गर्दी कर धारदार चाकू से हमला करने वाले एक युवक को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना बोधघाट में पीड़िता उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि पिछले 2-3 माह से सूरज कश्यप नशे की हालत में घर आकर अश्लील हरकत कर गाली गलोच करता है। 23 अक्टूबर को रात्री 11ः30 बजे आरोपी नशे की हालत में घर आकर अश्लील हरकत करते हुए पीड़िता को गाली गलौज करते हुए धारदार चाकू से हमला किया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बोधघाट में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया। उक्त टीम के द्वारा आरोपी सूरज कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा अपराध कबूल करने से उसके कब्जे से एक धारदार चाकू को जप्त कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## मुख्य सचिव विकासशील ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ली कमिश्नर-आईजी सहित कलेक्टर्स-एसपी की बैठक



**जगदलपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव विकासशील ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कमिश्नर-आईजी सहित कलेक्टर्स और एसपी की बैठक में सड़कों पर घुमन्तु आवारा पशुओं के नियंत्रण के लिए प्रभावी ढंग से पहल किए जाने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हर स्तर पर व्यापक जनजागरुकता निर्मित करने पर बल दिया और इस दिशा में शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामीण इलाकों में ज्यादा ध्यान केन्द्रित किए जाने कहा। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में गौधाम संचालन सहित नगरीय क्षेत्रों पर कांजी हाउस को सक्रिय रखकर उसका बेहतर प्रबंधन पर जोर देते हुए आवारा पशुओं के रोकथाम एवं प्रबंधन में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की सजगता एवं त्वरित कार्यवाही पर बल देते हुए नियमों के अनुपालन सहित प्रशासन की त्वरित रिस्पांस के साथ पहल सुनिश्चित किए जाने कहा। बैठक के दौरान सड़क एवं अन्य सार्वजनिक प्रयोजन हेतु वन भूमि के फारेस्ट क्लियरेंस, छोटे-बड़े झाड़ भूमि को सुरक्षित रखने एवं अतिक्रमण मुक्त करने, आरेंज एरिया के चिन्हांकन की प्रगति सहित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति, पीएम जनमन आवास, विशेष परियोजना के प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन और आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति, छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन नियम के अंतर्गत रेत खदानों का ई-नीलामी से आबंटन इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, सोनमणी बोरा सहित राज्य शासन के वरिष्ठ उच्चाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, डीएफओ उत्तम गुप्ता सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## बस्तर हाई स्कूल के शताब्दी वर्ष पर 17 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम के संबंध में किरणदेव ने ली प्रबंध समिति की बैठक



**जगदलपुर**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। शुक्रवार को शाम शहर के जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल) के शताब्दी वर्ष पर 17 नवंबर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्रबंधन समिति के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आवश्यक बैठक लेकर शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तार से चर्चा कर सभी की जवाबदारी एवं रूपरेखा तैयार किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, शाला प्रबंधन समिति के राकेश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, प्राचार्य श्री रामकुमार, एवं विधालय के शिक्षक उपस्थित थे। प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आगामी शताब्दी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम संबंधित तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर सभी की जवाबदारी तय की। साथ ही शताब्दी समारोह में आयोजित कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक और भव्य रूप से सभी के सहयोग से सफल आयोजन करने संबंधित चर्चा किया गया। बैठक में शामिल सभी ने अपनी अपनी बात रख कार्यक्रम के भव्य तैयारी पर अपने विचार रखे।

## मातर महोत्सव पर्व हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक : द्वारिकाधीश

**बागबाहरा**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहंदी और बेलर में आयोजित मातर महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशाहाली की कामना की।



ग्राम मोहंदी और बेलर में हर साल की तरह इस साल भी मातर महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। यहां आयोजित मातर महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने ग्रामीणों के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप पूजा-अर्चना कर मातर महोत्सव का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव ने कहा कि मातर महोत्सव पर्व हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। यह महोत्सव समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल की परंपराएं हमारी पहचान हैं। जिन्हें सहेजना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को मातर महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीणों की मांगों पर हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम मोहंदी में समलिया यादव, खिलावन यादव, दिलीप यादव, विष्णु यादव, रामनाथ यादव, कुंजलाल यादव, रोहित यादव, भीम यादव, गिरधारी यादव, ओमप्रकाश यादव, तुलचंद यादव, रोमनलाल यादव, टीकम यादव, विष्णु यादव, गोपाल तथा ग्राम बेलर में प्रमुख रूप से ताराचंद, कन्हैया श्रीवास्तव, ललित चंद्राकर, रामप्रसाद पटेल, डेलूराम चंद्राकर, ओंकारगिरी गोस्वामी, खेमराज दीवान, चंदूलाल साहू, खिलेश्वर साहू, नीलकंठ यादव, एवन साहू, अरूण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।



**जगदलपुर**। दीपावली के पांचवें दिन तेलुगु समाज के लोगों ने नाग पंचमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह से ही लोग शहर के आसपास के क्षेत्र में उपस्थित नाग सांप के बिलों पर पहुंचकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की और दूध, अंडा, प्रसाद अर्पित कर पूजा किए और इस अवसर पर लोगों ने आतिशबाजी भी की।

## वटगन में फल विक्रेता की हत्या

**पलारी**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। 25 अक्टूबर को प्रात: सूचना मिली कि थाना पलारी क्षेत्र के ग्राम वटगन में एक फल विक्रेता की उसकी घर में ही सिर में प्राणघातक वार करते हुए अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या कर दी गई है। की सूचना पर थाना पलारी का पुलिस बल द्वारा घटनास्थल ग्राम वटगन पहुंच, घटनास्थल का जांच एवं पंचनामा कार्यवाही प्रारंभ किया गया। साथ ही फॉरेंसिक की टीम द्वारा भी घटनास्थल एवं शव का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। शव ग्राम वटगन के ही अमित गिरी उम्र 45 वर्ष का होना पाया गया, जो की फल विक्रेता का काम करता था। प्रारंभिक जांच एवं पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव को पोस्टमार्टम करने के लिए रवाना करने की कार्यवाही की जा रही है। घटना के वक्त घर में मृतक अकेला था।

## गंगरेल मड़ई में उमड़ा जनसैलाब, 709 महिलाओं ने की संतान प्राप्ति की कामना

**कुरूद**, 25 अक्टूबर। धमतरी अंचल के प्रसिद्ध गंगरेल मड़ई की अपनी अनूठी परंपरा सालों से कायम है। है। दिवाली पर्व मनाने के बाद 24 अक्टूबर को पड़ी प्रथम शुक्रवार को गंगरेल मड़ई का आयोजन। गांवों के देवी-देवता शामिल हुए। मड़ई देखने धमतरी समेत प्रदेशभर से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मड़ई में लोगों व श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। दूसरी ओर संतान की कामना के लिए यहां महिलाएं। जिसमें करीब 700 से अधिक महिलाएं मां अंगारमोती मंदिर परिसर से 400 मीटर लंबी दूर तक जमीन पर लेटकर खास पूजा-अर्चना की। जमीन पर लेटकर मनोकामना करने वाली नि: संतान महिलाओं की ऊपर से होकर बैगाओं की टोली ने संतान प्राप्ति की आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान मां अंगारमोती मंदिर परिसर मां की जयकारे से गूंजता रहा।



गंगरेल बांध किनारे स्थित मां अंगारमोती मंदिर परिसर में शुक्रवार को मड़ई-मेला का आयोजन धूमधाम से हुआ। मड़ई में शामिल होने के लिए सुबह से धमतरी समेत प्रदेशभर से लोग बाइक, कार समेत अन्य वाहनों में सवार होकर पहुंचते रहे रहे। दोपहर तक यहां हजारों की संख्या में में लोगों की भीड़ उमड़ी। वहीं गंगरेल मड़ई में शामिल होने के लिए गंगरेल बांध के डूब क्षेत्र के 52 गांवों के लोग देवी देवाताओं के ध्वज, डांग-डोली को लेकर बैगा और पुजारी बाजे-गाजे के साथ पहुंचे। मड़ई में आसपास गांवों के आंगा देव भी पहुंचे थे। चढ़ोत्तर बैगा गाते हुए मड़ई के अंगारा देवी को पूजा-अर्चना के बाद बैगाओं की टोली ध्वज और डांग के साथ शाम चार बजे नाचते हुए मेला परिसर से गुजरी, तो मां अंगारमोती की जयकारे से परिसर गूंज उठा। बैगाओं की टोली डांग डोली के साथ मंदिर परिसर पहुंचे और यहां जमकर देव रूप में झूमे। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ जमकर जयकारा लगाते रहे।

**संतान की कामना के लिए 700 महिलाएं लेटी जमीन पर**

गंगरेल मड़ई में विशेष परंपरा के तहत धमतरी जिले समेत प्रदेशभर से पहुंची करीब 700 निस्संतान महिलाएं पेट के बल लेटकर संतान प्राप्ति की कामना की। जमीन पर लेटी महिलाओं के ऊपर से बैगाओं की टोली गुजरी और संतान प्राप्ति की आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान मड़ई स्थल पर जयकारा गूंजता रहा। मड़ई के मुख्य आकर्षण में शामिल थीं वे महिलाएं जो संतान की कामना लेकर मंदिर परिसर में पेट के बल लेट गई थी। मान्यता के अनुसार बैगाओं की टोली जब इन महिलाओं के ऊपर से गुजरती है, तो उन्हें माता की कृपा मिलती है। है और संतान प्राप्ति होती है। इस परंपरा में 700 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं, जो अपने सपने को साकार करने की उम्मीद से इस विशेष पूजा में भाग ले रही थीं।

**मेला का उठाया लुत्फ**

गंगरेल मड़ई-मेला परिसर में झूला, दुकानें और अन्य सामग्रियां लगी हुई थीं, जहां लोग जमकर खरीदारी की। वहीं झूले व रावचुली में बच्चे मस्ती करते हुए मड़ई का आनंद ले रहे थे।

पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने मड़ई घूमने का मजा लिया। अंगारमोती मंदिर परिसर से लेकर शीतला मंदिर तक दुकानें सजी थीं। शाम तक गंगरेल मड़ई में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ रही। सुरक्षा इंतजाम के लिए रूद्री और पुलिस लाइन के जवान तैनात रहे। हालांकि लोगों की भीड़ अधिक होने से गंगरेल मार्ग में पल-पल जाम की स्थिति बन रही थी। जबकि पुलिस प्रशासन की ओर से कुछ चिन्हांकित जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। मड़ई क्षेत्र में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस पेट्रोलिंग व पुलिस अधिकारी व जवान जगह-जगह तैनात थे।

## विधायक अजय चंद्राकर की पहल पर कुरुद को मिली ऐतिहासिक सौगात

**कुरूद**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। कुरूद विधानसभा एक बार फिर विकास की नई कहानी लिख रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की दूरदर्शी सोच तथा विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयासों से कुरूद को अब वह सौगात मिली है, जिसका इंतजार वर्षों से था। छत्तीसगढ़ शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कुरूद में नवीन नर्सिंग महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु 8.68 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय न केवल एक संस्थान की मंजूरी है, बल्कि कुरूद की प्रगति, शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की नई शुरुआत भी है। एक ऐसी पहल जो आने वाले समय में युवाओं के भविष्य को दिशा देगी। कुरूद विधानसभा क्षेत्र में पहले से ही स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, पॉलिटेक्निक कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आईटीआई और लाइवलीहुड कॉलेज भखारा जैसे संस्थान संचालित हैं। अब इस श्रृंखला में नवीन नर्सिंग महा विद्यालय की स्थापना ने इस क्षेत्र को शिक्षा के मानचित्र पर और भी उज्ज्वल बना दिया है। यह संस्थान न केवल कुरूद, भखारा, सिरी, सिलीटी, ओर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य शिक्षा उपलब्ध कराएगा।



**कुरूद को दी नर्सिंग कॉलेज की पदस्थापना**

**आत्मनिर्भर भारत का सपना होने लगा साकार : अजय**

प्रदेश के छात्रों के लिए रोजगार और सेवा का नया मार्ग खोलेगा। करीब 8.68 करोड़ की लागत से बनने वाला यह नर्सिंग महाविद्यालय भवन स्थानीय श्रमिकों, ठेकेदारों और व्यवसायों के लिए भी बड़ा अवसर साबित होगा। कॉलेज के संचालन से किराये के आवास, परिवहन, भोजनालय, स्टेशनरी और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। साथ ही, यह संस्थान नर्सिंग जैसे उच्च कौशल वाले पेशेवरों को तैयार करेगा, जिससे क्षेत्र की आय, रोजगार और जीवन स्तर में स्थायी सुधार होगा।

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के मार्गदर्शन में यह सौगात मिली है। यह नर्सिंग महाविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## ग्राम जर्वे में मारपीट कर युवक की हत्या करने वाले 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**पलारी**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। 23 अक्टूबर को प्रार्थी बुध्देश्वर वर्मा निवासी ग्राम जर्वे द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 22.10.2025 के रात्रि 08ः30 बजे से 09ः00 बजे के बीच लड़ाई-झगड़ा की आवाज सुनने पर प्रार्थी, उसके पिता एवं उसका भाई कैलाश वर्मा निकल कर बाहर आए। इसी समय आरोपी पड़ोसी कामेश्वर साहू, जतिराम साहू एवं अन्य आरोपियों द्वारा उसके पास आकर अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए कैलाश वर्मा को घसीट कर मारते पीटते गांव के चौक के पास ले जाकर खंबे में बांध दिया गया। वहीं पर एक अन्य आहत व्यक्ति प्रकाश साहू को भी आरोपियों द्वारा बांधकर रखा गया था।

दोनों के साथ आरोपियों द्वारा हाथ मुक्का, डंडे एवं जीआई पाइप आदि से गंभीर रूप से मारपीट किया गया। प्रार्थी एवं उसके पिता पुरूषोत्तम वर्मा, गेंदराम साहू द्वारा बीच-बचाव करने पर आरोपियों द्वारा उनके साथ भी अश्लील गाली गलौज कर मारपीट किया गया। उक्त घटना एवं मारपीट पर कैलाश वर्मा को गंभीर चोटें आई, जिसे शासकीय अस्पताल पलारी में प्रारंभिक इलाज पश्चात जिला अस्पताल बलौदाबाजार रिफर किया गया, जहां इलाज के दौरान कैलाश वर्मा की मृत्यु हो गई। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 428/2025 धारा 296,127(2),109,103(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।



**इलाज के दौरान जिला अस्पताल बलौदाबाजार में हो गई मृत्यु**

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल ग्राम जर्वे पहुंच सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। साथ ही प्रकरण में शामिल समस्त गवाहों, उपस्थित ग्रामवासियों से विस्तृत पूछताछ कर कथन लिया गया, जिसके आधार पर तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से प्रकरण में शामिल 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी, उसके पिता पुरूषोत्तम साहू, गेंदराम साहू, उसके भाई कैलाश वर्मा एवं प्रकाश साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया गया, जिससे मृतक कैलाश वर्मा उम्र 25 साल निवासी ग्राम जर्वे की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। कि प्रकरण में सभी 04 आरोपियों को दिनांक 24.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## शास. महाविद्यालय में संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस मनाया गया

**सरायपाली**, 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष यू के बरिहा के मार्गदर्शन में संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।राजनीति विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों द्वारा सहायक प्राध्यापकों का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत वंदन किया गया। सर्वप्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की आवश्यकता क्यों हुई ?इस संबंध में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार जगत ने राष्ट्र संघ और संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समाप्त होने के बाद वैश्विक नेताओं ने विश्व में शांति सद्भावना युद्ध को रोकने और मानवाधिकारों के सुरक्षा हेतु कार्य करने पर जोर दिए, जिससे एक ऐसे विश्व का निर्माण हो जिसमें सभी देश एक दूसरे का आवश्यक सहयोग करते हुए सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में विकास कर एक सुंदर संसार का निर्माण कर सके।संयुक्त राष्ट्र संघ पूरे विश्व में शांति स्थापना युद्ध के मध्य होने वाले आपसी तनाव एवं झगड़ों को दूर करने के लिए वैश्विक आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सामूहिक तौर पर कार्य करने पर जोर दे रहा है ।जलवायु परिवर्तन और वैश्विक आतंकवाद सिर्फ एक देश की समस्या नहीं यह तो वह संसार के लिए एक खतरा का कारण बन सकता है ,लोगों को अच्छे स्वास्थ्य सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए शिक्षा गरीबी को दूर करने के लिए कई अभिकरण कार्य कर रहे हैं और उसकी उपयोगिता भी साबित हो रहा है। सहायक प्राध्यापक डॉ. झरना साव ने संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, कहा कि यह जो संयुक्त शब्द है , देशों के बीच में एक दूसरे के साथ आपसी संबंध हो और विश्वास को गति देने का एक कारण है और उसी को आधार मानकर



संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थापना किया गया था ।आज संयुक्त राष्ट्र संघ में 193 देश उसके सदस्य हैं जो सदस्य देशों को सामूहिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस निर्णय लेने की आवश्यकता है वैसे बहुत सारे देश ऐसे भी हैं जो संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य नहीं है फिर भी संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा बनाए गए चार्टर का पालन करते हैं ।राजनीति विज्ञान विभाग के विभाग अध्यक्ष यू के बरिहा ने वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका और बढ़ जाती है ,जब पूरे विश्व में युद्ध का वातावरण निर्मित होने लगता है ,युद्ध में मानव जाति का विनाश की गाथा ही दिखाई देती है और इस युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ को कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है । वैश्विक आतंकवाद जलवायु परिवर्तन और समग्र विकास की धारणा को लागू कर विश्व के कमजोर देश को स्वतंत्रता एवं वित्तीय सहायता देकर के विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जा सकता है, दो राष्ट्रों के बीच में तनाव को रोकने के लिए सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों को पहल करने की आवश्यकता है। महासभा की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं लेकिन वह निर्णय वर्तमान समय में कारगर साबित नहीं हो पा रहा है इसलिए विकासशील देशों की भूमिका को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता और एक बड़ी महाशक्ति के रूप में उभर कर सामने देशों को महत्व देने की आवश्यकता है।संयुक्त राष्ट्र संघ में संशोधन एवं पुनर्गठन की आवश्यकता है आज 80 वा स्थापना दिवस मना रहा है, समय के हिसाब से सुरक्षा परिषद में सदस्यों की संख्या को वृद्धि की आवश्यकता है अधिक देशों का प्रतिनिधित्व होने के कारण से सामूहिक निर्णय लिया जा सकता है । आज कुछ देशों का संयुक्त राष्ट्र संघ में एकाधिकार स्थापित हो चुका है जो पूरे संसार के लिए और अमंगलकारी हो सकता है तथा आवश्यकता इस बात की है संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी भूमिका का निर्वहन कैसे करें ?आतंकवाद जलवायु परिवर्तन मानव तस्करी शरणार्थियों की समस्या और युद्ध रोकने के लिए ठोस निर्णय लेकर शांति स्थापना करने और सहयोग प्रदान करने के लिए कार्य करें। इस कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान परिषद की अध्यक्ष हसीना बघेल एवं आभार प्रदर्शन साहेबा बानो ने किया।

## निधन

### शिवराज सोनी



**धमतरी**, 25 अक्टूबर। कचहरी चौक स्थित दीपाली टायपिंग के पूर्व संचालक शिवराज सोनी पिता स्व. जयगोपाल सोनी का 25 अक्टूबर दिन शनिवार को दुखद निधन हो गया है, जिनकी अंतिम यात्रा आज 26 अक्टूबर दिन रविवार को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान इतवारी बाजार साईं मंदिर की गली से निकाली जाएगी। वे विजय सोनी, पारस सोनी के भाई एवं सागर सोनी के पिता थे।

### गिरिजा मने



**पिथौरा**, 25 अक्टूबर। लहरौद निवासी गिरिजा बाई मने 90 वर्ष का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। स्व. गिरिजा लहरौद निवासी रामकृष्ण मने (सहकारिता विभाग मे पदस्थ) की मां थी अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### श्रीमती यशोदा डड़सेना



**खरोरा**, 25 अक्टूबर। खरोरा निवासी श्रीमती यशोदा डडसेना पति स्व विश्वनाथ डडसेना का आकस्मिक निधन 20 अक्टूबर को हो गया। वे चंद्रकुमार डडसेना (प्रांतीय समन्वयक विद्या भारती) की मां थी। दशगात्र 26 अक्टूबर को गृह ग्राम पचरी (झलप) में संपन्न होगी।

### दुलीचंद कर्णावट



**दुर्ग**, 25 अक्टूबर। स्थानीय मालवीय नगर निवासी दुलीचंद कर्णावट (97) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके मालवीय नगर निवास से निकाली गई और हरनाबांधा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में जैन समाज सहित अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे जैन समाज के सबसे उम्रदराज व्यक्तियों में थे। वे राजेश एवं ललित कर्णावट के पिता थे।

# प्रधानमंत्री के स्वागत में नवा रायपुर में रोड शो

## मार्गों पर 12 आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जा रहे

**रायपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि राजधानी नवा रायपुर में 5 दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन होगा, जबकि सभी जिला मुख्यालयों में 3 दिवसीय राज्योत्सव मनाया जाएगा। इस बार राज्य स्थापना का यह आयोजन अधिक व्यापक और ऐतिहासिक स्वरूप में किया जा रहा है।



श्री साव ने बताया कि रजत जयंती वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की भी तैयारी की जा रही है। प्रधानमंत्री के स्वागत में नवा रायपुर में रोड शो आयोजित होगा, इन मार्गों पर 12 आकर्षक स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इन द्वारों पर छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति, लोक परंपरा और विकास योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री के आगमन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने की पूरी तैयारी कर ली है

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर नवा रायपुर स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस उपलक्ष्य में सरकार विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। यह अवसर प्रदेश के गौरव और उपलब्धियों का प्रतीक है।

श्री साव ने कहा कि, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि से बना छत्तीसगढ़ आज विकास, समृद्धि और जनकल्याण के मार्ग पर अग्रसर है। पिछले 25 वर्षों में राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं 25 वर्षों की विकास यात्रा और राज्य निर्माण की गाथा को राज्योत्सव स्थल पर विभागीय स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

### बस्तर ओलंपिक की प्रारंभ तिथि में बदलाव

श्री साव ने बताया कि, बस्तर ओलंपिक के आयोजन की तिथि पूर्व निर्धारित थी, लेकिन इस बीच स्कूलों की छुट्टी चल रही है और सभी जिलों में राज्योत्सव का आयोजन होना है। इन परिस्थितियों के कारण विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक की प्रारंभ तिथि में बदलाव होगा।

# बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ

**रायपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में युवाओं की खेल प्रतिभा को पहचानने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से च्बस्तर ओलंपिक 2025ज का आयोजन किया जा रहा है। जिसका नारायणपुर के सुदूर वनांचल ग्राम कच्चापाल में शुभारंभ आज उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा किया गया।



इस अवसर पर ईरकभट्टी और कच्चापाल की ग्रामीण महिलाओं के मध्य रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें ईरकभट्टी के महिलाओं ने बाजी मारी। उपमुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर सभी का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने खिलाड़ियों में उत्साह को देखते हुए सभी को बस्तर ओलंपिक 2025 की टीशर्ट का वितरण किया। यह प्रतियोगिता विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर तीन चरणों में आयोजित होगी। बस्तर ओलंपिक 2025 में बस्तर संभाग में 03 लाख 80 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग ले रहे हैं, जिसमें नारायणपुर में 47 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं।

इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेल नहीं है यह बस्तर की समरसता, बंधुत्व, विश्वास और एकता का प्रतीक भी है। यह ओलंपिक बस्तर के युवाओं को अपनी नैसर्गिक प्रतिभा के प्रदर्शन का एक मंच प्रदान करने के साथ उनमें आत्मविश्वास जगाने और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक माध्यम भी है। हमें पूरा भरोसा है कि इस ओलंपिक के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी प्रदेश को मिलेंगे जो प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बस्तर का नाम ऊंचा करेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नारायण मरकाम, उपाध्यक्ष श्री प्रताप सिंह मंडावी, एडीजी श्री विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, एसपी श्री रॉबिंसन गुड़िया, एसडीएम ओरछा डॉ. सुमित गर्ग, जनपद उपाध्यक्ष ओरछा श्री मंगडूराम नूरेटी सरपंच कच्चापाल श्रीमती रजमा नूरेटी, जनपद सदस्य जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि बस्तर ओलंपिक का आयोजन 25 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक विकासखंड स्तर, जिला स्तर एवं संभाग पर किया जाएगा। जिसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, हॉकी और वेटलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जहां जूनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष) और सीनियर वर्ग (17 वर्ष से अधिक) के साथ दिव्यांग खिलाड़ी और आत्मसमर्पित नक्सली भी सीधे संभाग स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।

# छग हाईकोर्ट में 29 से लागू होगा नया रोस्टर

## चार डिवीजन और 16 सिंगल बेंच में होगी सुनवाई

**रायपुर,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर हाईकोर्ट में 29 अक्टूबर से नया रोस्टर लागू किया जा रहा है। इस नए रोस्टर के तहत अब चार डिवीजन बेंच और 16 सिंगल बेंच में मामलों की सुनवाई होगी। नया रोस्टर मुख्य न्यायाधीश की स्वीकृति से जारी किया गया है और यह 29 अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा।



रोस्टर के अनुसार, पहली डिवीजन बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस बिभुदत्त गुरु डिवीजन बेंच के सभी मैटर्स (संविधान की धारा 323 ए व 323 बी को छोड़कर) जनहित याचिकाएं, बंदी प्रत्यक्षीकरण के मामले, रिट पिटीशन क्रिमिनल मामले, अवमानना याचिका, क्रिमिनल अपील 2020 तक और धारा 482 के तहत दिए गए आवेदन पर सुनवाई करेंगे।

जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच उन मामलों को सुनेगी जिन्हें किसी अन्य डीबी में नहीं भेजा गया है। वैवाहिक मामलों में प्रथम अपील भी सुनी जाएंगी। तीसरी डीबी में जस्टिस संजय श्याम अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल कमर्शियल अपील, 2016 तक की इच्टिल (सजा के खिलाफ) अपील और एप्लीकेशन फॉर लीव टू अपील सेक्शन 378 सीआरपीसी पर सुनवाई करेंगे।

जस्टिस रजनी दुबे, जस्टिस एके प्रसाद की चौथी डीबी सभी सिविल मामले जो किसी अन्य डीबी में न भेजे गए हों, उन पर सुनवाई करेगी। इसके साथ कंपनी अपील, टैक्स मामले, वर्ष 2015 तक की इच्टिल अपील और अन्य सभी रिट मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके साथ ही 16 एकल पीठों में सुनवाई निर्धारित की गई हैं, उनमें चीफ जस्टिस की स्पेशल सिंगल बेंच समेत अन्य जजों की सिंगल बेंच भी शामिल हैं।

# बागबाहरा के नेशनल धावक दौलत राम दीवान ने गुजरात में जीते पांच स्वर्ण पदक

**बागबाहरा,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु)। वेटनर फेडरेशन ऑफ इंडिया के 4वॉ राष्ट्रीय वेटनर एथलेटिक्स प्रतियोगिता सूरत गुजरात मे वीर नर्मद दक्षिण गुजरात यूनिवर्सिटी स्टेडियम में 10 से 12अकटूबर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें भारत के16 राज्यो के लगभग 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया ।जिसमें राज्य वेटनर एथलेटिक्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष नबी मोहम्मद के नेतृत्व में 18 खिलाड़ियों ने सूरत में भाग लिया । वहीं बागबाहरा नगर से शिक्षक दौलत राम दीवान ने 10 किमी,5 किमी,1500मी, 800मी, 4*400रिले में स्वर्ण पदक प्राप्त कर छ.ग.का नाम भारत मे परचम लहराया है। इस सफलता के श्रेय मेरे परिवार के साथ वैष्णव ,देवेंद्र, जनक का हाथ है ।इस सफलता के लिए बधाई संदेश शिक्षा विभाग के अधिकारी ,कर्मचारी, शिक्षकगण ,सामाजिकगण और इष्ट मित्रो ने बधाई संदेश दिये है।भविष्य में नये ऊर्जा के साथ मैदान में निरन्तर दौड़ लगाते रहूँगा। मेरे नौवजवान साथियों के लिए संदेश है कि निरन्तर अभ्यास से एक न एक दिन सफलता जरूर मिलती है ।कहते है कि स्वच्छ तन में स्वस्थ मन का वास होता है।




# माकरदोना में मड़ई देखने गए युवक की चाकू गोदकर निर्मम हत्या, पुलिस जांच में जुटी



**धमतरी,** 25 अक्टूबर (देशबन्धु) । मड़ई देखने गए युवक की अज्ञात लोगों ने चाकू से गोद-गोदकर निर्मम हत्या को अंजाम देने का मामला सामने आया है। यह मामला केरेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माकरदोना का है। युवक की हत्या का खुलासा अभी नहीं हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम झूरातराई थाना मगरलोड निवासी भानु प्रताप मांडवी 24 वर्ष पिता रामदयाल धमतरी के आटा चक्की में काम करता था। 23 अक्टूबर की सुबह वह घर वालों को कम पर जाने की बात कर निकाला था और वह माकरदोना पहुंच गया। 24 अक्टूबर को माकरदोना का मड़ई था। 25 अक्टूबर की सुबह-सुबह भानु प्रताप की खून से लथपथ लाश बस्ती के पास मिली। जिससे सनसनी फैल गई। सुबह 6 बजे परिजनों को सूचना दी गई। भाई राकेश मांडवी घटनास्थल पहुंचा। 7 बजे केरेगांव थाना को सूचना मिली। शव पंचनामा के बाद शिवा प्रधान ने जिला अस्पताल पहुंचाया। भाई राकेश मंडावी ने बताया कि शरीर में कई जगह चाकू से मारने का निशान था। वह रिश्तेदारी में चाचा पुनूराम मांडवी के घर माकरदोना आया हुआ था। इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।


**NECC**

| 26.10.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 577 | 90 | 180 |
| चिल्हर | 7.00 | 125 | 205 |
| डिलीवरी | 592 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in